जबलपुर, शुक्रवार
03 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 277
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'जीवन में सफल होना चाहते हैं, तो 'मेहनत' पर विश्वास रखें, किस्मत की 'आजमाइश' तो 'जुए' में होती है।'

2 स्वस्थ व्यक्ति, सुखद परिवार योग...
5 आम आदमी पार्टी द्वारा हाईकोर्ट में ...
7 ईरान युद्ध पुरा होने के करीब है: ट्रंप...
11 मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में करेंगे...

# महिला आरक्षण पर चर्चा करेगी सरकार

## बुलाया विशेष संसद सत्र, विपक्ष ने बताया फायदा लेने की कोशिश

नई दिल्ली

विधानसभा चुनावों के बीच संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण पर चर्चा हो सकती है। सरकार विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में है। यह सत्र तीन दिनों का होगा। संसद में महिला आरक्षण विधेयक लागू करने के लिए लोकसभा में सीटें बढ़ाने के उद्देश्य से एक विधेयक लाने के संकेतों के बीच, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा को सूचित किया कि सदन की बैठक आज स्थगित होगी और जल्द ही बहुत महत्वपूर्ण विधेयक के लिए पुन: बैठक होगी। बताया जा रहा है कि महिला आरक्षण को लेकर 16, 17 और 18 अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र में चर्चा होगी। असल में, उच्च सदन में कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार की योजना के बारे में सवाल किया था। इसके जवाब में रिजिजू ने कहा कि राज्यसभा में आज आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक और जन विश्वास (धारा संशोधन) विधेयक को पारित करने के लिया जाएगा। संसद के बजट सत्र के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, बजट सत्र के दूसरे चरण का आज अंतिम दिन है। सरकार महिलाओं के आरक्षण कानून को लागू करने के लिए और लोकसभा की सीटों को 546 से बढ़ाकर 861 करने के उद्देश्य से जनगणना से संबद्ध परिसीमन को अलग करने के लिए दो विधेयक लाने की खातिर विपक्ष के साथ बातचीत कर रही है। - कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाएगी और विपक्ष की मांग है



कि यह बैठक 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव समाप्त होने के बाद बुलाई जाए। इस पर रिजिजू ने कहा कि सरकार देश की महिलाओं के साथ किए गए वादे को पूरा करने के लिए बाध्य है। उच्च सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं के लिए आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन प्रस्तावित विधेयक महत्वपूर्ण हैं और इनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव के समय विधेयक लाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। रिजिजू ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। राजद के मनोज कुमार झा ने कहा कि उनकी पार्टी की कोटे के अंदर कोटे की मांग बरकरार है।

### आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2026 राज्य सभा में पारित

राज्य सभा ने अमरावती को आंध्र प्रदेश राज्य की राजधानी शहर के रूप में मान्यता के स्पष्ट प्रावधान वाले आंध्र प्रदेश पुनर्गठन (संशोधन) अधिनियम 2026 को आज संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से मंजूरी दी। इसके साथ ही इस विधेयक पर संसद के दोनों सदनों की मुहर लग गयी है। लोकसभा ने इसे बुधवार को ही पारित कर दिया था। राज्य सभा में इस विधेयक को गृह मंत्री अमित शाह की ओर से गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने चर्चा और पारित कराने के लिए प्रस्तुत किया और चर्चा में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने भी भाग लिया।

### ईरान युद्ध के मद्देनजर पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट का निर्णय

**नई दिल्ली।** (वार्ता) सरकार ने ईरान की लड़ाई और उसके परिणामस्वरूप वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए 30 जून, 2026 तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनको कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों पर लागत के दबाव को कम करने और देश में आपूर्ति स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए यह उपाय एक अस्थायी और लक्षित राहत के रूप में लागू किया जा रहा है ।

### लोकमाता देवी अहिल्या बाई पर बनी फिल्म को दिल्ली फिल्म फेस्टिवल में मिला सम्मान

भोपाल । देश की राजधानी दिल्ली में मध्यप्रदेश संस्कृति और पर्यटन विभाग द्वारा देवी अहिल्या बाई की 300 वीं जयंती के अवसर पर निर्मित फिल्म लोकमाता देवी अहिल्या बाई को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली - 2026 के दौरान सिनेमा के माध्यम से इतिहास संरक्षण में योगदान से सम्मानित किया गया। दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह संधू, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा नाइट ऑफ ऑनर्स समारोह में फिल्म की निर्देशक डिंपल दुगर को सम्मानित किया।

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने के लिए 40 देशों की बैठक

## ब्रिटेन ने भारत को बुलाया, ईरान से भी बातचीत

नई दिल्ली

भारत ने इस बात की पुष्टि की है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने के लिए बातचीत की खातिर उसे भी आमंत्रित किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि ब्रिटेन की तरफ से कई देशों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर बातचीत के लिए बुलाया गया है, जिसमें भारत भी शामिल है। भारत की तरफ से विदेश सचिव गुरुवार शाम इस बैठक में शामिल हुए।




### भारत ईरान और वहां के दूसरे देशों के संपर्क में

रणधीर जायसवाल ने कहा, हम ईरान और वहां के दूसरे देशों के संपर्क में हैं, ताकि यह देख सकें कि हम अपने जहाजों के लिए बिना किसी रुकावट के और सुरक्षित आवाजाही कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं। इन जहाजों में एलपीजी-एलएनजी और अन्य सामान ले जाया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में हुई बातचीत के जरिए, हमारे छह भारतीय जहाज स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार करने में कामयाब रहे हैं, और हम संबंधित पक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं।

### भारत खुले कमर्शियल शिपिंग समुद्री सुरक्षा के पक्ष में

बहरीन प्रस्ताव पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, यह खास प्रस्ताव यूएन सुरक्षा परिषद में विचाराधीन है। हमें यह भी पता है कि संबंधित पक्ष यानी सुरक्षा परिषद के सदस्य - अभी इस खास मसौदे पर बातचीत कर रहे हैं। जहां तक भारत की बात है, हम अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार स्वतंत्र और खुले कमर्शियल शिपिंग और समुद्री सुरक्षा के पक्ष में हैं। हम प्राथमिकता के तौर पर होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और स्वतंत्र आवागमन सुनिश्चित करने की लगातार अपील करते रहे हैं।

### होर्मुज स्ट्रेट को खोलने के प्रयास में ब्रिटेन जुटा

बता दें कि होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने की राह निकालने और इसे दुनिया के लिए सुरक्षित बनाने की मुहिम के तहत ब्रिटिश विदेश मंत्री यवेट कूपर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 40 देश शामिल हुए जिनमें भारत भी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में बताया कि ब्रिटेन की ओर से भारत को भी एक खत मिला है और इसमें हमारी नुमाइंदगी भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री कर रहे हैं।

### होर्मुज स्ट्रेट में फंसे हैं 2,000 जहाज

यवेट कूपर के अनुसार, इस रणनीतिक समुद्री मार्ग में अब तक 25 से अधिक जहाजों पर हमले हो चुके हैं। करीब 2,000 जहाजों पर सवार लगभग 20,000 नाविक फंसे हुए हैं, जिससे वैश्विक सप्लाई चेन और ऊर्जा बाजार पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। ुवैत, बहरीन, कतर, यूएई, सऊदी, ओमान और इराक के व्यापार मार्गों पर ही नहीं एशिया के लिए स्न्नत, अफ्रीका के लिए खाद और पूरी दुनिया के लिए जेट फ्यूल की आपूर्ति पर असर पड़ा है।

### होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने के रास्ते की तलाश

बुधवार को होर्मुज पर अहम बैठक की घोषणा ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने की थी। उन्होंने कहा था कि जल्द ही ये बैठक होगी। गुरुवार को ऑनलाइन मोड में इसका आयोजन किया गया। इस बैठक का मकसद होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने के रास्ते तलाशना है। बैठक के दौरान कूपर ने होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान की कड़ी आलोचना करते हुए इसे वैश्विक आर्थिक सुरक्षा पर सीधा हमला बताया। अहम बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि ईरान की लापरवाही ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को गंभीर खतरे में डाल दिया है। उन्होंने दावा किया कि ब्रिटेन इस संकट को कूटनीतिक तरीके से सुलझाने की कोशिश में आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन का लक्ष्य होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री रास्तों को फिर से सुरक्षित और चालू करना है, जिसे ईरान ने अमेरिका-इजरायल अभियान के जवाब में निशाना बनाया है।

# सैनिकों को मिले सम्मान जिसके हैं वे हकदार : राहुल

**नयी दिल्ली (वार्ता)** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है। श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिए जिसके वे हकदार हैं। कांग्रेस नेता ने पूर्व सैनिकों से हुई एक मुलाकात का हवाला देते हुए कहा जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई। उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया। श्री गांधी ने आगे कहा 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं। मैंने जब यह मुद्दा संसद में उठाया, तो मोदी सरकार ने मेरे सवालों को टालने की कोशिश की। सरकार के पास न बकाया रकम के बारे में कोई जानकारी है, न ही उसने देरी के कारणों पर कोई स्पष्ट जानकारी दी-बस इतना स्वीकार किया कि देरी होती है। कैग ने हाल ही में कहा है कि ईसीएचएस को पर्याप्त धनराशि नहीं मिल रही है - लेकिन सरकार ने यह जवाब देने से मना कर दिया कि हमारे पूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक धनराशि क्यों नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विकलांग पूर्व सैनिकों के लिए टैक्स छूट से जुड़े मेरे सवाल को भी नज़रअंदाज़ कर दिया-इसी बीच वित्त विधेयक में यह प्रस्ताव रखा गया है कि यदि कोई सैनिक सेवा में बना रहता है, तो उसकी विकलांगता पेंशन पर टैक्स लगाया जाएगा। यह कदम उन सैनिकों को सजा देने जैसा है जो देश की सेवा जारी रखते हैं। हमारी बहादुर सेना देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। सरकार कम से कम उन्हें वह सम्मान और समर्थन तो दे, जिसके वे असली हकदार हैं।



# मालदा घटना सुनियोजित और प्रेरित

**नई दिल्ली (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल को सबसे अधिक ध्रुवीकृत राज्य करार देते हुए गुरुवार को निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में लगे न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बलों को तैनात करे। न्यायालय का यह आदेश बुधवार शाम मालदा जिले में तीन महिला जजों सहित सात न्यायिक अधिकारियों को भीड़ द्वारा घंटों बंधक बनाए जाने की घटना के बाद आया है। उच्चतम न्यायालय ने स्थिति पर तत्काल प्रतिक्रिया न देने और न्यायिक अधिकारियों को बचाने में विफल रहने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार और जिला प्रशासन (जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक) को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने मालदा की इस घटना को सुनियोजित और प्रेरित बताया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा कि यह न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने का दुस्साहसिक प्रयास था, बल्कि उच्चतम न्यायालय के अधिकार को भी सीधी चुनौती थी। न्यायालय ने पाया कि बीडीओ कार्यालय का घेराव दोपहर 3:30 बजे शुरू हुआ और आधी रात तक चलता रहा।

### जजों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल तैनात किये जाएं : सुप्रीम कोर्ट



# टैंकरों को होर्मुज से नौसेना सुरक्षित तरीके से ला रही : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ईंधन की कमी को लेकर जताई जा रही चिंता को खारिज करते हुए उन्होंने गुरुवार कहा कि पेट्रोल या डीजल की कोई कमी नहीं है। कुछ लोग झूठ फैलाकर भ्रम पैदा कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। केरल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना हमारे टैंकरों को होर्मुज से सुरक्षित रूप से ला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वहां मौजूद भारतीयों के हितों की रक्षा कर रहे हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति सामान्य नहीं है। केरल से बड़ी संख्या में लोग वहां रहते हैं, लेकिन सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है। हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



### ईडी ने अरविंद जोशी और अन्य के खिलाफ अतिरिक्त आरोपपत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अरविंद जोशी, उनकी पत्नी टीनू जोशी और अन्य से जुड़े मामले में धन-शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अतिरिक्त आरोपपत्र दाखिल किया है। ईडी के भोपाल कार्यालय ने यह जानकारी दी। ईडी ने यह जांच विशेष पुलिस स्थापना, लोकायुक्त, भोपाल द्वारा दर्ज एक मामले के आधार पर शुरू की थी। यह मामला दिवंगत अरविंद जोशी और टीनू जोशी (दोनों मध्य प्रदेश कैडर के पूर्व आईएएस अधिकारी) के खिलाफ 41.87 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति रखने के आरोप में दर्ज किया गया था। यह संपत्ति उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक थी। अनेकानेक आरोप, शिकायतें और सबूत थे जिनसे संकेत मिलता था कि अरविंद जोशी और उनकी पत्नी टीनू जोशी ने अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया और

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया श्री हनुमान लोक के पहले चरण का लोकार्पण

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार तीर्थ, परंपराओं, लोक कलाओं और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हुए सतत् कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सांस्कृतिक चेतना का जो नव जागरण हुआ है, मध्यप्रदेश उसका साक्षी बन रहा है। मध्यप्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार सुशासन, जनकल्याण और समन्वय के माध्यम से प्रदेश में रामराज के सपने को साकार करने की दिशा में प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रभु श्रीराम के प्राकट्य पर्व की मंगल बेला में पांढुर्णा के जामसांवली में रघुकुलनंदन के प्रिय भक्त के दिव्यधाम श्री हनुमान लोक के पहले चरण का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विश्वास है कि अतुलित बल के स्वामी, परम ज्ञानी, दयालु, श्रीराम के प्रिय भक्त, पवन पुत्र हनुमान जी, लोक मंगल-कर्मठता-विनम्रता-सेवा भाव और समर्पण के प्रतीक हैं।



# गरीब अफ्रीकी देशों के लिए माई-बाप बना भारत...

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच भारत कुछ गरीब अफ्रीकी देशों के लिए माई-बाप बन गया है। बीते 28 फरवरी से शुरू हुए अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के दौरान भारत ने अफ्रीका के कई देशों को भर-भरकर चावल दिया है। साथ ही इमरजेंसी मेडिकल किट के साथ-साथ दवाएं भी दी हैं। इन देशों में अफ्रीकी देश बुर्किना फासो, सियरालियोन, मलावी, तंजानिया के साथ-साथ एशियाई देश अफगानिस्तान भी शामिल हैं। जब से खाड़ी में युद्ध शुरू हुआ है, तभी से भारत को तेल और गैस की सप्लाई में बाधा आ रही है, मगर भारत ने अमेरिका और ईरान समेत खाड़ी के ज्यादातर देशों से बात करके इस संकट से निकलने के लिए कूटनीतिक प्रयास शुरू कर दिए थे। इस दौरान भारत ग्लोबल साउथ के देशों की मदद देने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। भारत की इस दरियादिली की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है।

### बुर्किना फासो: 1,000 मीट्रिक टन चावल

भारत ने अफ्रीका के बेहद गरीब देश बुर्किना फासो को मानवीय मदद के तौर पर 1,000 मीट्रिक टन चावल भेजा है। इसका मकसद गृहयुद्ध से जूझ रहे बुर्किना फासो में विस्थापित और बेघर हो चुके समुदायों को खाद्य सुरक्षा दिया जाना है। भारत ग्लोबल साउथ के देशों के लिए एक भरोसेमंद विकास संबंधी और पार्टनर है। भारत की अफ्रीकी देशों को मानवीय मदद की चारों ओर सराहना हो रही है। सोशल मीडिया पर भी लोग विदेश मंत्रालय को टैग करके भारत की तारीफ कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बीते 24 मार्च को ट्वीट किया था कि ग्लोबल साउथ पार्टनरशिप एक्शन में है। भारत ने सियरा लियोन के स्कूलों के मिडडे मील स्कीम की मदद के लिए 1,000 मीट्रिक टन चावल भेजा है। सतत विकास के लक्ष्यों को पूरा करने और ग्लोबल साउथ में सहयोग बढ़ाने के लिए भारत प्रतिबद्ध है।

### ऐसी दरियादिली की जमकर हो रही तारीफ



### मोजांबिक: 500 मीट्रिक टन चावल और 89 टन दवाएं

भारतीय विदेश मंत्रालय ने 10 मार्च को किए एक पोस्ट में बताया था कि मोजांबिक में आई बाढ़ ने इसके केंद्रीय और दक्षिणी प्रांतों पर असर डाला है। भारत ने मोजांबिक के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मानवीय मदद और आपदा राहत (ग्रष्टक्र) पहुंचाया है। भारत ने मोजांबिक को 500 मीट्रिक टन चावल, 10 मीट्रिक टन टेंट-हाईजीन किट्स और 3 टन क्रिटिकल मेडिसिन भेजा है। ये सभी चीजें नौसेना का एक जहाज लेकर पहुंचा है। इसके अलावा, 86 मीट्रिक टन जीवनरक्षक दवाएं पहले ही भेजा जा चुका था। भारत ने यह मदद भेजकर एक बार फिर जता दिया है कि वह ऐसे संकट के समय सबसे पहले मदद करेगा।

# स्वस्थ व्यक्ति, सुखद परिवार योग से आ रही है नई चेतना

शहडोल (स्वतंत्रमत)



परिवर्तन केवल बातों से नहीं, सार्थक प्रयासों से आता है। आज के भागदौड़ भरे जीवन में जहाँ तनाव, अनिद्रा और आपसी मनमुटाव एक आम समस्या बन चुके हैं, वहीं हमारे नगर में एक नई किरण दिखाई दे रही है। यह किरण हैकृ सम्पूर्ण स्वास्थ्य की। वास्तविक परिवर्तन तब दिखता है जब समाज की धुरी कही जाने वाली कामकाजी माताएं, बहनें और हमारे आदरणीय वृद्धजन अपनी मुस्कुराहट वापस पा लेते हैं। योग सिर्फ कसरत नहीं, जीवन जीने की कला योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला शिवजी योग थैरेपी एंड वैलनेस सेंटर के माध्यम से आज नगर के सैकड़ों लोग अपने पंचमुखी विकास शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक पर काम कर रहे हैं।

केंद्र से जुड़े साधकों का अनुभव बताता है कि योग केवल शरीर को लचीला बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अंतर्मन की सफाई का भी मार्ग है। बदलते अनुभव, संवरते परिवार केंद्र से जुड़ी माताओं और बुजुर्गों का कहना है कि योग अपनाने के बाद उनके जीवन में अद्भुत बदलाव आए हैं। पारिवारिक समरसता मानसिक शांति मिलने से घर में अनावश्यक तनाव और झगड़े खत्म हुए हैं, जिससे घर का वातावरण अनुकूल और प्रेमपूर्ण हो गया है। स्वास्थ्य लाभ गहरी नींद आना, ब्लड प्रेशर और तनाव में कमी आना अब उनके जीवन का हिस्सा बन चुका है। जीवन का मूल्यरू लोग अब अस्तित्व के वास्तविक अर्थ को समझ पा रहे हैं, जिससे उनमें सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना जागृत हुई है। समाज में वास्तविक परिवर्तन तभी संभव है जब हम स्वयं के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लें। यदि घर की महिला और बुजुर्ग स्वस्थ और प्रसन्न हैं, तो पूरा परिवार प्रगति करता है। आइए, इस स्वास्थ्य क्रांति का हिस्सा बनें और एक जागरूक, तनावमुक्त और ऊर्जावान शहडोल के निर्माण में अपना योगदान दें। योग कर्मसु कौशल अर्थात कर्मों में कुशलता ही योग है। आइए, योग को अपनाएं और जीवन को सार्थक बनाएं।

## इनका कहना है



मैं फ़रवरी से मैंने शिवजी योग थेरेपी एंड वैलनेस सेंटर में योग करना शुरू किया। मेरा 4 किलो वज़न कम हुआ है, और पहले जो गुस्सा आता था, उसमें भी बहुत आराम है। योग करने से, घर का वातावरण भी पहले से ज़्यादा अनुकूल हो गया है।

**बिमला यादव, गृहणी**



पिछले करीब 15 सालों से मैं 8.30 बजे के पहले नहीं उठ पाती थी लेकिन जब से मैं योग क्लास में आने लगी हूँ जल्दी उठने लगी हूं। अब तो ऐसा लगता है कि आपकी क्लास कभी छूटनी नहीं चाहिए। मुझे बहुत अच्छा लगता है, शरीर बहुत हल्का महसूस होता है। मेरे घुटनों में दर्द था, उसमें आराम है। मैं योग जीवन भर जारी रखने की कोशिश करूँगी।

**पूजा कैंथ, इंटीरियर डिजाइनर**



योग मैं पहले भी करती थी, लेकिन यहाँ आकर लोगों के साथ सही प्रकार से योग करने में खुशी और आनंद का एक अलग लेवल मिलता है; उसमें मज़ा ही अलग आता है, थैंक यू सर।

**खुशी गुप्ता, आईटी प्रोफेशनल।**

## धूमधाम से मनाई गई श्री हनुमान जयंती, शहर में जगह-जगह किया गया भंडारों का आयोजन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** शहर में श्री हनुमान जी की जयंती इस वर्ष बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह से ही बुढ़ी माता, सिंहपुर मंदिर, कल्याणपुर मंदिर, घरौला मंदिर, दुर्गा मंदिर, रामजानकी मंदिर सिंहपुर रोड, मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां लोगों ने हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु पूरे दिन जय श्री राम और हनुमान जी के जयकारे लगाते नजर आए। इस दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों द्वारा प्रसाद के रूप में पूड़ी-सब्जी, खीर, हलवा और अन्य व्यंजन वितरित किए गए। बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारों में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और सेवा कार्य में सहयोग दिया। युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई स्थानों पर झांकियां भी निकाली गईं।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

## शराब पीकर वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही कर लाइसेंस करें निरस्त - कलेक्टर

शहडोल (स्वतंत्रमत)




कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियो को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु जिले के प्रमुख सड़क मार्गों जहां वाहनों का आवागमन अधिक होता है। इनमें देवलौंद से शहडोल मार्ग, शहडोल से बुढ़ार मार्ग एवं शहडोल, डिंडौरी मार्ग में जिन स्थानों पर सड़कों में निराश्रित पशु बैठते हैं उन स्थानों को चिन्हित कर संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा वैकल्पिक गौशालाओं का संचालन किया जाए। ऐसे स्थल जहां पर पूर्व से ही गौशालाएं 20 किलोमीटर परिधि के भीतर संचालित हैं वहां निराश्रित पशुओं को ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों द्वारा गौशालाओं में पहुंचाया जाए। इन कार्यों में समाज सेवी संस्थाओं एवं एनजीओ की भी मदद ली जाए। व्यस्त मार्गों में दुर्घटना संभावित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। तथा सड़क के किनारों में सोल्डर बनाने के साथ ही संकेतक भी लगाए जाएं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिए कि वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमो का उल्लंघन करने एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए परिवहन विभाग द्वारा लाइसेंस निरस्त करने की भी कार्यवाही की जाएं। उन्होंने कहा कि उच्च यातायात घनत्व वाले क्षेत्रो एवं हाई रिस्क जोन वाले शहरी क्षेत्रो में या स्टेट हाइवे में क्रासिंग में आने वाले कस्बो में दुर्घटनाओ से बचाव हेतु स्पेशल स्ट्रीप बनाया जाए। उन्होंने जिले के दुर्घटना संभावित स्थानो में संकेतक बोर्ड, ब्रेकर लगाएं जाएं। कलेक्टर ने कहा कि व्हाईट एलईडी डैजिंग लाईट का विक्रय एवं उपयोग करने वाले वाहन चालको एवं विक्रेताओ के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि यातायात नियमो का कड़ाई से पालन कराया जाएं एवं उल्लघनकर्ताओ के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने हेतु जिले में यातायात जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जाए। साथ ही राहगीर योजना की विस्तृत जानकारी से भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु अन्य बिंदुओ पर भी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, जिला परिवहन अधिकारी अनपा खान, डीपीसी अमरनाथ, यातायात प्रभारी संजय जायसवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहें।

# बुढ़ार रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का अभाव कोच पोजीशन डिस्प्ले न होने से बढ़ी परेशानी

शहडोल (स्वतंत्रमत)




जिले के बुढार रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं की कमी से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नियमित यात्रियों ने बताया कि स्टेशन पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे यात्रा करना असुविधाजनक हो गया है। सबसे बड़ी समस्या ट्रेनों के कोच (डिब्बों) की स्थिति को लेकर सामने आ रही है। स्टेशन पर कोच पोजीशन डिस्प्ले बोर्ड की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे यात्रियों को यह पता नहीं चल पाता कि उनका डिब्बा प्लेटफॉर्म पर किस स्थान पर आएगा। इसके चलते यात्रियों को ट्रेन आने के समय इधर-उधर भागना पड़ता है। इस समस्या का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों पर पड़ रहा है, जिन्हें समय पर सही डिब्बे तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। यात्रियों का कहना है कि यदि कोच पोजीशन डिस्प्ले बोर्ड और स्पष्ट सूचना प्रणाली उपलब्ध कराई जाए, तो उनकी परेशानियां काफी हद तक कम हो सकती हैं। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि बुढार रेलवे स्टेशन पर शीघ्र कोच पोजीशन डिस्प्ले बोर्ड की व्यवस्था की जाए, साथ ही यात्रियों के लिए बेहतर सूचना प्रणाली और अन्य आवश्यक सुविधाओं में भी सुधार किया जाए, ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित बन सके।

# मॉडल स्कूल भठिया में मनाया गया प्रवेश उत्सव

रसमोहनी (स्वतंत्रमत)



मध्य प्रदेश सरकार के मंशानुसार शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भठिया में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम बड़ा ही हर्षोल्लाश से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सचिन सेठिया मंडल अध्यक्ष भाजपा जैतपुर व विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक गण के उपस्थिति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य सिद्दीकी रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में बच्चों को तिलक बंधन चंदन करके प्रवेश स्कूल में दिलाया गया एवं मां भगवती वीणा वादिनी सरस्वती मैया के प्रतिमा में पुष्प और द्वीप प्रज्वलन करके शुभारम्भ किया गया एवं समस्त स्टाफ व बच्चों के द्वारा किया गया नया सत्र के शुभारंभ में 1 अप्रैल को विधिवत रूप से स्कूल में प्रवेश कार्यक्रम में हम सभी साक्षी हुए तत्पश्चात कार्यक्रम में प्रवेश उत्सव के तहत नवीन क्लास में पदोन्नति बच्चों को पुस्तक वितरण करवाया गया एवं विशेष भोज्य व्यवस्था भी करवाया गया था जिसमें बच्चों को एवं आए हुए आगंतुकों को भोज विशेष करवाया गया।

# हनुमान जयंती पर ब्यौहारी में निकाली गई शोभा यात्रा

ब्यौहारी (स्वतंत्रमत)




एकल अभियान संस्था द्वारा संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर ब्यौहारी में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। शोभा यात्रा का शुभारंभ स्थानीय देवी मंदिर से किया गया, जो नगर के बनसुकली चरौहा एवं चुंगी नाका होते हुए राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए एवं जय श्री राम और जय हनुमान के उद्घोष लगाते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। राधा कृष्ण मंदिर पहुंचने के पश्चात सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही विधि-विधान और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री इंजी. पुष्पेंद्र पटेल जी, एकल अभियान संच के सचिव श्री कमल खटीक जी, अध्यक्ष श्री रामसुशील पटेल जी, श्री जयप्रकाश बैस संच संगठन मंत्री रामज्ञान पटेल जी, वंदना कुशवाहा जी, सीमा पटेल जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा एवं एकता का संदेश प्रसारित हुआ। आयोजन की सफलता में एकल अभियान संस्था के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

# ओटीपी आने के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर



कटनी (स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला के निर्देश अनुसार जिला महिला इकाई टीम पहुंची परसोत्तम गैस एजेंसी लोगों की केवाईसी होने के बाद ओटीपी आने के बाद भी सिलेंडर नहीं दिए जा रहे थे एजेंसी वालों का कहना है कि ओटीपी आएगी और तुरंत आपको सिलेंडर दिया जाएगा मगर एक हफ्ता 15 दिन हो गए ओटीपी के बाद भी नहीं दिया कोई भी कार्य व्यवस्थित ढंग से नहीं हो रहा था ट्रांसफर के लिए भी पूरे डाक्यूमेंट्स लेकर लोग घूम रहे थे तो सिलेंडर ट्रांसफर नहीं कर रहे थे काफी कंप्लेन आ रही थी तो जिला महिला इकाई टीम पहुंची पुरुषोत्तम गैस एजेंसी जिसमें जिला अध्यक्ष प्रीति सेन, प्रदेश सह सचिव कल्पना दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष शशि शुक्ला, संभागीय उपाध्यक्ष अलका वर्मा, जिला उपाध्यक्ष आशा सुहाने, उपाध्यक्ष अलका अग्रवाल, यूथ बीइंग अध्यक्ष अमन सुहाने, कटनी जिले की जितनी भी एजेंसी हैं अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन महिला इकाई की टीम सभी का निरीक्षण करेंगे उपभोक्ताओं की मदद करने के लिए।

# पालना झुलाओं एवं भक्तिमय आरती प्रतियोगिता का आयोजन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में पार्श्वनाथ दिग. जैन बड़े मंदिर जी में भारतीय जैन मिलन संस्था द्वारा पालना झुलाओं एवं भक्तिमय आरती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोपहर में फ्रूटी का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकुर जैन गिफ्ट, संचित जैन, स्वाती जैन, निशा जैन, मनीष जैन, अरविन्द्र जैन, प्रवीण जैन, बंटी जैन, सार्थक जैन, राहुल जैन का विशेष योगदान रहा।



## विद्युत समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढ़ाई गई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** राज्य सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय व अंतिम चरण को 15 मई तक बढ़ा दिया गया है। बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि यह सरचार्ज में छूट का अंतिम अवसर है, इसका लाभ जरूर लें। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

# एल्डरमैनों का हुआ सम्मान, नगर परिषद अध्यक्ष ने दी बधाई

## विधायक संजय सत्येंद्र पाठक के प्रयासों से नगर परिषद को मिला सशक्त नेतृत्व

कटनी (स्वतंत्रमत)

विजयराघवगढ़ मध्यप्रदेश शासन द्वारा विजयराघवगढ़ नगर परिषद अंतर्गत एल्डरमैनों की नियुक्ति किए जाने के बाद नगर परिषद परिसर में स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुवे ने नव नियुक्त एल्डरमैनों का फूलगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि यह नियुक्ति विधायक संजय सत्येंद्र पाठक की सक्रियता और तत्पर प्रयासों का परिणाम है जिसके चलते नगर परिषद को अनुभवी और समझदार एल्डरमैनों का सहयोग मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी एल्डरमैन जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान राकेश पांडे, महेंद्र ताम्रकार, भारत कोल एवं रोशनी सोनी को सम्मानित किया गया। सभी ने नगर के विकास एवं जनसेवा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद के जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे जिन्होंने नव नियुक्त एल्डरमैनों को शुभकामनाएं दीं।

## सड़क से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक हमारा संघर्ष लगातार जारी है- राकेश दुबे



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश में जहाँ एक ओर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ज्ञश्वज्ञ के विरोध और सेवावधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की मांग को लेकर सड़क पर संघर्ष करने की कार्ययोजना तैयार कर चुका है वही दूसरी ओर उक्त संयुक्त मोर्चा के अहम सदस्य संगठन शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे अपनी टीम के साथ सुप्रीम कोर्ट में डटे हुए हैं। प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के नेतृत्व में शासकीय शिक्षक संगठन के संभागीय अध्यक्ष नर्मदापुरम राजेश पांडे, जिलाध्यक्ष कटनी रजनीश तिवारी, जिलाध्यक्ष रीवा चंद्रोदय मिश्रा सहित अनेक साथियों ने सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एस के गंगेले सेवानिवृत्त न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय से मुलाकात कर इन मुद्दों के प्रत्येक बिंदुओं पर लंबी चर्चा की। चर्चा के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गंगेले ने बताया कि राजेश पांडे प्रकरण में ई फाईलिंग ष्ट..ह्रश्व 1385/2025 31 मार्च को की गई है, जिसके अगले सप्ताह तक रजिस्टर्ड होकर विधि अनुरूप कार्यवाही प्रारंभ होना सुनिश्चित होगा। संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के अनुसार सड़क से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक हमारा संघर्ष लगातार जारी है और शीघ्र ही इसके सुखद परिणाम प्राप्त होंगे।

# बचपन में सूरज को फल समझ उड़ चले आसमान ऐसी अलौकिक शक्ति लेकर जन्में श्री हनुमान

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भगवामय हुई संस्कारधानी, जगह-जगह हुआ भंडारों का आयोजन





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संस्कारधानी में चैत्र मास की पूर्णिमा पर श्रीराम भक्त पवनपुत्र भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर गुरुवार को संस्कारधानी पूरी तरह बजरंगी के भगवा रंग में रंगी नज़र आयी और भगवान् श्रीराम और हनुमान के भक्तिमय माहौल में डूब गई है। शहर के छोटे से लेकर बड़े हनुमान मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जगह-जगह पूजन, पाठ, सुंदरकांड, रामायण, हनुमान चालीसा, हवन, महाआरती और भंडारों का आयोजन किया गया। भक्तों ने अंजनीनंदन पुत्र महाबली हनुमान से बल, बुद्धि, विद्या और संकटों से मुक्ति की कामना की। इस कड़ी में भगवान श्री हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर शहर के ग्वारीघाट स्थित श्री राम लला मंदिर और सुपाताल के बजरंग मठ में विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। ग्वारीघाट मंदिर में 60 वर्ष पुरानी बाल हनुमान प्रतिमा के दर्शन विशेष रूप से खोले गए हैं, जबकि बजरंग मठ में अखंड भजन उत्सव जारी है। ग्वारीघाट के श्री राम लला मंदिर (अर्जी वाले हनुमान) में स्थापित बाल हनुमान की प्राचीन प्रतिमा का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। यह प्रतिमा मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी राम निरंजनाचार्य को उनके गुरु द्वारा प्रदान की गई थी, जिसका धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष माना जाता है। मंदिर के पुजारी पंडित इंद्रवान महाराज ने बताया कि लगभग 60 वर्ष पूर्व स्थापित इस प्रतिमा के दर्शन वर्ष में केवल एक बार हनुमत जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं के लिए खोले जाते हैं। पहले मंदिर समिति प्रतिमा का पूजन करती है, जिसके बाद भक्तों को प्रतिमा का स्पर्श कर दर्शन-पूजन करने का अवसर मिलता है। मान्यता है कि बाल हनुमान प्रतिमा के स्पर्श और श्रद्धापूर्वक प्रार्थना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### सूपाताल मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

इसी प्रकार सुपाताल स्थित बजरंग मठ अखंड रामायण मंदिर में श्री हनुमत भजन उत्सव श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजित किया जा रहा है। सुबह 6 बजे से भगवानजी महाराज के सान्निध्य में भजन-कीर्तन प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का आना-जाना लगातार बना हुआ है। हनुमान भक्तों द्वारा जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा है।

भजन मंडलियों द्वारा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जा रही है, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया है। दिनभर दर्शन, पूजन और भजन कार्यक्रम चलते रहेंगे तथा शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहेगी। इस विशेष अवसर पर प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है।

### नर्मदा किनारे गूंजे जाये हनुमान के नारे

खारीघाट हनुमानगढ़ी में सुबह से ही मंत्रोच्चार, चोलाबंधन, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और हवन हुआ। शाम को विशाल आरती के बाद प्रवचन और भजन संध्या का आयोजन हुआ ।साथ ही दिनभर भंडारा चलता रहा ।रामलला मंदिर में बाल हनुमान की प्रतिमा के दर्शन पाने लम्बी कतार नज़र आयी क्योंकि बाल हनुमान की प्रतिमा बस इस दिन ही विशेषरूप से गर्भगृह से बाहर निकालकर पूजन किया जाता है ।साथ ही यहां सवा लाख नारियलों के हवन, महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### रानीताल रहा भक्तो से आबाद

रानीताल टेलीग्राफ गेट नंबर चार पेट्रोल पंप स्थित हनुमान मंदिर में भक्ति का माहौल अलग ही स्तर का रहा जहां शाम सात बजे महाआरती और भजन संध्या हुई । वहीं सदर, विजय नगर, नेपियर टाउन, कछियाना, मेडिकल क्षेत्र और रानीताल चौक स्थित मंदिरों में भी दिनभर धार्मिक आयोजन जारी रहे। स्नेहनगर पंचमुखी हनुमान मंदिर में बुधवार को शुक्ला परिवार द्वारा रामायण पाठ और उसके बाद हवन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे गढा, यादव कॉलोनी और रानीताल से श्रद्धालुगण उपस्थित हुए।

## हनुमान चालीसा का गान करते हुए निकली पंचकोशी परिक्रमा

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को पंचकोशी निकाली जाती हे। ज्ञात हो सैकड़ो वर्षों से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा पर सुबह 501 वी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमानजी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति चल चित्र के साथ दुल दुल धोड़ी शेर भालु नृत्य करते डोल की धुन में नर्मदा भक्त हाथों में भगवा ध्वज लेते हुए संकीर्तन मंडलियों के साथ कई चरणों में हनुमान जी महाराज का गुणगान करते हुए निकली। परिक्रमा का नेतृत्व साध्वी शीला मुनि उदासीन संघ प्रचारक भूपेंद्र पाराशर ने किया दान सिंग मास्टर ने जादू दिखाकर मनोरंजन किया। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदासजी महाराज ने परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से



पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया। सह संकीर्तनचार्य सुरेश विश्वकर्मा ने हनुमान चालीसा की हर लाइन पर हवन कर प्रार्थना की ताकि शीघ्र लमेटाघाट सरस्वती घाट का पुल बन जाए। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया परिक्रमा बेनगंगा पुल से प्रारंभ होकर 64 योगिनी पंचवटी धुआंधार लमेटा घाट से नाव पार कर शनि मंदिर डुडुवाड़ा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल, संरक्षक सुषमाशंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, मीना पटेल आदि उपस्थित रहे।

## सिहोरा में निकाली गई विशाल रैली

सिहोरा। भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सिहोरा नगर एवं उपनगर खितौला के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में श्रद्धा और आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में निकाली गई विशाल एवं भव्य वाहन रैली में भक्ति और शक्ति का बेजोड़ संगम देखने को मिला।

हनुमान मंदिरो में शाम तक हवन,पूजन, कन्या भोजन तथा भंडारे का दौर चलता रहा। वहीं वाहन रैली पथ पर श्रद्धा का सैलाव उमड़ पड़ा तथा इसमें चल रहे हनुमान राम भक्तों पर महिलाओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रैली की खास बात यह रही की नगर के इस सबसे बडे धार्मिक आयोजन में सारा हिन्दू समाज एक जुट दिखा। जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन के बाद



बाबाशाला से अपने वाहनो में भगवा ध्वज लगाकर सैकड़ों युवाओं के दोपहिया, तिपहिया वाहनों के साथ विशाल वाहन रैली अंजनी के लाल की, जय श्रीराम, भारत माता की जय के गगन भेदी जयकारे लगाते हुये निकली रैली में हजारो युवा,बच्चे शामिल हुए।विभिन्न मार्गो से होकर निकली रैली में शामिल हनुमान भक्तो का चिलचिलाती धूप में भी उत्साह देखते ही बन रहा था।

## फर्जी देयकों के माध्यम से निजी फर्म को कर दिया भुगतान

### जिला कार्यक्रम प्रबंधक और फार्मासिस्ट पर कलेक्टर ने की कार्यवाही



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में फर्जी देयक लगाकर भुगतान किये जाने के प्रकरण में दोषी पाये जाने पर स्टोर कीपर का दायित्व संभाल रहे फार्मासिस्ट नीरज कौरव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा निलंबन काल में उनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुंडम नियत किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने इसी मामले में संविदा आधार पर नियुक्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक आदित्य तिवारी एवं फार्मासिस्ट जवाहर लोधी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से हटाकर जांच पूरी होने तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहोरा में पदस्थ किया है। संविदा आधार पर इन दोनों कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव डायरेक्टर एनएचएम को भेजा गया है। एक अन्य आदेश में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिला चिकित्सालय में पदस्थ नोडल एनसीडी डॉ. सारिका को वर्तमान कार्यों के साथ-साथ जांच पूरी होने तक अथवा वैकल्पिक व्यवस्था होने तक अस्थाई रूप से जिला कार्यक्रम प्रबंधक का दायित्व सौंपा है।

### ये है पूरा मामला

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में फर्जी देयकों के माध्यम से साईनेज निर्माण तथा स्वास्थ्य केन्द्र सामग्री के नाम से भोपाल की निजी कंपनी को बिना सामग्री प्राप्त हुये भुगतान किये जाने की शिकायतें प्राप्त होने पर डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी के नेतृत्व में जांच दल गठित किया था। जांच में पाया गया था 12 फर्जी देयकों के माध्यम से भोपाल की सिंह एंटरप्राइज़ेज को साइनेज एवं स्वास्थ्य केन्द्र सामग्री के नाम से 93 लाख 04 हजार 998 रूपये का भुगतान किया जा चुका है। जबकि, भौतिक रूप से यह सामग्री प्राप्त ही नहीं हुई थी। जांच रिपोर्ट को आगे की कार्यवाही के लिए डायरेक्टर एनएचएम भोपाल को प्रेषित कर दिया गया है।

## जबलपुर रेल मंडल में साधना सप्ताह की हुई शुरुआत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत साधना सप्ताह का आयोजन 2 से 8 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस दौरान सीबीटी सेंटर, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय तथा कटनी, दमोह, सागर, सतना, नरसिंहपुर, पिपरिया, ब्यौहारी सहित विभिन्न स्टेशनों, डिपो एवं कार्यालयों में कार्यशालाएं एवं सेमिनार आयोजित किये जायँगे । इन कार्यक्रमों के माध्यम से रेलवे कर्मचारियों ने पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल और कोर्सेज में सहभागिता करते हुए 04 घंटे का प्रशिक्षण दिया जायेगा। 'साधना सप्ताह' का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों में क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करना तथा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण के माध्यम से उनके व्यवहारिक ज्ञान एवं कार्यकुशलता में वृद्धि करना है। मंडल द्वारा इस पहल के माध्यम से कर्मचारियों को आधुनिक कार्य प्रणाली, डिजिटल लर्निंग एवं कुशल प्रशासनिक कार्यशैली के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाने में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि 60 वर्षीय मंजू लता नामदेव निवासी कटंगा कालोनी शिवाजी वार्ड , पनागर को सड़क दुर्घटना के बाद घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज लाया गया था। जिन्हे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू करदी है।

## लिंक क्लिक करते ही बुजुर्ग के खाते से निकले 3.48 लाख रूपए

### रांझी थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** डिजिटल युग में जालसाज बुजुर्गों को सब से ज्यादा निशाना बना रहे है। रांझी थाना क्षेत्र के नानक नगर में रहने वाले 61 वर्षीय रमेश सिंह एक डिजिटल साजिश का शिकार हुए। 11 मार्च की रात रमेश सिंह के व्हाट्सएप पर बैंक ऑफ इंडिया के लोगो वाली एक संदिग्ध पीडीएफ फाइल आई, जिसे न्यू वर्जन ऐप बताया गया था। अगले दिन सुबह जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल फोन पूरी तरह हैकर्स के नियंत्रण में चला गया। मोबाइल हैक होते ही रमेश सिंह के फोन पर ओटीपी के संदेशों की झड़ी लग गई और चंद मिनटों में ही उनके बैंक खातों में सेंध लग गई। शातिर अपराधियों ने अलग-अलग किश्तों में उनके बैंक ऑफ इंडिया के खातों से 25 हजार, 1 लाख, 49 हजार 500 और 49 हजार 600 रुपये पार कर दिए। जालसाजों का मन इतने से भी नहीं भरा, उन्होंने अन्य खातों से भी 88 हजार और 49 हजार 552 रुपये उड़ा लिए। इस तरह देखते ही देखते रमेश सिंह के साढ़े तीन लाख रुपए उड़ गए।पुलिस ने मामले की जांच शुरू करदी है।

## कागजों में मोक्ष और सड़कों पर सिसकती लावारिस जिंदगियां!

### मोक्ष संस्था का अनवरत संघर्ष, जहां थक जाता है सिस्टम, वहां से शुरू होती है इनकी सेवा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आधुनिक समाज और विकसित होते शहर के बीच एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि यहां लावारिस जिंदगियों के लिए संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। हालात यह हैं कि पुलिस प्रशासन हो या अस्पताल प्रबंधन, हर कोई अपनी जिम्मेदारी का पल्ला झाड़कर बेसहारा लोगों को वर्षों से पीड़ित मानवता की सेवा करने वाली संस्था मोक्ष के हवाले कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। सरकारी फाइलों में एक दस्तखत के साथ जिम्मेदारी पूरी हो जाती है, लेकिन पीछे छूट जाती हैं वे जिंदा लाशें जो अपनों, अधिकारों और एक गरिमामय जीवन से पूरी तरह वंचित हैं।







### सिस्टम की शिथिलता और बढ़ता बोझ

मोक्ष के संचालक आशीष ठाकुर बताते हैं कि शहर की सड़कों पर या अस्पतालों के वार्डों में दम तोड़ते इन लावारिसों का न कोई सानी है, न किसी को वास्ता। बरसों से यही ढर्रा चल रहा है। चाहे व्यक्ति जीवित हो या मृत, तंत्र उसे कागजी खानापूर्ति कर मोक्ष संस्था के द्वार पर छोड़ देता है। न कोई पहचान, न मदद का हाथ और न ही समाज में कोई हिस्सेदारी। हजारों जीवन आए और खामोशी से चले गए, लेकिन व्यवस्था के ठेकेदारों की नींद नहीं टूटी। ऐसा ही गुरुवार को भी विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती दो मरीजों को 45 वर्षीय बबलू और एक अन्य को अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपना पलड़ा झाड़ कर मोक्ष के आश्रय स्थल में छोड़ दिया गया। आशीष ठाकुर ने बताया कि दोनों निराश्रित मरीजों को मोक्ष आश्रय स्थल में रखा जाएगा। जहां उनके रहने से लेकर कपड़े, खाने-पीने आदि सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी।

### मोक्ष संस्था सेवा का अनूठा पर कठिन संकल्प

कोरोना से लेकर आज भी इस विषम परिस्थिति में मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति एक ढाल बनकर खड़ी है। जहां कानून और रसूखदार अपनी आंखें फेर लेते हैं, वहाँ संस्था के कुछ मुट्ठी भर लोग इन बेसहारा जिंदगियों की सेवा में जुटे हैं। आज के दौर में स्थिति ऐसी बन गई है कि निस्वार्थ सेवा करना भी एक अपराध जैसा प्रतीत होने लगा है, क्योंकि सिस्टम की ओर से सहयोग के बजाय केवल उपेक्षा ही मिलती है। फिर भी मोक्ष आमजन के लिए सदैव खड़ी है।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विकासखंड कुंडम के सांदीपनि विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ शाला प्रवेश उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नवागत विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला परिवार में आत्मीय स्वागत किया गया।



कार्यक्रम का गरिमामय शुभारंभमुख्य अतिथि पूर्व विधायक नंदिनी मरावी, विशिष्ट अतिथि प्रगति गणवीर अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, पूनम बरकडे विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सुरेंद्र कुमार जैन विकासखंड स्रोत समन्वयक द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ शिक्षा पर चर्चा की। मुख्य अतिथि श्रीमती मरावी ने बच्चों से सीधा संवाद करते हुए जीवन में शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहींए बल्कि संस्कारों का पुंज है जो भविष्य की नींव रखता है। अतिथियों द्वारा छात्र छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश भी वितरित किए गए। इस अवसर पर शिक्षक, विद्यार्थियो सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### शून्य विशिष्ट तेल खपत के साथ एमपीईआरसी के सभी मानकों से बेहतर प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धियां व परिचालन उत्कृष्टता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की वर्तमान में स्थापित उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट है। गत वित्तीय वर्ष अमरकंटक ताप विद्युत गृह ने शून्य विशिष्ट तेल खपत और ज़ीरो ट्रिपिंग का अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया, जो विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उच्च स्तरीय इंजीनियरिंग दक्षता, उन्नत अनुरक्षण प्रणाली व कुशल परिचालन प्रबंधन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। एमपीईआरसी के सभी मानकों से बेहतर प्रदर्शन-वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई द्वारा कुल 1733.55 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया, जो संयंत्र की निरंतर, विश्वसनीय व दक्ष संचालन क्षमता को दर्शाता है। इस अवधि में प्लांट उपलब्धता कारक 98.29 प्रतिशत व प्लांट लोड फैक्टर 94.24 प्रतिशत दर्ज किया, जो कि मप्र विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित 85 प्रतिशत के मानकों से उल्लेखनीय रूप से अधिक है। यह



प्रदर्शन चचाई विद्युत गृह की तकनीकी सुदृढ़ता, उच्च स्तर की योजना एवं परिचालन नियंत्रण प्रणाली की प्रभावशीलता को परिलक्षित करता है।

### चचाई ने दिखाया मास्टरक्लास प्रदर्शन

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के प्रदर्शन की एक प्रमुख विशेषता यह रही कि पावर हाउस में पूरे वित्तीय वर्ष की अवधि के दौरान एक बार भी ट्रिपिंग नहीं हुई। यह उपलब्धि विद्युत उत्पादन क्षेत्र में अत्यंत कठिन मानी जाती है तथा इसे एक मास्टरक्लास प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। इस स्तर की परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए पावर हाउस के अभियंताओं व तकनीकी कार्मिकों द्वारा मशीनरी के समयबद्ध अनुरक्षण, उन्नत निगरानी प्रणाली, सटीक लोड प्रबंधन व सुरक्षा प्रोटोकॉल का सुव्यवस्थित अनुपालन सुनिश्चित किया गया। कंपनी ने उपलब्धि पर जताया गर्व-मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन कंपनी को देश के ऊर्जा उत्पादन पटल पर और अधिक सशक्त पहचान प्रदान करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कंपनी के कार्मिक भविष्य में भी इस प्रकार के उच्च मानकों को बनाए रखेंगे। डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम ने पावर हाउस के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि शून्य तेल खपत एवं शून्य ट्रिपिंग जैसी उपलब्धियां अत्यंत कठिन होती हैं और यह प्रदर्शन विद्युत उत्पादन क्षेत्र के लिए एक आदर्श मानक के रूप में स्थापित होगा।

# क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



## गांव-गली चौराहों में गूंजे जय हनुमान के जयकारे

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** 02 अप्रैल गुरुवार को राम भक्त हनुमान जी की जयंती समूचे क्षेत्र में बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाई गई। क्षेत्र के तमाम प्राचीन और सिद्धपीठ हनुमान मंदिरों में धर्मप्रेमियों और हनुमान भक्तों ने ब्रहममुर्हुत में ही मंदिरों में पहुंचकर हनुमान जी को चोला अर्पित कर गुड़-चने का भोग चड़ाया और पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की मनोकामना की। यह सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। संकट से मुक्ति पाने के लिए हनुमान जी की विशेष पूजा की गई। भगवान श्रीराम के परम भक्त और संकटमोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र भर के मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थी। शक्ति, भक्ति, साहस और सेवाभाव के प्रतीक हनुमान जी की आराधना के लिए भक्तों ने व्रत, पूजन, हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से की गई पूजा से सभी संकट दूर होते हैं और जीवन में नई ऊर्जा और आत्मबल का संचार होता है। नगर से लेकर गांव के गली-चौराहों में आज जय हनुमान के जयकारे गूंज उठे। तिरोड़ी के सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर में विधि-विधान से विशेष पूजा अर्चना की गई। कटंगी शहर में शाम 06 बजे महावीर व्यायाम शाला के द्वारा डीजे के साथ भव्य रैली निकाली गई। भगवान श्रीराम लक्ष्मण और भगवान राम के बालरुप की जीवंत झांकी के साथ यात्रा ने पूरे शहर का भ्रमण किया। वही बड़ी संख्या में क्षेत्र के धर्मप्रेमियों ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के सिद्ध धार्मिक स्थल चांदपुर और छिंदवाड़ा जिले के जामसावंली चमत्कारिक हनुमान मंदिर में पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। नगर के अलग-अलग हनुमान मंदिरों में भक्तों ने आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय और शांतिमय जीवन के लिए प्रभु हनुमान से प्रार्थना की गई।

**इन मंदिरों में सुबह से लगी रही भक्तों की कतारें-** कटंगी शहर के छतेरा रोड़ स्थित शीतला माता मंदिर हनुमान मंदिर, गुजरी चौक के पास स्थित सिद्ध स्थल हनुमान बाड़ी, सिवनी रोड़ स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, थाना परिसर के हनुमान, सेलवा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, अर्जुननाला स्थित हनुमान मंदिर, गर्रा हनुमान मंदिर, कुड़वा जीरो स्थित हनुमान मंदिर, अंबामाई स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भक्तों ने पहुंचकर पुजा-अर्चना की। इन प्रसिद्ध मंदिरों के अलावा गांव-गांव में स्थित मंदिरों में पूजा-अर्चना का क्रम पूरा दिन चलते रहा। जिन प्रमुख मंदिरों का जिक्र किया गया है ऐसी मान्यता है कि यहां पर भक्तों की मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है।

# जिले भर मे मनाई गई हनुमान जंयती, हुए धार्मिक अनुष्ठान, निकाली गई बाइक रैली



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय उमरिया सहित मानपुर, करकेली, नौरोजाबाद, चंदिया में हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिला मुख्यालय उमरिया के जयस्तंभ चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, खलेसर स्थित हनुमान मंदिर, झिरिया मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर, वन विकास निगम स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरो में स्थापित हनुमान मंदिरो मे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। विदित हो कि मंदिरो में एक दिन पूर्व से ही धार्मिक अनुष्ठान के कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा कई जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रध्दालुओ ने बढ चढ हिस्सा लिया। धौड़ा कालोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वही गुरुवार 2 अप्रैल की सुबह बाइक रैली निकाली गई और जय श्री राम के उदघोष के साथ सैकड़ों रामभक्तों ने हिस्सा लिया। श्रीराम मंदिर प्रभात फेरी कमेटी पुराना पड़ाव जो उमरिया नगर में पिछले 5 वर्षों से प्रतिदिन सुबह 5 बजे से राम धुन में फेरी लगाती हैं और हनुमान घाट कमेटी के तत्वावधान में जिले में पहली बार बाइक रैली का आयोजन किया गया। वही फजीलगंज स्थित हनुमान घाट में लेटे हुए विशाल दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 3 दिन से लगातार रात दिन 24 घंटे रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा था जिसका समापन हनुमान जन्मोत्सव पर खत्म हुआ और भंडारे का आयोजन किया गया।

## सेवा भारती उमरिया द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर रक्त दान शिविर का आयोजन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** गुरुवार 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सेवा भारती उमरिया द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 31यूनिट रक्तदान किया गया। इस पुनीत कार्य में हनुमान टेक सेवा समिति नरोजाबाद का विशेष एवं सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान सेवा भारती के अध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सिकल सेल एनीमिया एवं टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी।

## पंचायत इंस्पेक्टर और सचिव को दी गई विदाई

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत कटंगी के सभा हाल में विदाई समारोह का आयोजन कर जनपद पंचायत में पदस्थ पंचायत इंस्पेक्टर भोलाराम सार्वे और जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीसापुर के पंचायत सचिव बिसराम चौधरी को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। 31 मार्च को पंचायत विभाग से जुड़े इन दो कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति हो गई। पंचायत सचिव बिसराम चौधरी ने जनपद क्षेत्र की अलग-अलग ग्राम पंचायतों ने अपनी सेवाएं दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जनपद के कर्मचारियों, पंचायत सचिव संगठन, ग्राम रोजगार सहायक संगठन और सरपंचों की मौजूदगी में सेवानिवृत्त हुए इन कर्मचारियों का सम्मान, फूल-माला और उपहार देकर सम्मानित किया गया।



# नक्सल प्रभावित ग्रामों के विकास को लेकर अधिकारियों की अहम बैठक



## बालाघाट में 100 गांवों के लिए तैयार हो रहा 300 करोड़ से अधिक का समग्र डेवलपमेंट प्लान

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** नक्सलवाद से मुक्त हो चुके बालाघाट जिले में अब विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। कभी नक्सल प्रभावित रहे गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस पहल शुरू कर दी है। इसी क्रम में कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में 02 अप्रैल को संबंधित विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकास कार्यों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बताया गया कि अति नक्सल प्रभावित रहे 100 ग्रामों को चिन्हित कर विभिन्न विभागों के माध्यम से समग्र विकास योजना तैयार की जा रही है, जिसमें 300 करोड से अधिक के कार्य प्रास्तावित किये जा रहे है। कलेक्टर श्री मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल वे ही कार्य इस डेवलपमेंट प्लान में शामिल किए जाएं, जो विभागीय योजनाओं के अंतर्गत संभव नहीं हैं, ताकि विशेष योजना के तहत इनका प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, बिजली, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, पेयजल, महिला एवं बाल विकास और खाद्यान्न वितरण से जुड़े व्यापक प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।

बैठक में बताया गया कि जल संसाधन विभाग द्वारा 16 ग्रामों में सिंचाई योजनाएं तैयार की गई हैं। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा स्टॉपडेम और चेकडेम जैसे लघु सिंचाई कार्य प्रस्तावित हैं। विद्युत विभाग ने सोलर सेंटर एवं ट्रांसफार्मर स्थापना के लिए लगभग 13.50 करोड़ रुपये के प्रस्ताव तैयार किए हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 37 ग्रामों में उचित मूल्य दुकान सह 50 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण की योजना है।

# प्रवेश उत्सव में बच्चें बने प्युन, 1 किमी दूर से बुलवाई चाय

## शासकिय माध्यमिक स्कूल किन्हीं का मामला

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** नई कक्षा में प्रवेश करने नया सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया मध्यप्रदेश शासन ने शुरू कर दी है और इसी के तहत में 1 अप्रैल को प्रदेश भर में प्रवेश उत्सव बच्चों के साथ बनाया गया, वहीं ऐसा विडियों सामने आया हैं जिसने शिक्षा विभाग को उत्सव के दिन शर्मीदा कर दिया है। खैरलांजी विकासखण्ड अंतर्गत एकीकृत शासकीय महाविद्यालय किन्ही की प्राधनपाठिका श्रीमती रशमी तुरकर ने बच्चों में उत्साह बड़ाने के बजाए उन्हें प्युन बना दिया और स्कूल से एक किमी दूर चाय लाने के लिए भेजवा दिए। सौभाग्य रहा कि कोई अनहोनी नहीं हुई, लेकिन इसके बाद अब शिक्षा विभाग पर कई सवाल खड़े कर दिए है। जानकारी अनुसार, एकीकृत शासकीय महाविद्यालय किन्ही में



प्रधानपाठिका, शिक्षक, शिक्षिकाए, गणमान्य नागरिकगण और विद्यालय में बच्चों का उत्सावर्धन बड़ाने के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। दोपहर में अतिथियों को चाय पिलाने के लिए प्राधनपाठिका श्रीमती रशमी तुरकर ने कक्षा सातवीं पास करके कक्षा आठवीं में प्रवेश किए हैं, उन तीन बच्चों को चाय के लिए विद्यालय से दूर खैरलांजी से तुमसर रोड़ हाईवे पर साईकिल से सवार होकर फार्म चौंक(अवंती बाई चौक) में मुंजारे जलपान सेंटर में पहुंचे और उन्होने एक केटली में चाय रखकर वापस विद्यालय के लिए निकल गए। वायरल विडियों में देखा जा रहा हैं कि एक साईकिल में सवार बच्चा के हाथ में चाय की केटली हैं, जो एक बच्चा साईकिल चला रहा हैं तो दूसरा बच्चा पिछे बैठ कर चाय की केटली पकड़ा हुआ हैं। वहीं दूसरा बालक दूसरी साईकिल चला रहा है।

### बच्चों ने कहा मैडम ने भेजी...

बच्चों की किसी ने विडियों बना लिए, बच्चों से पुछे जाने पर बोला जा रहा हैं कि हम साईकिल से स्कूल से चाय के लिए आए हैं, हमें मैड़म तुरकर ने भेजा है। इससे यह लापरवाही सामने आई हैं कि बच्चों को अभिभावक पड़ाई कराने के लिए विद्यालय भेजते हैं और शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई के बजाए चपराई बनाकर दुकान चाय के लिए भेजवाया जाता हैं।

### प्राधन पाठिका बोली हमने भेजा था...

प्राधनपाठिका श्रीमती रशमी तुरकर से फोन पर चर्चा के दौरान कहा कि प्रवेश उत्सव के पश्चात गांव के सरपंच और अन्य लोगों को चाय पिलाना था, तो हमारे पास कोई प्युन नहीं हैं, इसलिए हमने ही स्कूल के बच्चों को चाय के लिए दुकान भेजा था। हम क्या करते हमें तो चाय के लिए भेजना ही था। हमने पुछा की कोई अनहोनी होती तो कौन जिम्मेदार होतो तो जवाब दिया गया कि कैसा कुछ हो जाता, ऐसा कुछ नहीं हुआ हैं। हमारे पास प्युन नहीं है तो चाय पिलाना ही पड़ता है।

**इनका कहना हैं**

यह मामला आपने संज्ञान में लाया हैं, बीआरसी खैरलांजी को जानकारी से अवगत कराते हुए जांच कराई जाएगी जो भी जांच में पाया जायेगा, उसके पश्चात ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**अश्वनी उपाध्याय**
**जिला शिक्षा अधिकारी,बालाघाट**

## उमरिया पुलिस ने चोरी गई बोलेरो को रीवा से किया बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले की कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए महज कुछ ही दिनों में चोरी गई बोलेरो को बरामद कर लिया है। यह बोलेरो 31 मार्च को जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 21 से चोरी हुई थी, जिसकी शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में तकनीकी साक्ष्यों और इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस एवं मुखबिरो की मदद ली, जिससे वाहन की लोकेशन ट्रेस करते हुए टीम रीवा पहुंची। जांच के दौरान सामने आया कि रीवा निवासी जटाशंकर दुबे अपने साथी अजीत पटेल (निवासी ब्यौहारी) के साथ उमरिया आया था और चपहा निवासी महेश गुप्ता की बोलेरो (क्रमांक एमपी 54 सी0395) चोरी कर ली थी ।आरोपियों की चालाकी यहीं खत्म नहीं हुई। चोरी के बाद उन्होंने बोलेरो की पहचान छुपाने के लिए उसकी नंबर प्लेट बदल दी और उस पर रीवा आरटीओ का नंबर लगा दिया, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके। इसके बाद वे वाहन लेकर रीवा भाग गए ।उधर, उमरिया कोतवाली पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार जांच जारी रखी। ढावों और पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिससे आरोपियों के मूवमेंट का सुराग मिला।

# सीईओ जिला पंचायत ने 60 सरपंचों के विरुद्ध वसूली के आदेश किए पारित

## समयसीमा में गबन राशि जमा नहीं करने पर निर्वाचन पर लगाई जाएगी 6 वर्ष की रोक

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जिला पंचायत उमरिया अंतगर्त जनपद पंचायत मानपुर, पाली, एवं करकेली के पंचायत पदाधिकारी सरपंच व्दारा शासन की विभिन्न योजनाओं की राशि गबन के प्रकरण न्यायालय विहित प्राधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया मे




मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89ध्92 के तहत पंजीबध्द कर 59 प्रकरणों में 60 सरपंचो के विरूध्द वसूली के आदेश पारित किए गए है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 एवं 92 के तहत कुल 59 प्रकरण दर्ज किये जाकर 60 सरपंचों को जिला पंचायत उमरिया के एकल खाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा उमरिया, नामे मुख्य कार्यपालन अधिकारी. जिला पंचायत उमरिया में जमा करने के निर्देश दिये जाने के पश्चात भी राशि जमा नहीं की जा रही है।

प्रकरण में अन्य अनावेदक पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के विरूद्ध पारित वसूली आदेश में वसूली योग्य राशि की कटौती नियमित रूप से उनके वेतन से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायतों द्वारा की जा रही है। उन्होने सरपंचों को 15 दिवस का अतिरिक्त अवसर देकर आदेशित किया है कि वसूली योग्य राशि शासकीय कोष में जमा कर पावती उपलब्ध करावें ।

## नगर परिषद मानपुर के प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का दावा..आपत्ति सूचना जारी

**मानपुर (स्वतंत्रमत)** - म0प्र0 शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देश एवं संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास म0प्र0 भोपाल के द्वारा दिये गये निर्देशोंनुसार कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला उमरिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बीएलसी घटक) के तहत ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जांच कर पोर्टल में स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने के साथ-साथ, पात्र-अपात्र की सूची तैयार करने हेतु जांच दल गठित किया गया। कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों अनुसार वार्ड में जाकर स्थल निरीक्षण..परीक्षण पश्चात् पात्र हितग्राहियों की पांचवीं सूची तैयार की गई जिसका है जिसका प्रकाशन पत्र क्रमक 3668 दिन बुधवार दिनांक 25.03.2026 को कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। प्रकाशित सूचों में किसी भी हितग्राही को दावा..आपत्ति हो तो दस्तावेजी सबूतों के साथ दिनांक 10.04.2026 को समय सायं 05 बजे तक निकाय में प्रस्तुत कर सकते है, बाद म्यादी किसी भी प्रकार के दावा-आपत्ति मान्य नहीं होंगे।

## कांग्रेस का गैस ,बिजली, पेट्रोलियम प्रदार्थ के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन आज गांधी चौक उमरिया में

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एलपीजी गैस की किल्लत एवं विद्युत मूल्य वृद्धि के मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी गांधी चौक उमरिया में आज धरना प्रदर्शन करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी केसंगठन महासचिव एडवोकेट पुष्पराज सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश सहित जिले उमरिया में प्रदेश में व्याप्त एलपीजी गैस सिलेंडर में भारी अनियमिताएं एवं किल्लत व पेट्रोल पदार्थ की मूल वृद्धि एवम् बिजली मूल्य में 4.80: की बेवजह मूल्य वृद्धि के मुद्दे को लेकर गांधी चौक उमरिया में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर विजय कोल के नेतृत्व में जिला कांग्रेस धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगी,कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी , कांग्रेस प्रकोष्ठों के ब्लॉक, मंडलम, नगर के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं कांग्रेस पक्ष के जनप्रतिनिध गण उपस्थित रहेंगे।

### भविष्य से भेंट कार्यक्रम 4 अप्रैल को

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - म0प्र0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल एवं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान अन्तर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026 को जिले के समस्त शासकीय शालाओं में आयोजित किया जाना है। शासन के निर्देशानुसार 4 अप्रैल 2026 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम अन्तर्गत जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी अधिकारीध्कर्मचारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड बच्चों के साथ संवाद करने हेतु शालाओं का आवंटन किया गया है।

## विभा सिंह परस्ते का हॉकी लीग में शानदार प्रदर्शन, एमपी टीम में चयन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के खेलो इंडिया सेंटर उमरिया हॉकी की प्रतिभावान खिलाड़ी विभा सिंह परस्ते ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उमरिया का नाम रोशन किया है। उन्होंने वेस्ट जोन सब जूनियर अस्मिता हॉकी लीग में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता राजनांदगांव में आयोजित हुई, जहां विभा ने हॉकी मध्यप्रदेश की टीम से खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया और टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभा के इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चौम्पियनशिप 2026 के लिए मध्यप्रदेश महिला हॉकी टीम में किया गया है। यह प्रतियोगिता रांची में 1 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित होगी। खेल प्रेमियों का कहना है कि विभा की यह सफलता जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी और भविष्य में उमरिया से और भी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे।

# आदर्श महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का किया गया आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)**

शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम अचला (धनवाही) में 30 मार्च से 5 अप्रैल 2026 तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सीबी सोदिया के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी रेम सिंह हटीला के नेतृत्व में 50 स्वयं सेवकों के साथ किया गया। शिविर के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में छात्र-छात्राओं को शिविर की मूल विषयवस्तु युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता से जागरूकता महाविद्यालय के डॉ परमेश्वर सिंह मरावी, डॉ अरुणेंद्र



बहादुर,डॉ विजय डाबर सहायक प्राध्यापकों द्वारा स्वयंसेवकों एवं ग्राम वासियों को प्रदान की गई। पूर्णतः ग्रामीण वातावरण में शासकीय माध्यमिक विद्यालय अचला के भवन में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा प्रातः कालीन योगाभ्यास प्रभात फेरी के बाद परियोजना कार्य के अंतर्गत मंदिर की साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य दल नायक भूपेंद्र उपाध्याय ,टीम लीडर रोहित रघुवंशी, लवकुश जायसवाल,सुजीत यादव द्वारा किया गया। सामूहिक सहयोग द्वारा स्वयं निर्मित सुपाच्य भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवकों को डिजिटल अवेयरनेस की जानकारी डॉ राजीव तिवारी, डॉ अरुणेंद्र सिंह एवं डॉ परमेश्वर सिंह द्वारा प्रदान की गई ।कार्यक्रम अधिकारी रेम सिंह,डॉ जुगल किशोर,महेंद्र कनोजिया,सूरज द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवक होने का अर्थ,स्वयंसेवक होने के फायदे एवं स्वयं को समाज से जुड़ने का उपयुक्त माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना बताते हुए छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया।

शिविर के आगामी दिवसों में विभिन्न सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों में डिजिटल साक्षरता को युवाओं से जोड़ना एवं समाज को डिजिटल साक्षरता के प्रति जागरूक करना, सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज सेवा करना, श्रमदान,पर्यावरण संरक्षण उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।



## ब्रह्ममुहूर्त में चढ़ा चोला भक्तों ने की महाआरती

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के सकवाह स्थित सूर्यकुण्ड धाम हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रृद्धा भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। सुबह तड़के ही हजारों की संख्या में श्रृद्धालु मंदिर पहुंचने लगे थे। भक्तों ने विधि–विधान से भगवान हनुमान के दर्शन कर पूजा–अर्चना की और अपने जीवन में सुख–समृद्धि कामना की। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। चारों ओर जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। हनुमान जन्मोत्सव का शुभ क्षण प्रात: 3 बजकर 45 मिनट पर आया जिसे विशेष पूजा–अर्चना और भव्य आतिशबाजी के साथ मनाया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भगवान के जन्मोत्सव के साक्षी बने। जैसे ही पूजा संपन्न हुई श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास का माहौल और भी बढ़ गया। मंदिर के सेवादारों ने बताया कि इस धाम की विशेषता यह है कि यहां विराजमान भगवान हनुमान अपने भक्तों को तीन स्वरूपों बाल, युवा और वृद्ध रूप में दर्शन देते हैं। यही विशेषता इस मंदिर को अन्य धामों से अलग बनाती है और भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है और कोई भी श्रद्धालु खाली हाथ नहीं लौटता। मंदिर के पुजारी मुरलीधर नंदा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव का यह पर्व हर वर्ष इसी प्रकार भव्यता के साथ मनाया जाता है लेकिन इस बार श्रृद्धालुओं की संख्या पहले से अधिक रही। वहीं सेवादार शंकर सिंधिया और रितेश कछवाहा ने आयोजन की व्यवस्थाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रृद्धालु पूनम सिंधिया ने बताया कि यहां आकर उन्हें अद्भुत शांति और आस्था का अनुभव होता है। हनुमान जन्मोत्सव के इस आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सूर्यकुण्ड धाम क्षेत्र में धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है जहां हर वर्ष भक्तों का सैलाब उमड़ता है और पूरा वातावरण भक्ति और उत्सव के रंग में रंग जाता है।

## प्रज्ञा धुर्वे ने बनाया प्रथम स्थान

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** बिछिया के लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम विद्यालय की कक्षा पांचवीं की छात्रा प्रज्ञा धुर्वे ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार सफलता हासिल करते हुए विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य शिक्षा केंद्र मध्यप्रदेश



द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में प्रज्ञा ने 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह उपलब्धि अपने नाम की प्रज्ञा धुर्वे दानीटोला निवासी शिक्षक रविंद्र धुर्वे एवं श्रीमती प्रार्थना धुर्वे की सुपुत्री हैं। प्रज्ञा की इस सफलता से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी प्रज्ञा की मेहनत अनुशासन और लगन की सराहना की है परिजनों ने प्रज्ञा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है उन्होंने बताया कि प्रज्ञा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रही है और नियमित रूप से अध्ययन करती रही है। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कहा कि प्रज्ञा की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है।

## सीएम करेंगे विभागों की समीक्षा

**मण्डलाा(स्वतंत्रमत)।** 8 अप्रैल को आयोजित होने वाली कलेक्टर्स वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए एजेंडा जारी कर दिया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के बिंदुओं के अनुपालन की समीक्षा की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन, सीपीग्राम, लोक सेवा गारंटी तथा विभिन्न शिकायतों के निराकरण की स्थिति पर चर्चा होगी। साथ ही लंबित विभागीय जांच, पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति मामलों की भी समीक्षा की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत जल गंगा संवर्धन अभियान 2026, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जल जीवन मिशन की प्रगति पर फोकस रहेगा। कृषि एवं संबद्ध विभागों में फसल कार्यक्रम, पीएमएफएमई योजना, पशुपालन एवं मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग की समीक्षा की जाएगी।

## पोषण ट्रैकर एप के विरोध में उतरा संघ

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ जो भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध है ने पोषण ट्रैकर एप के विरोध में 1 अप्रैल से देशव्यापी कार्य बंद करने का निर्णय लागू कर दिया है। इस संबंध में संघ द्वारा 31 मार्च को ही जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को लिखित सूचना दे दी गई थी। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार भारतीय मजदूर संघ से जुड़े सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 1 अप्रैल से काम पूरी तरह बंद कर दिया गया है। यह आंदोलन केवल एक जिले या राज्य तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे भारत में एक साथ लागू किया गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पोषण ट्रैकर एप से संबंधित कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं जिनके कारण उन्हें कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक भारत सरकार के संबंधित मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उनके राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठकर उनकी जायज़ मांगों पर चर्चा नहीं करते तब तक पोषण ट्रैकर एप पर कार्य पुन: प्रारंभ नहीं किया जाएगा।

# आम आदमी पार्टी द्वारा हाईकोर्ट में दायर की गई जनहित याचिका के बाद जिला चिकित्सालय को मिले ईएनटी डॉक्टर



**मण्डलाा(स्वतंत्रमत)।**

जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी से मरीज हलाकान चल रहे हैं। छोटे–छोटे उपचारों के लिए महानगरों की ओर मरीजों को जाना पड़ता है जिससे समय और धन दोनो का नुकसान होता है और लंबे समय से सभी विशेषज्ञों की नियुक्ति की मांग चल रही थी लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नही आए हैं वहीं आम आदमी पार्टी लगभग एक साल से इस विषय को लेकर ताकत से काम कर रही थी धरना प्रदर्शन ही नही आंदोलन भी कर चुकी है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि जिला अस्पताल में लंबे समय से चली आ रही विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को लेकर आखिरकार एक अहम उपलब्धि सामने आई है। कान नाक और गला (ईएनटी) विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति को आम आदमी पार्टी ने अपने लगातार संघर्ष और जनदबाव का परिणाम बताया है। जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने इसे जनता की जीत करार देते हुए कहा कि यह सफलता वर्षों की मेहनत आंदोलन और कानूनी प्रक्रिया के बाद संभव हो सकी है। जानकारी के अनुसार मंडला जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञों की कमी को लेकर आम आदमी पार्टी ने वर्ष 2025 की शुरुआत से ही आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी थी। 28 फरवरी 2025 को पार्टी कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जिसमें अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति मांग की गई थी। इसके बाद भी जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी ने 25 अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक कलेक्ट्रेट रोड पर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई। आंदोलन को और तेज करते हुए 28 अगस्त 2025 को पार्टी की तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल को मंडला आमंत्रित किया गया। उनके नेतृत्व में एक विशाल रैली निकाली गई जिसमें प्रशासन और सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि मांगें पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा। इसके बावजूद जब हालात में कोई सुधार नहीं हुआ तो पार्टी ने कानूनी रास्ता अपनाने का निर्णय लिया। नवंबर 2025 में हाई कोर्ट के माध्यम से प्रशासन को नोटिस भेजा गया लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी रही। अंतत: 7 फरवरी 2026 को आम आदमी पार्टी द्वारा जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई। इस याचिका के बाद न्यायालय ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए।

इसी बीच जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो गई जिसे आम आदमी पार्टी ने अपने संघर्ष की पहली बड़ी जीत बताया है। अब मंडला जिला अस्पताल में डॉ. सौम्या चौबे और डॉ. सरिता उईके को कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे जिले के हजारों मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है जिन्हें अब तक इस तरह के उपचार के लिए बाहर के शहरों का रुख करना पड़ता था। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए यह नियुक्ति बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पार्टी जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि यह उपलब्धि केवल आम आदमी पार्टी की नहीं बल्कि पूरे जिले की जनता की जीत है जिन्होंने इस मुद्दे पर पार्टी का साथ दिया।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। जब तक जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब जब नियुक्ति हो गई है तो कई जनप्रतिनिधि और अन्य राजनीतिक दल इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी मंडला के अलावा किसी ने गंभीर पहल नहीं की थी। लगातार धरना प्रदर्शन और न्यायालय की शरण में जाने के बाद ही यह परिणाम सामने आया है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी इसी तरह स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होता रहेगा।

आम जनता का कहना है कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता से न केवल इलाज आसान होगा बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को भी बड़ी राहत मिलेगी। मंडला जिला अस्पताल में ईएनटी विशेषज्ञों की नियुक्ति एक सकारात्मक कदम है जो यह दर्शाता है कि यदि जनप्रतिनिधि और आम नागरिक मिलकर किसी मुद्दे को गंभीरता से उठाएं तो बदलाव संभव है। अब देखना होगा कि अन्य जरूरी विशेषज्ञों की नियुक्ति कब तक होती है और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को कितना मजबूत किया जा पाता है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुए विभिन्न आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

नगर के जिला पंचायत के सामने स्थित प्रसिद्ध हनुमान शेषनाग मंदिर में इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। पूरे मंदिर को फूल–मालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।



कार्यक्रम की शुरुआत विधि–विधान के साथ पूजन–पाठ से हुई। पंडित रामनाथ शास्त्री के द्वारा मंत्रोच्चार के बीच हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार अर्पित किया गया और उन्हें चोला अर्पित किया। इसके बाद हवन–पूजन का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और सुख–समृद्धि कामना की। समाजसेवी सुधीर कांसकार ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को विशेष रूप से मनाया गया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की प्रतिमा का विधिवत स्थापना एवं पूजन–अर्चन किया गया जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। वहीं पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल के द्वारा श्रद्धालुओं का प्रसाद वितरण किया। वहीं जिला पंचायत सीईओ श्री मीना दर्शन करने मंदिर पहुंचे जहां पर प्रसादी ग्रहण कर पंडित रामनाथ शास्त्री से आर्शीवाद लिया।

वही इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वाधान में उदय चौक से भव्य हनुमान शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवा और बच्चे शामिल हुए। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा का जिला पंचायत के सामने भव्य स्वागत किया गया जहां श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## पेसा मोबिलाइजरों ने सौंपा ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के ग्राम पंचायत कन्हारी कला में पंचायत पेसा मोबिलाइज़र कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने अपनी लंबित समस्याओं को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी आर्थिक स्थिति और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर गंभीर चिंता जताई कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें पिछले 7 महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। कर्मचारियों ने बताया कि परिवार का भरण–पोषण करना मुश्किल हो गया है बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी कठिन हो गया है संघ ने सरकार से मांग की है कि उनका मानदेय बढ़ाकर कम से कम 18 हजार प्रति माह किया जाए ताकि वर्तमान महंगाई में वे अपने परिवार का सम्मान जनक जीवनयापन कर सकें कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि वे पहले भी प्रशासन मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं हुआ है।

# शिविर में टीबी मरीजों की हुई जांच



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल के आतिथ्य तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्रीमति सम्पतिया उइके की उपस्थिती में ग्राम कन्हारी कला विकासखण्ड बिछिया में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियॉ जैसे टीबी स्क्रीनिंग, टी.बी. जॉच, टी.बी. मरीजों को फूड बॉस्केट वितरण आदि किया गया। स्वास्थ्य शिविर में टीबी स्क्रीनिंग की गई संभावित टीबी मरीजों की जॉच ट्रूनॉट एवं हेण्ड हेल्ड चेस्ट एक्स–रे मशीन के माध्यम से की गई तथा टीबी. मरीजों को पोषण आहार का वितरण किया गया राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रकार की आईईसी की गई तथा उपस्थित जन समूह की टीबी काउन्सिलिंग की गई। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में राज्यपाल के द्वारा समस्त स्टॉल का निरीक्षण कर स्टॉल के संबंध में जानकारी ली गई। उक्त स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग से मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना, राज्य क्षय अधिकारी डॉ. रूबी खान, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगौर सहित सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मंत्री ने किया ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड नैनपुर के विभिन्न ग्रामों में बुधवार रात्रि में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने तत्काल संज्ञान लेते हुए गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। ग्राम धतूरा में पहुंचकर किसानों से संवाद किया तथा नुकसान का स्थलीय निरीक्षण किया। मंत्री ने खेतों में पहुंचकर किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों द्वारा बताया गया कि ओलावृष्टि के कारण फसल पूरी तरह प्रभावित हुई है जिससे उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इस पर मंत्री श्रीमती उइके ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे किसानों की समस्याओं का बिंदुवार संज्ञान लेते हुए वास्तविक नुकसान का आंकलन सुनिश्चित करें। मंत्री के निर्देशानुसार राजस्व कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर फसलों का सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को राहत प्रदान करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

मंत्री श्रीमती उइके ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रभावित ग्रामों में शीघ्र ही किसान चौपाल का आयोजन किया जाए जिसमें वे स्वयं उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगी। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सीधे संवाद का मंच उपलब्ध कराना है।

# ढाईसाल से लंबित ईपीएफ राशि जमा, कर्मचारियों में हर्ष

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** नगर परिषद भुआ बिछिया में 52 कार्यरत दैनिक वेतन कर्मचारियों के विगत कई वर्षो से ईपीएफ का राशि का अंतरण उनके संबंधित यूएएन खाते में जमा नहीं किया जा रहा हैं कर्मचारियों के द्वारा निरंतर मांग विगत वर्षो से की जाती रही हैं इसके संबंध में पूर्व में भी निकाय में कर्मचारी संघ के द्वारा आवेदन एवं जनसुनवाई में कर्मचारियों के द्वारा व्यक्तिगत अपनी मांग रखी थी जिसके तहत कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया के निर्देशन में कर्मचारियों के हित में ईपीएफ राशि जमा करने के निर्देश प्राप्त हुये जिसके तहत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ के नियमों के अनुसार कर्मचारियों के मूल वेतन+महंगाई भत्ते का 12 प्रतिशत हिस्सा ईपीएफ में जमा होता है। नियोक्ता भी 12 प्रतिशत योगदान देता है, जिसमें से 3.67 प्रतिशत ईपीएफ में और 8.33 प्रतिशत ईपीएस 95 प्रतिशत पेंशन योजना में जाता है। यह 24 प्रतिशत कुल जमा होकर रिटायरमेंट की गारंटी देता है एवं समय समय में शासन के द्वारा श्रम नियमानुसार लाभांवित किया जाता जिसके लाभ से कर्मचारी वंचित रहते उक्त समस्या को देखते हुये समस्त कर्मचारियों के अपनी मांग वर्तमान में पदस्थ संस्कार बावरिया डिप्टी कलेक्टर मुख्य



नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भुआ बिछिया का कार्यभार ग्रहण करते हुये सर्व प्राथमिकता के साथ कर्मचारी के हित में निर्णय लेते हुये कार्य करना प्रारंभ किया जिसके परिणाम स्वरूप इतनी कम अवधि में मात्र 20 दिवस में तंगी से जुझ रही निकाय को वसूली अभियान चलाकर आय में वृद्धी करते हुये विगत 28 माह से लंबित लगभग 65 लाख रूपये का कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ के नियमों के अनुरूप चलान की कार्यवाही करते हुये भुगतान की कार्यवाही की गई जिससे समस्त कर्मचारी के लंबित भुगतान होने से संबंधित कर्मचारियों के ईपीएफ खाते में राशि अंतरित होगी जिससे निकाय के समस्त कर्मचारियों में आज का दिन हर्षपूर्ण त्यौहार में दिये गये बोनस की तरह रहा जिसमें सभी कर्मचारियों के द्वारा इनके द्वारा प्रदाय की गई विशेष उपलब्ध्ता के लिए पदस्थ संस्कार बावरिया डिप्टी कलेक्टर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अभार व्यक्त किया गया साथ अधिकारी के द्वारा की लंबित ईपीएफ भुगतान की प्रशासनिक कार्यवाही कर्मचारियों के हित में विशेष महत्व उपलब्धी रखती हैं। इतनी अल्प अवधि में निकाय के द्वारा उक्त रचनात्मक कार्य यह दर्शता हैं कि अगर सच्ची निष्ठापूर्वक व लगन से कार्य किये जाये तो काई भी कार्य नामुमकिन नहीं हैं अल्प समय में कर्मचारियों के हित में लिया गया निर्णय सराहनीय हैं जिसकी प्रशन्सा कर्मचारियों एवं नगर वासियों के द्वारा प्रत्यक्ष एवं अत्यक्ष रूप से की जा रही हैं जिसमें विशेष योगदान संस्कार बावरिया डिप्टी कलेक्टर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भुआ बिछिया एवं अधिकारी के मार्ग दर्शन में निकाय के समस्त कर्मचारियों का रहा हैं।


**न्यायालय तहसीलदार निवास जिला मण्डला**

**ग्राम निवास प.ह.नं. 36, रा.नि.म. निवास तहसील निवास**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम/नगर निवास नगर परिषद निवास को सूचित किया जाता है कि निवास प.ह.ने. 36 स्थित भूमि ख.नं. 203/1/1/रकबा 3.09 हे. मेसे 0.10 हे. कार्यालय सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी निवास (तहसील अभियोजन कार्यालय निवास) हेतु उक्त भूमि हस्तांतरण के संबंध में उपयुक्त भूमि मान्य कर प्रस्तावित सहित मांग की गई है। उक्त भूमि नजूल निर्वर्तन निर्देश नियम 2020 के तहत् आबंटित/हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। संबंधित विभाग के प्रयोजन हेतु आबंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, मण्डला द्वारा प्रतिवेदन चाहा गया।

अत: उक्त संबंध में जिस कि व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति पेश करना है तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सात दिवस के अंदर

पेश कर सकता है समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**न्यायालय तहसीलदार निवास जिला मण्डला**

संपादकीय

# कहां है वैकल्पिक ऊर्जा

ईरान युद्ध के कारण निर्मित परिस्थितियों ने पहली बार जीवाश्म ईंधन पर बहस छेड़ दी है। यह जलवायु-परिवर्तन के कारण नहीं है, बल्कि तेल-गैस को बाधित करना और उनकी उपलब्धता सीमित होने के मद्देनजर यह बहस छिड़ी है। दुनिया आनन-फानन में वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर केंद्रित नहीं कर सकती, क्योंकि वे बेहद सीमित हैं और कई देशों में उपलब्ध ही नहीं हैं। भारत ऐसा देश है, जहां सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पनबिजली और परमाणु ऊर्जा का लगातार उत्पादन किया जा रहा है, लिहाजा लोग उनका प्रयोग भी कर रहे हैं। तेल-गैस संकट के इस दौर में सरकार ने मार्च में ही पीएनजी के 3.5 लाख से अधिक कनेक्शन दिलाए हैं। देश में इस गैस के मात्र 1.65 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। देश की आबादी 147 करोड़ से अधिक है। उसमें 33 करोड़ एलपीजी के उपभोक्ता हैं। दरअसल पीएनजी का तो बुनियादी ढांचा ही बेहद सीमित है। पाइपलाइन की सुविधा कुछ बड़े शहरों की गिनी-चुनी कॉलोनियों में ही मौजूद है। तो देश का आम उपभोक्ता वैकल्पिक ऊर्जा की कल्पना भी कैसे कर सकता है, प्रयोग करना तो दूर की कौड़ी है? ईरान युद्ध के कारण तेल-गैस का संकट इतना व्यापक हो गया है कि लोग और व्यावसायिक ठिकाने लकड़ी और कोयले का चूल्हा जलाने पर विचार कर रहे हैं अथवा शुरू कर दिया है। यानि धुआं और प्रदूषण काल की ओर वापसी! जीवाश्म ईंधनों पर भारत की निर्भरता जलवायु-पर्यावरण का ही मुद्दा नहीं है, बल्कि सुरक्षा-संकट का सरोकार भी है। इस ऊर्जा-संकट से खाद्य-संकट भी जुड़ा है, यह चेतावनी विशेषज्ञ लगातार दे रहे हैं। भारत का आयात-बिल अपने आप में संकटपूर्ण बोझ है। उसमें मध्य-पूर्व देशों की हिस्सेदारी करीब 60 फीसदी है। ईरान युद्ध शुरू होने से पहले भारत का तेल-गैस आयात का बिल उस स्तर तक पहुंच चुका था, जहां एक साल में ही 180 अरब डॉलर तक उछल सकता था। कतर ने 2024-25 में भारत को 1.10 करोड़ टन एलएनजी की आपूर्ति की थी। वह करीब 41 फीसदी थी। तेल-गैस आयात करने के मद्देनजर हमारी अर्थव्यवस्था उन क्षेत्रों और समुद्री मार्गों पर आश्रित हो गई, जहां हमारी या आपूर्ति करने वाले देशों की भूमिका या दखल सीमित है। प्रधानमंत्री मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच मंगलवार को फोन पर बातचीत हुई। उसमें प्रधानमंत्री ने शिपिंग मार्ग के खुले और सुरक्षित होने का मुद्दा भी उठाया था। जिस तरह होर्मुज समुद्री मार्ग में ईरान ने बारूदी सुरंगें बिछा रखी हैं और मार्ग अवरुद्ध है, उसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार्य नहीं माना। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी सहमति जताई। मौजूदा संकट के कारण भारतीय जीडीपी की विकास दर 4 फीसदी तक गिर सकती है, यह आकलन 'मूडीज' का है, जबकि गोल्डमैन सैश का आकलन है कि भारत की विकास दर 7 फीसदी से घट कर 5.9 फीसदी तक आ सकती है। महंगाई भी बढ़ सकती है। हम रूस, अमरीका, अफ्रीका, ओमान और लाल सागर के रास्ते हर रोज कच्चा तेल आयात कर रहे हैं। युद्ध के बाद भी 18 लाख बैरल तेल हर रोज आ रहा है, जबकि युद्ध से पहले 30-35 लाख बैरल तेल आता था। यह सुखद है कि भारत में पेट्रोल-डीजल पर कोई राशनिंग नहीं है, लेकिन गैस को लेकर है, क्योंकि गैस का अधिकतम भंडारण मात्र पौने दो दिन का ही कर सकते हैं। ओडिशा और कर्नाटक में तेल के भंडारण बनाने की बात करीब 5 साल पहले उठी थी, लेकिन आज भी 'शून्य' स्थिति है। हमें खाद भी मोरक्को जैसे देश से मंगवानी पड़ रही है। यदि अब भी युद्ध लंबा खिंचा, तो हमारा चालू खाता घाटा 2.2 फीसदी तक हो सकता है। बहरहाल स्थितियां अच्छी नहीं हैं।

# बुजुर्गों के भरण-पोषण के लिये एक सराहनीय पहल



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है।

भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है- मातृदेवो भव, पितृदेवो भव केवल शास्त्रों की पंक्ति नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संरचना की आत्मा रही है। इसलिए यह किसी भी सभ्य समाज के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है कि जन्म देने और पालन-पोषण करने वाले माता-पिता को जीवन की सांझ में उपेक्षा, अपमान और आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़े, और उन्हें अपने ही बच्चों से गुजारा भत्ता पाने के लिए कानून और प्रशासन का सहारा लेना पड़े। दुर्भाग्य से यह आज के समय की कठोर वास्तविकता बनती जा रही है। बुढ़ापा अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की क्षमताएं कम होने लगती हैं, बीमारियां बढ़ने लगती हैं और आय के स्रोत लगभग समाप्त हो जाते हैं। सेवानिवृत्ति के समय जो थोड़ी बहुत जमा-पूंजी होती है, वह बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। सरकारी नौकरी करने वालों को पेंशन मिल भी जाती है, लेकिन निजी क्षेत्र या छोटे व्यवसाय से जुड़े लोगों की स्थिति अधिक कठिन हो जाती है। ऐसे समय में यदि बच्चे ही माता-पिता की देखभाल न करें तो यह केवल पारिवारिक विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध की श्रेणी में आता है।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए तेलंगाना विधानसभा द्वारा पारित तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026 एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया है। इस विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यदि बच्चे अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो उनके वेतन से एक निश्चित राशि काटकर माता-पिता को दी जाए। यह कानून सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, सांसदों, विधायकों और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधियों पर भी लागू होगा। इस प्रकार यह कानून केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को कानूनी रूप देने का प्रयास है।

हालांकि भारत में पहले से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 मौजूद है, लेकिन तेलंगाना का यह नया विधेयक अधिक व्यापक, संवेदनात्मक और प्रभावी माना जा रहा है। इसमें प्रावधान है कि यदि बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते, तो शिकायत मिलने पर उनके



वेतन से पंद्रह प्रतिशत या दस हजार रुपये (जो भी कम हो) काटकर माता-पिता के खाते में जमा किए जाएंगे। शिकायत का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा साठ दिनों के भीतर किया जाएगा और इसके लिए वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन भी किया जाएगा। इस कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, बल्कि सौतेले माता-पिता भी शिकायत कर सकते हैं।

यह कानून इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारतीय परिवार व्यवस्था तेजी से बदल रही है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवार में बदल चुके हैं और अब तो एक व्यक्ति परिवार की अवधारणा भी विकसित हो रही है। करियर की दौड़, आर्थिक दबाव, शहरी जीवनशैली, सुविधावाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती भावना ने परिवार की पारंपरिक संरचना को कमजोर किया है। कई बार माता-पिता को घर से निकालकर वृद्धाश्रम भेज दिया जाता है, और यदि घर में रख भी लिया जाए तो उन्हें उपेक्षा, तिरस्कार और मानसिक पीड़ा सहनी पड़ती है। उनकी दवाइयों, भोजन और देखभाल तक में लापरवाही बरती जाती है। ऐसी परिस्थितियों में यह प्रश्न उठता है कि क्या माता-पिता की सेवा केवल संस्कारों से सुनिश्चित की जा सकती है या इसके लिए कानून की भी आवश्यकता है? आदर्श स्थिति में तो संस्कार ही पर्याप्त होने चाहिए। भारतीय इतिहास और परंपरा में माता-पिता की सेवा के अनेक प्रेरक उदाहरण मिलते हैं। श्रवण कुमार का उदाहरण तो भारतीय संस्कृति में आदर्श पुत्र का प्रतीक बन चुका है, जिसने अपने अंधे माता-पिता को कंधे पर बैठाकर तीर्थ यात्रा करवाई। इसी प्रकार भगवान श्रीराम ने पिता के वचन को निभाने के लिए राजपाट छोड़कर वनवास स्वीकार किया। यह केवल धार्मिक कथाएं नहीं, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक संरचना के आदर्श हैं।

इतिहास में छत्रपति शिवाजी, महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेक व्यक्तित्वों के जीवन में भी माता-पिता के प्रति गहरी श्रद्धा और सम्मान देखने को मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा रही है। लेकिन आज जब संस्कार कमजोर हो रहे हैं, तब समाज को कानून का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन इस पूरे विषय को केवल एकतरफा दृष्टि से देखना भी उचित नहीं होगा। यह भी एक सच्चाई है कि कई बार माता-पिता भी बच्चों के प्रति अत्यधिक अनुशासन, नियंत्रण और अपेक्षाओं का दबाव बनाते हैं। वे चाहते हैं कि बच्चे हमेशा उनकी इच्छाओं के अनुसार ही जीवन जिएं, अपने निर्णय स्वयं न लें, विवाह, करियर, जीवनशैली हर चीज में माता-पिता की इच्छा सर्वोपरि रहे। कई बार माता-पिता बच्चों की निजी जिंदगी में अत्यधिक हस्तक्षेप करते हैं, जिससे परिवार में तनाव उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों और माता-पिता के बीच दूरी बढ़ जाती है और पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है।

इसलिए समस्या का समाधान केवल कानून नहीं है, बल्कि परिवार के भीतर संतुलन, संवाद और समझ भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि माता-पिता ने उनके लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया है, इसलिए बुढ़ापे में उनकी सेवा और सम्मान उनका नैतिक कर्तव्य है। वहीं माता-पिता को भी यह समझना चाहिए कि समय बदल गया है, नई पीढ़ी की जीवनशैली और सोच अलग है, इसलिए उन्हें बच्चों को समझने और उन्हें स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है। वास्तव में परिवार एक संस्था है, जो प्रेम, त्याग, सम्मान और संवाद पर चलती है, न कि केवल अधिकार और अनुशासन पर। जहां केवल अधिकार होंगे, वहां टकराव होगा; जहां केवल त्याग होगा, वहां असंतुलन होगा; लेकिन जहां प्रेम और संतुलन होगा, वहां परिवार मजबूत होगा।

तेलंगाना का यह कानून एक महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन यह अंतिम समाधान नहीं है। कानून बच्चों को माता-पिता का भरण-पोषण करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन वह प्रेम, सम्मान और संवेदना पैदा नहीं कर सकता। इसके लिए समाज में नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संस्कार और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता है। स्कूलों में, सामाजिक संस्थाओं में और धार्मिक संगठनों में परिवार और बुजुर्गों के सम्मान की शिक्षा दी जानी चाहिए। आज नया भारत और विकसित भारत की बात की जा रही है, लेकिन केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है। यदि समाज में बुजुर्ग असुरक्षित, उपेक्षित और अपमानित होंगे, तो विकास अधूरा रहेगा। वास्तविक विकास वही है जिसमें समाज का हर वर्ग-बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी सकें।

अतः आवश्यक है कि हम तीन स्तरों पर कार्य करें-पहला, सरकार और कानून बुजुर्गों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। दूसरा, समाज में माता-पिता के सम्मान और सेवा के संस्कार विकसित किए जाएं। तीसरा, परिवार के भीतर माता-पिता और बच्चों के बीच संतुलित और संवादपूर्ण संबंध स्थापित किए जाएं। यदि ये तीनों स्तर मजबूत हो जाएं, तो न केवल बुजुर्गों का जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक होगा, बल्कि परिवार संस्था भी मजबूत होगी और समाज में मानवीय संवेदनाएं जीवित रहेंगी। निश्चिततौर पर कहा जा सकता है कि माता-पिता केवल परिवार का हिस्सा नहीं होते, वे परिवार की जड़ होते हैं। यदि जड़ कमजोर होगी, तो वृक्ष भी कमजोर होगा। इसलिए बुजुर्गों का सम्मान और सुरक्षा केवल एक पारिवारिक या कानूनी मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता और सभ्यता की परीक्षा है। जो समाज अपने बुजुर्गों का सम्मान नहीं करता, वह कभी महान नहीं बन सकता।

# ट्रम्प की बढ़ती बेताबी



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पश्चिम एशिया में चल रहा ईरान-इजराइल व अमेरिका युद्ध अब ऐसे मोड़ पर पहुंचता नजर आ रहा था जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे को नेस्तानाबूद करने की आवाजें लगा रहे थे मगर इसी बीच आज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा कर दी है कि वह अगले दो या तीन सप्ताहों तक इस युद्ध से बाहर आ जायेंगे, चाहे ईरान से समझौता हो या न हो। इससे लगता है कि ट्रम्प इस युद्ध में लगातार अकेले पड़ते जा रहे थे जिसकी वजह से अमेरिका में भी उनका भारी नागरिक विरोध होना शुरू हो गया है। ट्रम्प इससे पूर्व कह चुके थे कि ईरान अपने होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री रास्ते के बारे में क्या रुख अपनाता है। यह देखना अब इस रास्ते के बन्द होने से प्रभावित देशों का काम है। इससे पूर्व ईरान व इजराइल एक-दूसरे के सामरिक व महत्वपूर्ण नागरिक संस्थानों को अपने निशाने पर ले रहे हैं। एक ओर जहां अमेरिका ने ईरान के इस्फहान शहर में स्थित उसके परमाणु संयन्त्र पर हमला किया तो दूसरी ओर ईरान ने इजराइल व अमेरिकी मित्र पश्चिम एशियाई देशों के तेल टैंकरों व तेल संस्थानों पर हमले शुरू कर दिये। मगर इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह युद्ध अब केवल दो से तीन सप्ताह ही और चलेगा और इस दौरान वह ईरान को घुटनों पर ले आयेंगे। जबकि ईरान का कहना था कि वह युद्ध विराम केवल इसी शर्त पर करेगा जब उसे यह आश्वासन दिया जायेगा कि भविष्य में उस पर कभी दुबारा हमला नहीं किया जायेगा।

इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि यह युद्ध विगत 28 फरवरी को इजराइल व अमेरिका ने ही शुरू किया था जिसका प्राथमिक लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन करना बताया गया था। मगर ट्रम्प ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई को आक्रमण के जरिये मौत के घाट उतारने के बावजूद यह लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सके और उन्होंने युद्ध को आगे खींचते हुए इसका लक्ष्य ईरान को परमाणु शक्ति से विहीन करने का निर्धारित कर दिया परन्तु इस समर को चलते एक महीने से ज्यादा का वक्त बीतने पर इसकी जद में पश्चिम एशिया के लगभग सभी अमेरिकी मित्र खाड़ी देश भी आ गये। इन देशों की सम्पत्ति का आधार इनमें पाये जाने वाले पेट्रोलियम पदार्थ व प्राकृतिक गैस के स्रोत हैं और ईरान ने अपने नियन्त्रण के होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री रास्ते को बन्द करके इनके परिवहन को बन्द जैसा कर दिया जिससे दुनिया के विभिन्न देशों में ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा हो गई। अमेरिका इस होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री मार्ग को खोलने को एक वैश्विक मुद्दा बनाना चाहता था और विश्व के विभिन्न प्रभावित देशों को इस युद्ध में अपनी ओर करना चाहता था परन्तु इस मुद्दे पर उसे मुंह की खानी पड़ी और कई महत्वपूर्ण पश्चिमी यूरोपीय देशों ने उसके पक्ष में खड़े होने से मना कर दिया। हालांकि सभी चाहते हैं कि जलडमरूमध्य का मार्ग खुलना चाहिए लेकिन उन्होंने युद्ध में ट्रम्प का सहयोगी बनने से साफ इन्कार कर दिया।

इनमें स्पेन से लेकर ब्रिटेन, जर्मनी, इटली व फ्रांस तक शामिल हैं। इसके साथ ही पश्चिमी यूरोपीय देशों के सामरिक संगठन नाटो ने भी अमेरिका का साथ देने से इन्कार कर दिया था और कहा था कि यह अमेरिका की अपनी लड़ाई है। इससे जाहिर था कि ट्रम्प इस मामले में धीरे-धीरे अकेले पड़ते नजर आ रहे थे जिसकी वजह से वह अब युद्ध को समाप्त करने की तजवीजें ढूंढने के लिए उतावले हुए। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इस युद्ध के बारे में अमेरिका के रक्षामन्त्री पीट हेगसेथ कह रहे थे कि अगले कुछ दिन युद्ध के लिए बहुत निर्णायक साबित होंगे। उनका कहना था कि अगर अगले कुछ दिनों में ईरान अमेरिका से समझौते के लिए राजी नहीं हुआ तो उसके खिलाफ भीषण हमला किया जायेगा।

इसके साथ ही ट्रम्प यह भी कह रहे थे कि यदि ईरान समझौता नहीं करता है तो उसके सभी बिजली व तेल ऊर्जा संयन्त्रों को नष्ट कर दिया जायेगा तथा उसके उस खार्ग द्वीप पर हमला करके कब्जा कर लिया जायेगा जहां से वह अपने कच्चे तेल का 90 प्रतिशत से अधिक निर्यात अन्य देशों को करता है। साथ ही ट्रम्प इस संभावना से भी इन्कार नहीं कर रहे थे कि ईरान की धरती पर अमेरिकी सैनिकों को भी उतारा जा सकता है। इसके लिए अमेरिका पश्चिम एशिया के इलाके में अपने दस हजार अतिरिक्त पैदल सैनिकों के अलावा कई नौसैनिक जहाजों को भी रवाना कर चुका था। इसका मतलब यह निकाला गया कि ट्रम्प ईरान में यह डर पैदा कर देना चाहते हैं कि अगर उसने उनकी शर्तें न मानी तो वह पूरे ईरान को बर्बाद कर देंगे।

मगर ईरान ईंट का जवाब पत्थर से दे रहा है और जवाब में इजराइल पर बेतहाशा हमले कर रहा है और अमेरिका के मित्र पश्चिम एशियाई देशों में उसके संस्थानों को भी अपने निशाने पर रख रहा है। इनमें कई खाड़ी देशों के तेल उत्पादक संयन्त्र भी शामिल है। अभी कल ही उसने संयुक्त अरब अमीरात के एक तेल टैंकर पर हमला किया। ईरान अब कह रहा है कि वह खाड़ी देशों में अमेरिकी कम्पनियों पर भी जवाबी हमले करेगा। दरअसल ट्रम्प कह चुके थे कि उन्हें ईरान की तेल सम्पदा पसन्द है। उनका यह कथन बताता था कि इस महायुद्ध का सबब क्या है? क्योंकि पिछले दिनों उन्होंने जिस तरह वेनेजुएला देश पर कब्जा करके उसकी तेल सम्पदा को कब्जाया था उससे उनके इरादे साफ हो जाने चाहिए थे। यही वजह है कि पश्चिम एशिया के इस युद्ध में यूरोपीय देशों ने अमेरिका का साथ देने से इन्कार किया और कुछ ने तो इसे असंवैधानिक युद्ध भी बताया। दरअसल ट्रम्प मूल रूप से एक व्यापारी या व्यवसायी हैं और जब किसी देश का नेतृत्व किसी व्यापारी के हाथ में पहुंच जाता है तो वह आम जनता के हितों से बेखबर हो जाता है। ऐसा मैं नहीं कह रहा हूं बल्कि ऐसा भारत के महान राजनीतिक दार्शनिक आचार्य चाणक्य ने अपनी कालजयी पुस्तक अर्थशास्त्र में लिखा है। अतः हमने देखा कि ईरान-इजराइल युद्ध में सभी मानद नैतिकताएं टूटीं और सामान्य नागरिक इसका शिकार बने। इसका असली कारण यही है कि ट्रम्प की व्यापारी नजर दुनिया के विभिन्न आय स्रोतों को केवल मुनाफा कमाने की गरज से आंक रही है लेकिन उनके इस नजरिये का अब अमेरिका के नागरिकों में भी भारी विरोध होना शुरू हो गया जिसकी वजह से वह इस युद्ध से जल्दी से जल्दी छुटकारा पाना

# किराये का दुख

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

कंचनपुर गांव के चतुर सुजान घपलेराम ने जब इस बार प्रधानी का चुनाव लड़ा, तो उन्होंने गांव की सबसे बड़ी और प्राकृतिक समस्या को अपना हथियार बनाया-समय का अभाव। घपलेराम का तर्क था कि आज का ग्रामीण इतना व्यस्त है कि उसके पास अपने रिश्तेदारों की मृत्यु पर रोने या बीमार पड़ोसी का हाल चाल पूछने तक का समय नहीं है। उन्होंने अपने घोषणापत्र में वादा किया कि जीतते ही वे गांव में इमोशनल आउटसोर्सिंग केंद्र खोलेंगे। यदि आपके घर में कोई गमी हो जाए और आपको दफ्तर जाना हो, तो सरकार की ओर से प्रोफेशनल रोदली भेजी जाएगी जो आपके हिस्से का विलाप ससुरारी धुन में करेगी। गांव के लोग, जो सामाजिक लोकलाज और काम के बोझ के बीच पिसे जा रहे थे, अचानक इस किराये की संवेदना वाले विचार पर ऐसे रीझे कि उन्हें घपलेराम साक्षात कलयुग के श्रवण कुमार लगने लगे।



व्यंग्य

प्रचार के अंतिम चरण में घपलेराम ने गांव की चौपाल पर एक आँसू-बैंक स्थापित किया। यह वास्तव में एक पुराना वाटर कूलर था जिस पर उन्होंने संवेदना संग्राहक लिखवा दिया था। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने की प्रतिज्ञा करेगा, उसके जीवन के सारे सामाजिक कर्तव्य यह मशीन स्वचालित रूप से निभा देगी। विपक्षी उम्मीदवार सीधे सादे राम खड़ंजे और हैंडपंप की बात कर रहे थे, लेकिन जनता को तो उस भविष्य की चिंता थी जहाँ उन्हें किसी की तेहरवीं में बैठकर झूठी उदासी नहीं दिखानी पड़ेगी। घपलेराम ने कुछ भाड़े के कलाकारों को बुलाकर गांव में एक मॉक विलाप करवाया, जिसे देखकर ग्रामीणों को लगा कि अब उनकी आत्मा का बोझ हल्का हो गया है। लोग अपनी मेहनत की कमाई घपलेराम के चरणों में अर्पित करने लगे ताकि उनका सामाजिक जीवन ऑटो-पायलट मोड पर आ सके।

जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और घपलेराम की प्रचंड जीत हुई, पूरा गांव अपने संवेदना कूपन लेने उनके घर पहुँचा। लोग चाहते थे कि अगले हफ्ते होने वाली एक शादी और दो मुंडनों के लिए घपलेराम अपने प्रोफेशनल प्रतिनिधि भेजें। घपलेराम अपनी नई सफारी गाड़ी से उतरे और सबके हाथ में एक-एक पत्थर थमाते हुए बोले- भाइयों, संवेदनाएं आउटसोर्स नहीं होतीं, सिर्फ बेची जाती हैं! जनता हक्की-बक्की रह गई, हुजूर, हमारे उन प्रोफेशनल रोने वालों का क्या हुआ? घपलेराम ने चश्मा ठीक किया और ठहाका मारकर बोले, मूर्खों! रोने वाले तो तुम खुद हो जो अगले पांच साल तक अपनी इस बेवकूफी पर मातम मनाओगे। मैंने तो तुम्हारी भावनाओं का सौदा करके शहर में अपना इवेंट मैनेजमेंट का दफ्तर खोल लिया है। अब इन पत्थरों को अपने सीने पर रखो और खुद के भाग्य पर रोना शुरू करो। जनता सन्न खड़ी उस सूखे वाटर कूलर को देख रही थी और घपलेराम इमोशनल बिजनेस की धूल उड़ाते हुए शहर की ओर उड़नछू हो गए।

# होर्मुज संकट से बेहाल दुनिया को चीन की ऊर्जा नीति से सीख लेनी चाहिए

**सबसे बड़ा बदलाव चीन के इलेक्ट्रिक वाहन अभियान में दिखता है। जहां 2020 में लक्ष्य रखा गया था कि 2025 तक नए वाहनों में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की होगी, वहीं यह आंकड़ा अपेक्षा से कहीं आगे निकल गया और आधे से ज्यादा नई गाड़ियां इलेक्ट्रिक हो गईं।**



नीरज कुमार दुबे

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच एक सख्त सच्चाई उभर कर सामने आ रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे ने पूरी दुनिया की सांसें रोक दी हैं, लेकिन इस उथल पुथल के बीच चीन एक अलग ही खेल खेलता नजर आ रहा है। जहां एशिया के कई देश ऊर्जा बचाने की अपील कर रहे हैं, वहीं चीन आत्मविश्वास से भरा हुआ है और दावा कर रहा है कि उसके पास ऊर्जा का पर्याप्त रणनीतिक भंडार है।

दरअसल, यह आत्मविश्वास यूं ही नहीं आया। चीन ने पिछले कई वर्षों में एक ऐसी रणनीति तैयार की है जिसने उसे वैश्विक तेल आपूर्ति के झटकों से काफी हद तक सुरक्षित बना दिया है। जब दुनिया तेल के लिए समुद्री मार्गों पर निर्भर है, चीन ने अपनी निर्भरता को योजनाबद्ध तरीके से कम किया है।

सबसे बड़ा बदलाव चीन के इलेक्ट्रिक वाहन अभियान में दिखता है। जहां 2020 में लक्ष्य रखा गया था कि 2025 तक नए वाहनों में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों की होगी, वहीं यह आंकड़ा अपेक्षा से कहीं आगे निकल गया और आधे से ज्यादा नई गाड़ियां इलेक्ट्रिक हो गईं। इसका सीधा असर यह हुआ कि चीन की तेल खपत अब स्थिर होने लगी है।

आंकड़े बताते हैं कि केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के कारण जितना तेल बचा है, वह लगभग उतना ही है जितना चीन सऊदी अरब से आयात करता था। यह बदलाव मामूली नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा भू राजनीति की दिशा बदलने वाला संकेत है।

चीन की दूसरी सबसे बडी ताकत उसका विविधीकृत आयात तंत्र है। जहां जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश एक या दो आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर हैं, वहीं चीन ने अपने तेल स्रोतों को आठ से ज्यादा देशों में फैला रखा है। रूस, ईरान, वेनेजुएला जैसे देशों से सस्ता तेल लेकर उसने पश्चिमी प्रतिबंधों को भी अपने हित में बदल लिया है। रणनीतिक दृष्टि से यह कदम बेहद महत्वपूर्ण है। इसका मतलब है कि यदि किसी एक क्षेत्र में संकट आता है, तो चीन पूरी तरह ठप नहीं होगा।

तीसरा और सबसे खतरनाक दांव है चीन का विशाल तेल भंडार। अनुमान है कि उसके पास इतना तेल जमा है कि वह होर्मुज मार्ग बंद होने की स्थिति में करीब सात महीने तक अपनी जरूरतें पूरी कर सकता है। यह भंडारण केवल



आर्थिक सुरक्षा नहीं बल्कि सामरिक हथियार भी है। देखा जाये तो ऊर्जा सुरक्षा के इस खेल में चीन ने केवल तेल पर ही भरोसा नहीं किया है। उसकी बिजली व्यवस्था लगभग आत्मनिर्भर हो चुकी है। कोयले और तेजी से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा के दम पर चीन ने अपने ग्रिड को बाहरी निर्भरता से लगभग मुक्त कर लिया है।

इसके साथ ही सौर और पवन ऊर्जा का विस्फोटक विस्तार इस बात का संकेत है कि चीन भविष्य की ऊर्जा लड़ाई के लिए पहले ही तैयार है। इसका सीधा असर यह हुआ है कि उसे कम एलएनजी आयात करना पड रहा है और तटीय इलाकों की निर्भरता भी घट रही है। गैस के मामले में भी चीन ने चालाकी दिखाई है। पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए उसने रूस, मध्य एशिया और म्यांमार से सीधी आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है।

इससे समुद्री मार्गों पर निर्भरता और कम हो गई है। सामरिक नजरिए से देखें तो यह पूरी रणनीति एक गहरी सोच का परिणाम है। चीन ने समझ लिया था कि भविष्य की जंग केवल हथियारों से नहीं बल्कि ऊर्जा पर नियंत्रण से जीती जाएगी।

आज जब होर्मुज जलडमरूमध्य पर खतरा मंडरा रहा है, तब भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश चिंता में डूबे हुए हैं। लेकिन चीन इस संकट को अवसर में बदलने की स्थिति में है। सबसे बड़ी बात यह है कि चीन की तेल मांग अब चरम पर पहुंचकर घटने की ओर बढ़ रही है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में उसकी आयात निर्भरता और कम होगी, जिससे वैश्विक बाजार में उसकी स्थिति और मजबूत होगी।

बहरहाल, यह पूरा घटनाक्रम एक साफ संदेश देता है। जो देश समय रहते अपनी ऊर्जा रणनीति नहीं बदलेंगे, वे आने वाले संकटों में बुरी तरह फंस सकते हैं। चीन ने यह साबित कर दिया है कि दीर्घकालिक योजना, आक्रामक निवेश और रणनीतिक विविधीकरण के दम पर किसी भी वैश्विक संकट को मात दी जा सकती है। अब सवाल यह है कि क्या बाकी दुनिया इस सबक को समझेगी या फिर अगला संकट उन्हें पूरी तरह झकझोर देगा।

# ईरान युद्ध पुरा होने के करीब हैः ट्रंप

वाशिंगटन(वार्ता)

हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण राष्ट्रव्यापी संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में मची उथल-पुथल से अमेरिका काफी हद तक सुरक्षित है। उन्होंने सैन्य कार्रवाई तेज करने की चेतावनी देते हुए घोषणा की कि ईरान युद्ध पूरा होने के करीब है।

श्री ट्रंप ने अमेरिकियों से कहा कि युद्ध खत्म होने वाला है और इसमें केवल दो या तीन सप्ताह और लगने का अनुमान है। हालांकि उन्होंने सैन्य अभियान को और तेज करने के संकेत देते हुए चेतावनी दी कि ईरान को पाषाण युग में वापस भेजा जा सकता है।

साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने अमेरिका के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक महत्व को कमतर बताने की कोशिश की, जबकि इस महत्वपूर्ण समुद्री गलियारे की वजह से दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।

श्री ट्रम्प ने कहा, अमेरिका हॉर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए लगभग न के बराबर तेल आयात करता है और भविष्य में भी वहां से कुछ नहीं लेगा। हमें इसकी जरूरत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दुनिया का अग्रणी तेल और गैस उत्पादक देश होने के नाते, वैश्विक बाजारों पर इसका असर होने के बावजूद अमेरिका सुरक्षित है।

अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिकी नागरिक ईंधन की बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे हैं और गैस की कीमतें 2022 के बाद पहली बार चार डॉलर प्रति गैलन के पार पहुंच गई हैं।

श्री ट्रंप ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के बारे में अपडेट देते हुए दावा किया कि अमेरिकी सेना ने तेज और जबरदस्त प्रहार किए हैं जिससे ईरान की नौसेना और वायु सेना तबाह हो गई है, उसके प्रमुख उग्रवादी नेता मारे गए हैं और अमेरिका तथा उसके सहयोगियों को डराने की उसकी क्षमता खत्म हो गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, अब हम पश्चिमी एशिया पर पूरी तरह निर्भर नहीं हैं। फिर भी हम वहां मदद के लिए मौजूद हैं। हमें वहां होने की जरूरत नहीं है। हमें उनके तेल या उनकी किसी चीज की जरूरत नहीं है, लेकिन हम अपने सहयोगियों की मदद के लिए वहां हैं।

इस अभियान को वैश्विक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए श्री ट्रंप ने कहा, मैं ईरान में हमारे योद्धाओं



द्वारा की गई जबरदस्त प्रगति की जानकारी देना चाहता हूं और यह बताना चाहता हूं कि अमेरिका की सुरक्षा और स्वतंत्र दुनिया की सलामती के लिए ऑपरेशन एपिक फ्यूरी क्यों जरूरी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, आज अमेरिका की सेना को दुनिया में आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजक ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी शुरू किए हुए ठीक एक महीना हो गया है। इन पिछले चार हफ्तों में, हमारे सशस्त्र बलों ने युद्ध के मैदान में ऐसी तेज और निर्णायक जीत हासिल की है, जैसी पहले कम ही लोगों ने देखी होगी।

श्री ट्रंप ने तबाही के पैमाने के बारे में कहा, आज रात, ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है। उनकी वायु सेना मलबे में तब्दील है। उनके यादातर नेता अब मर चुके हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) का नियंत्रण तंत्र ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता काफी कम हो गई है और उनके हथियार कारखाने तथा रॉकेट लॉन्चर उड़ा दिए गए हैं।

ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अपना पुराना रुख दोहराते हुए श्री ट्रम्प ने कहा, 2015 में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने प्रचार की घोषणा के पहले दिन से ही मैंने कसम खाई थी कि मैं ईरान को कभी परमाणु हथियार नहीं बनाने दूंगा। इन आतंकवादियों के पास परमाणु हथियार होना एक असहनीय खतरा होगा... मैं ऐसा कभी नहीं होने दूंगा।

श्री ट्रम्प ने कहा, ईरान की परमाणु हथियारों को रोकने के लिए मैंने अपने दो कार्यकाल के दौरान कई काम किए... सबसे पहले और शायद सबसे महत्वपूर्ण, मैंने अपने पहले कार्यकाल में जनरल कासिम सुलेमानी को मार गिराया। मैंने बराक हुसैन ओबामा के ईरान परमाणु समझौते को खत्म कर दिया। असल में, मैंने वह किया जो कोई दूसरा राष्ट्रपति करने को तैयार नहीं था। उन्होंने गलतियां कीं और मैं उन्हें सुधार रहा हूं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि कूटनीति के प्रयास किए गए लेकिन वे विफल रहे। उन्होंने कहा, मेरी पहली प्राथमिकता हमेशा कूटनीति का रास्ता थी, फिर भी शासन ने परमाणु हथियारों की अपनी लगातार कोशिश जारी रखी और समझौते के हर प्रयास को ठुकरा दिया। इसी कारण से, जून में मैंने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के तहत ईरान के प्रमुख परमाणु ठिकानों पर हमले का आदेश दिया। उन्होंने दावा किया कि बाद में ईरान ने अपने कार्यक्रम को कहीं और फिर से बनाने की कोशिश की।

वर्तमान उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए श्री ट्रम्प ने कहा, हम व्यवस्थित रूप से अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर शक्ति दिखाने की कोशिश करने वालों को खत्म कर रहे हैं। ये मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने के करीब हैं।

# बिना डर दें अपना वोट, टीएमसी को उखाड़कर बंगाल की खाड़ी में फेंक दें

## ममता के गढ़ भवानीपुर में गरजे अमित शाह

भवानीपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कोलकाता में एक राजनीतिक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हर किसी को बिना किसी डर के मतदान करना चाहिए ताकि टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके और उसे बंगाल की खाड़ी में बहा दिया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि इस बार किसी को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि कोई भी गुंडा पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। अमित शाह ने कोलकाता में एक चुनावी रैली में कहा कि इस बार किसी को डरने की जरूरत नहीं है; कोई गुंडा बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। हर किसी को बिना किसी डर के मतदान करना चाहिए ताकि टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके और उसे बंगाल की खाड़ी में बहा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बदलाव आएगा। लेकिन आप भाबनीपुर में बदलाव चाहते हैं या नहीं? मैं यहां अपने उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी के लिए आपके वोटों की अपील



करने आया हूं।

बंगाल में लगभग हर दिन बम हमले और गोलीबारी की खबरों का हवाला देते हुए अमित शाह ने कहा कि न केवल बंगाल में बल्कि ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भाबनीपुर में भी बदलाव आएगा। गौरतलब है कि अमित शाह ने गुरुवार को भाबनीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के नामांकन दाखिल करने के कार्यक्रम में भाग लिया और उनके साथ रोड शो किया। रोड शो भाबनीपुर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए सर्वे भवन पर समाप्त हुआ, जहां अधिकारी अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि काफिला सर्वे भवन से लगभग 200 मीटर पहले रुकेगा और शाह अधिकारी के साथ कार्यालय तक जाएंगे, जहां भाजपा नेता अपना नामांकन पत्र जमा करेंगे।

भाजपा नेताओं ने कहा कि नामांकन दाखिल करने के कार्यक्रम में शाह की भागीदारी भाबनीपुर चुनाव को पार्टी द्वारा दिए जा रहे महत्व को रेखांकित करने के लिए थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी बाद में भाबनीपुर में चुनाव प्रचार करने की संभावना है।

# भाजपा सरकार का एफसीआरए बिल मनमाना, ईसाई एनजीओ और चर्चों पर सीधा हमला: स्टालिन

चेन्नई, (वार्ता)

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रस्तावित विदेशी अंशदान विनियमन (संशोधन) विधेयक (एफसीआरए) 2026 की कड़ी निंदा करते हुए इसे अन्यायपूर्ण और मनमाना करार दिया है। उन्होंने इसे ईसाई गैर सरकार संगठन (एनजीओ), चर्चों और अन्य अल्पसंख्यक संस्थानों पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य विदेशी फंडिंग को रोकना है। उन्होंने इस विधेयक को पूरी तरह वापस लेने की मांग की है।श्री स्टालिन ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की कोशिश के बाद भाजपा सरकार अब अन्य अल्पसंख्यक संस्थानों की विदेशी फंडिंग रोकने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि हालांकि विपक्षी दलों के विरोध और केरल, जहां ईसाई की बड़ी आबादी हैं, में विधानसभा चुनावों के कारण सरकार फिलहाल पीछे हट गयी है लेकिन संसद के विशेष सत्र के माध्यम से इस एफसीआरए विधेयक पारित करने की एक स्पष्ट योजना है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए दोहराया कि इस मनमाने और अन्यायपूर्ण एफसीआरए विधेयक को पूर्ण रूप से वापस लिया जाना चाहिए।श्री स्टालिन ने कहा, मैं केंद्र की भाजपा सरकार के प्रस्तावित विदेशी अंशदान विनियमन (संशोधन) विधेयक 2026 की कड़ी निंदा करता हूं, जो ईसाई एनजीओ, चर्चों और अन्य अल्पसंख्यक संस्थानों पर सीधा हमला है। उन्होंने दावा किया, वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने के प्रयासों के बाद केंद्र की भाजपा सरकार अब अन्य अल्पसंख्यक संस्थानों के लिए विदेशी फंडिंग का गला घोंटने की कोशिश कर रही है। इस अन्यायपूर्ण और मनमाने विधेयक को पूरी तरह से वापस लिया जाना चाहिए और मैं भारत के माननीय प्रधानमंत्री से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं।

## अफगानिस्तान में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हुई ,73 लोग घायल

**काबुल, (वार्ता)।** अफगानिस्तान के कई प्रांतों में 25 मार्च से भारी बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है और 73 लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता मोहम्मद यूसुफ हम्माद ने कहा, अब तक बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 48 लोगों की मौत हो चुकी है और 73 लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटों में छह लोगों की मौत हुई है और सात लोग घायल हुए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों में बाढ़ ने 139 आवासीय भवनों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और 394 अन्य भवन आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। पिछले 24 घंटों में एक हजार से अधिक परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

# जरूरतमंद को आवास, बीमार का इलाज सरकार की प्राथमिकता: योगी

गोरखपुर, ( वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हर संभव आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने बैठे लोगों के बीच पहुंचकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्र लेकर संबंधित प्रशासनिक और पुलिस



अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक तरीके से किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए।

इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी आवास योजना के तहत घर दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद मांगने आए लोगों से उन्होंने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जरूरतमंद मरीजों के इलाज का इस्टीमेट जल्द तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें शीघ्र मदद मिल सके। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री का मानवीय पक्ष भी देखने को मिला। उन्होंने महिलाओं के साथ आए बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## संविदा के बजाय युवाओं को स्थायी नौकरियां दी जायें: सपा सांसद

**नयी दिल्ली,(वार्ता)।** सपा के राम प्रसाद चौधरी ने गुरुवार को लोक सभा में बेरोजगारी की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए युवाओं को संविदा के बजाय स्थायी नौकरियां प्रदान करने की मांग की। श्री चौधरी ने शून्य काल में यह मामला उठाते हुए कहा कि रेलवे, विद्युत और अन्य विभागों में सारे कर्मचारी संविदा पर रखे जाते हैं और उन्हें मामूली वेतन दिया जाता है। सात-आठ साल की सेवा के बाद उन्हें नौकरियों से निकाल दिया जाता है। ऐसे युवाओं की नौकरियों के लिए आयु भी तब तक समाप्त हो जाती है।ऐसी स्थिति में उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। उन्होंने सरकार से युवाओं को स्थायी नौकरियां देने की मांग की।

# डब्ल्यूएचओ ने ऑटिस्टिक व्यक्तियों की गरिमा और उनके महत्व का सम्मान करने का किया आह्वान

संयुक्त राष्ट्र/चेन्नई, (वार्ता)

विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर जहां विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया भर के परिवारों के साथ मिलकर ऑटिस्टिक व्यक्तियों की गरिमा और उनके महत्व का सम्मान करने का आह्वान किया है , वहीं चेन्नई के एसआरएम मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में विश्व ऑटिज्म दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय ऑटिज्म और मानवता हर जीवन का मूल्य है था। कॉलेज की डीन डॉ. जयंती आर. ने कहा कि ऑटिज्म कोई विकार नहीं, बल्कि एक स्पेक्ट्रम है। उन्होंने ऑटिज्म के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण बदलने के महत्व पर जोर दिया। एनआईईपीएमडी की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. जे. विजयलक्ष्मी ने ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के विकास में संचार की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभावी संचार को सक्षम बनाना ही प्राथमिक ध्यान होना चाहिए, क्योंकि यह स्वतंत्रता और सामाजिक एकीकरण के लिए मौलिक है। चेन्नई स्थित पेबल्स थेरेपी सेंटर की निदेशक और पूर्व छात्रा सुश्री गीता सुरेंद्रराज ने हस्तक्षेप के लिए व्यावहारिक और करुणामय दृष्टिकोण पर जोर दिया।

विश्व ऑटिज्म डे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी एक संदेश जारी कर ऑटिस्टिक व्यक्तियों की अंतर्निहित गरिमा का उत्सव मनाने की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन के तहत सभी इंसान, चाहे उनकी मानसिक विविधता कैसी भी हो, मानवाधिकारों के पूर्ण हकदार हैं। महासचिव ने चिंता जतायी कि वर्तमान अशांत समय में सामाजिक कलंक फिर से उभर रहे हैं, जो समानता की दिशा में की गयी प्रगति को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि अन्य लोगों की तरह ऑटिस्टिक व्यक्तियों को भी अपना जीवन स्वयं संवारने और हमारे साझा भविष्य को आकार देने का पूरा अधिकार होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समान शिक्षा, निष्पक्ष रोजगार और सुलभ स्वास्थ्य प्रणालियों के माध्यम से ही हम ऑटिस्टिक लोगों को उन्नति के अवसर दे सकते हैं। विविधता को अपनाना हमें सशक्त बनाता है, इसलिए हमें एक अधिक समावेशी दुनिया के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहिए।

बता दें कि डब्लूएचओ ऐसी नीतियों की वकालत करता रहा है, जो स्वास्थ्य, शिक्षा और कार्यस्थल जैसे क्षेत्रों में न्यूरो-इनक्लूसिव (सभी मानसिक विविधताओं को समाहित करने वाले) वातावरण को बढ़ावा दें। विश्व स्तर पर, हर 127 में से एक व्यक्ति ऑटिज्म से ग्रसित है, जो एक आजीवन रहने वाली तंत्रिका-विकासात्मक स्थिति है और सामाजिक मेलजोल व व्यवहार को प्रभावित करती है।

# नासा का मानवयुक्त आर्टेमिस-।। चंद्र मिशन केप कैनावेरा से लॉन्च, चार सदस्यीय दल मिशन का हिस्सा

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपना मानवयुक्त चंद्र मिशन आर्टेमिस ।। को सफलतापूर्वक केप कैनावेरल से प्रक्षेपित कर दिया है। चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ ओरियन अंतरिक्ष यान अपने लक्ष्य की ओर रवाना हो गया है। प्रक्षेपण के बाद रॉकेट का पहला चरण ओरियन से सफलतापूर्वक अलग हो गया है तथा ओरियन पृथ्वी की कक्षा में भी स्थापित हो गया है। वह पृथ्वी की कक्षा में 24 घंटे तक चक्कर लगाने के बाद आगे की यात्रा के लिए निकलेगा।

यह आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत नासा का पहला मानवयुक्त मिशन है। चार सदस्यीय दल में नासा के अंतरिक्ष यात्री रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच शामिल हैं। साथ ही कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन भी दल का हिस्सा हैं। आर्टेमिस मिशन की योजना तीन चरणों में बनाई गई है। बिना चालक दल वाली पहली उड़ान 2022 के अंत में हुई थी। दूसरे चरण में चालक दल के साथ चंद्रमा के चारों ओर उड़ान भरी जाएगी, जिसके बाद तीसरे चरण में अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारा जाएगा। चंद्रमा के चारों ओर से घमूने वाला यह मिशन 50 से अधिक वर्षों में नासा का पहला मानवयुक्त चंद्र मिशन है। यह 10 दिवसीय मिशन चार अंतरिक्ष यात्रियों को ओरियन अंतरिक्ष यान में चंद्रमा के चारों ओर भेजेगा। यह मनुष्यों द्वारा अब तक की गई सबसे लंबी अंतरिक्ष यात्रा होगी।

दल चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से लगभग 7,400 किलोमीटर आगे तक यात्रा करेगा और फिर पृथ्वी पर लौटेगा।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज ने 920 करोड़ की कमाई की

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर~ द रिवेंज कमाई ने भारतीय बाजार में दो सप्ताह में 920 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर की



सीक्वल धुरंधर~ द रिवेंज बॉक्स ऑफ़िस पर राज कर रही है।

रणवीर सिंह की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, राकेश बेदी और सारा अर्जुन की अहम भूमिका है। सैकनिल्क के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार धुरंधर~ द रिवेंज ने पेड प्रीव्यू के दौरान 18 मार्च को फिल्म ने 43 करोड़ रूपये की कमाई की। फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताह भारतीय बाजार में 674.17 करोड़ की धमाकेदार कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में 245.85 करोड़ की कमाई की है। इस तरह इस फिल्म 14 दिनों में भारतीय बाजार में 920. 02 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।उम्मीद की जा रही है कि धुरंधर~ द रिवेंज जल्द ही भारतीय बाजार में 1000 करोड़ की कमाई कर लेगी।

# पुष्पा का किरदार निभाना बेहद पसंद : करुणा पांडे



अभिनेत्री करुणा पांडे का कहना है कि सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में उन्हें पुष्पा का किरदार निभाना बेहद पसंद है। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी ज़मीन से जुड़ी कहानी और दमदार अभिनय के ज़रिए दर्शकों के दिलों को लगातार छू रहा है। हाल ही में दर्शकों ने शो में पुष्पा की ज़िंदगी का सबसे दर्दनाक पल देखा, जब झूठे रिश्वत के आरोप के चलते उसका वकील का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। यह सीक्वेंस कहानी का अहम मोड़ साबित हुआ, जहाँ पुष्पा अपनी पहचान से वंचित होकर सबसे नाज़ुक हालात में नज़र आई,लेकिन फिर भी अपने मूल्यों को थामे रही। इस भावनात्मक पल को पर्दे पर उतारना आसान नहीं था। करुणा पांडे ने पुष्पा के दर्द और संघर्ष को पूरी तरह महसूस करते हुए ऐसा अभिनय किया, जिसने दर्शकों को गहराई से जोड़ दिया। करुणा पांडे ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा,यह मेरे लिए शो का सबसे भावनात्मक और थकाने वाला सीक्वेंस था। पुष्पा के लिए उसका वकील का लाइसेंस सिर्फ़ एक कागज़ नहीं है।यह उसकी पहचान और आत्मसम्मान का प्रतीक है। अचानक और नाइंसाफ़ी के हालात में इसे छिन जाना बेहद तकलीफ़देह है। इन दृश्यों को निभाते समय मुझे लगातार बेबसी की भावना में रहना पड़ा, जिससे भावनात्मक तौर पर काफी असर हुआ। कई बार मुझे टेक्स के बीच रुककर खुद को संभालना पड़ा क्योंकि भावनाएँ बहुत सच्ची लग रही थीं। लेकिन ऐसे ट्रैक ही मुझे याद दिलाते हैं कि पुष्पा का किरदार निभाना क्यों मुझे इतना पसंद है, वह टूटती है, लेकिन कभी हार नहीं मानती।

# संजय दत्त स्टारर सवाल, का टीजर हुआ रिलीज़




बॉलीवुड स्टार संजय दत्त स्टारर सवाल, का टीजर रिलीज़ हो गया है। नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग के निर्देशन में बनी फिल्म सवाल में संजय दत्त मुख्य भूमिका में हैं और इसे निखिल नंदा ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का टीज़र रिलीज हो गया है। महात्मा गांधी के निधन के बाद लगाए गए बैन से लेकर बाबरी मस्जिद ढहाने के आरोपों तक, सवाल ऐसे गंभीर सवाल उठाती है जिनके जवाब लोग लंबे समय से ढूंढ रहे हैं। संजय दत्त के साथ-साथ अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, नीतू चंद्रा और त्रिधा चौधरी जैसे शानदार कलाकारों से सजी सवाल उन फिल्मों में से एक है जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कहानी विक्की की है, जो एक होनहार लेकिन थोड़ा गुस्सैल स्कॉलर है और प्रोग्रेसिव इंडिया का एक महत्वाकांक्षी युवा है। विक्की अपनी थीसिस रिजेक्ट होने के बाद अपने गुरु प्रोफेसर गोपाल नडकर्णी पर पक्षपात का आरोप लगाता है। जो शुरू में एक निजी एकेडमिक विवाद होता है, वो बाद में नेशनल टेलीविजन पर होने वाली बहस में बदल जाता है।

# एकता कपूर की अक्षय कुमार स्टारर फिल्म भूत बंगला के 16 अप्रैल से शुरू होंगे पेड प्रिव्यूज

बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की अक्षय कुमार स्टारर फिल्मभूत बंगला का पेड प्रिव्यू 16 अप्रैल की रात नौ बजे से शुरू होने जा रहा है।बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी भूत बंगला अब अपनी रिलीज़ के बेहद करीब है। उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों से भी बढ़कर होगी। बढ़ते एक्साइटमेंट के साथ, यह फिल्म मनोरंजन का एक ऐसा पैकेज लाने का वादा करती है जो पहले कभी नहीं देखा गया। 16 अप्रैल 2026 की रात नौ बजे से शुरू होने वाले पेड प्रिव्यू के साथ यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म में क्या खास है और लोगों के पहले रिएक्शंस कैसे आते हैं। अपने डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स और बड़े




मार्केट के एग्जीबिटर्स के साथ लंबी चर्चा और उनकी कई गुजारिशों के बाद, हमने भूत बंगला की रिलीज को एक हफ्ते आगे बढ़ाने का फैसला किया है। हम दर्शकों को सिनेमा का एक बेहतरीन अनुभव देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और हमें भरोसा है कि इस फैसले से फिल्म को फायदा होगा और थिएटर्स में इसे एक लंबी और शानदार दौड़ मिलेगी! धुरंधर~ द रिवेंज, इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर कमाल का प्रदर्शन कर रही है, जो कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री और प्रोड्यूसर्स के लिए बहुत अच्छी खबर है। हमारे एग्जीबिटर्स को लगा कि इस फिल्म को एक साफ और बिना किसी रुकावट वाला हफ्ता देना पूरी इंडस्ट्री के लिए सबसे बेहतर होगा।

# जनगणना 2027 के कार्यक्रम की सफलता के लिए गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें : कलेक्टर सिंह

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए द्वितीय बैच का प्रशिक्षण जारी





नरसिंहपुर,

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण का कार्यक्रम निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। जनगणना किसी देश में एक निश्चित समय पर प्रत्येक परिवार और प्रत्येक व्यक्ति की आधिकारिक पूर्ण गणना है। जनगणना के दौरान महत्वपूर्ण आंकडे शामिल होते हैं, इसमें सावधानी पूर्वक कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त फील्ड ट्रेनर्स गहनता और सूक्ष्मता से प्रशिक्षण प्राप्त करें, जिससे मैदान स्तर पर नियुक्त प्रगणकों को प्रशिक्षित किया जा सके। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 31 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक जनपद पंचायत नरसिंहपुर के परिसर में स्थित ई-दक्ष केन्द्र में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देशित किया कि नियुक्त प्रगणक आमजन को अवगत कराना सुनिश्चित करें कि संकलित की गई जानकारियां गोपनीय रहेंगी। इन्हें कहीं पर भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा। इससे शासकीय योजना के हितलाभ भी प्रभावित नहीं होंगे। उक्त प्रशिक्षण के प्रथम दिवस 31 मार्च एवं द्वितीय दिवस एक अप्रैल को जिले के मास्टर ट्रेनर्स श्री भगवानदास कोष्टी एवं श्री गजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना 2027 हेतु मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण उपरांत नियुक्त प्रगणकों और सुपरवाईजर्स को प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती देवंती परते, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी सुश्री लता बान, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री विकास तिवारी एवं जनगणना प्रभारी सुश्री श्रुति पाटीदार, ई-दक्ष केन्द्र के प्रशिक्षक श्री इंद्रश यादव व श्री राहुल सोनी तथा समस्त प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी होंगे शामिल

## स्कूलों में जाकर प्रेरक की भूमिका के रूप में अध्यापन कराने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

नरसिंहपुर,

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले में 4 अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में स्कूल चले हम अभियान सत्र 2026- 27 के तहत विधिक कार्यक्रम/गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा भी किसी एक शाला में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को एक परीरियड अध्यापन एवं मार्गदर्शन प्रोत्साहन किया जाना है।

इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा 4 अप्रैल को भविष्य सें भेंट कार्यक्रम में शामिल होंगे। कलेक्टर श्रीमती सिंह शासकीय हायर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल एमएलबी नरसिंहपुर में और पुलिस अधीक्षक डॉ. मीण शासकीय हायर सेकेंडरी नेहरू स्कूल नरसिंहपुर में शामिल होंगे। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल में जाकर प्रेरक की भूमिका के रूप में एक पीरियड का अध्यापन कराने के लिए कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### मंत्री प्रहलाद पटेल ने की हनुमान जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना

**नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल गुरूवार को हनुमान जयंती के अवसर पर देव अनगढ़ मंदिर नरसिंहपुर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेशवासियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, श्री रामसनेही पाठक, श्री सुनील कोठारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मंत्री उदय प्रताप सिंह आजन स्थानीय कार्यक्रम में होंगे शामिल

नरसिंहपुर

. प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह शुक्रवार 3 अप्रैल को गाडरवारा के विभिन्न स्थानों में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे और गणमान्यजनों से भेंट करेंगे।

## 25 वाहनों की जांच कर 6 वाहनों से 22 हजार 500 रुपये का चालान वसूला




नरसिंहपुर

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में संचालित यात्री वाहनों एवं स्कूली वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर चालान वसूला गया। बुधवार को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी एवं पुलिस स्टाफ के साथ संयुक्त रूप से तेंदूखेड़ा-गाडरवारा मार्ग एवं राजमार्ग चौराहा पर चेकिंग प्वाइंट बनाकर वाहनों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान लगभग 25 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 6 वाहनों के विरूद्ध 22 हजार 500 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई।

# मेहनत लगन और नियमित अध्ययन से ही बेहतर परिणाम संभव : कलेक्टर श्रीमती सिंह

नरसिंहपुर,

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह शामिल हुई। उन्होंने यहां बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर बच्चों को तिलक व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के पूजन- अर्चन के साथ किया गया। उन्होंने स?कूल की घंटी बजाकर शाला का शुभांरभ किया। उन्होंने स्कूल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम हमेशा बच्चों के मन में जिज्ञासा पैदा करता है और वे इसे लेकर उत्साहित रहते हैं। बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए तथा नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में ऐसे शिक्षक हैं, जिन्होंने शत-प्रतिशत परिणाम दिए हैं, जो सराहनीय है। एक भी विद्यार्थी का असफल न होना कठिन कार्य है, जो लगातार प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने इसके लिए शिक्षकों को बधाई दी। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई, परिवार का सहयोग, योग्य शिक्षक और नियमित उपस्थिति ये सभी कारक मिलकर अच्छे परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 10 वीं का परीक्षा फल जीवन में महत्वपूर्ण होती है और यह भविष्य की दिशा तय करने की शुरुआत है। उन्होंने बताया कि अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए पढ़ाई अत्यंत आवश्यक है। चाहे कोई शिक्षक, अधिकारी या अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहता हो, उसे संबंधित विषयों का अध्ययन करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हर बच्चे का अलग-अलग लक्ष्य होता है, इसलिए अपने भीतर छिपी प्रतिभा को निखारें और उस लक्ष्य की प्राप्ति करें। जिनके पास संसाधन अधिक हैं वे व्यवसाय के माध्यम से आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए शिक्षा ही आगे बढ़ने का सबसे मजबूत माध्यम है। प्राचार्य श्री जी.एस. पटैल ने में विद्यालय परीक्षा परिणाम और विद्यालय की उपलब्धियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विगत शैक्षणिक सत्र 2025-26 की स्थानीय बोर्ड परीक्षा कक्षा 9 एवं 11 की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया, जिसमें कक्षा 09 में प्रथम मोनिका प्रजापति 96 प्रतिशत, द्वितीय लक्ष्मी चौधरी 93 प्रतिशत व तृतीय आदर्श साहू 92.67 प्रतिशत, कक्षा 11 के गणित संकाय में प्रथम गौरव कहार 94.4 प्रतिशत, द्वितीय सोनम प्रजापति 93.8 प्रतिशत, तृतीय वत्सला श्रीवास्तव 93.6 प्रतिशत, जीवविज्ञान संकाय में प्रथम कृष्णा सोनी 86.2 प्रतिशत, द्वितीय घ्रुव अग्रवाल 80.4 प्रतिशत, तृतीय रूचि पटैल 78.4 प्रतिशत तथा कला संकाय में प्रथम ईशु पटैल 85.4 प्रतिशत, द्वितीय शालिनी ठाकुर 82.2 प्रतिशत और तृतीय दुर्गेश प्रजापति 79.6 प्रतिशत ने स्थान प्राप्त किया। इसके उपरांत विद्यालय के ईको क्लब द्वारा आयोजित गतिविधियों पोस्टर मेंकिग में कक्षा 12 वीं की सौम्या विश्वकर्मा प्रथम, कक्षा 11 वीं की प्राची कश्यप द्वितीय और कक्षा 11 वीं की मुस्कान राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 वीं की मीनाक्षी डेहरिया ने प्रथम, कक्षा 9 वीं के जय कुमार दुबे द्वितीय और कक्षा 9 वीं की इशिका मेहरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्थानीय बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम लाने वाले शिक्षक श्री रामदीन ठाकुर (हिन्दी), श्रीमती सुनीता सोनी (विज्ञान), श्रीमती गुलशाना उस्मानी (भूगोल), श्री नवीन दुबे (भौतिक शास्त्र), श्रीमती लक्ष्मी मेहरा (संस्कृत), श्रीमती प्रीति खरे (इतिहास), श्री राजेन्द्र महोबे (संस्कृत), श्री राजकुमार लोधी (हिन्दी), रोहित पटैल (गणित), श्रीमती दीपमाला ध्रुर्वे (अर्थशास्त्र), श्रीमती हेमलता ठाकुर (अंग्रेजी), श्रीमती गीता विश्वकर्मा (अंग्रेजी), श्रीमती मीना श्रीवास्तव (हिन्दी), सुश्री. दीपशिखा गुप्ता (रसायन शास्त्र), श्रीमती शिवानी चौरसिया (गणित), श्री पंकज उमरे (हिन्दी), श्रीमती साक्षी तिवारी (विज्ञान), मो.शाहबाज (ई.टी), श्रीमती पूजा पवरिया (विज्ञान) एवं श्री रोहित शर्मा (आई.टी) को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सुषमा तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार कुशवाहा, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान श्री आरके श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. बी.एस. शर्मा, श्री जी.के. चौधरी, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री एल.एल. श्रीवास्तव, व्याख्याता जिला प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर श्री बी.एन.पांडे, सहित अन्य शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रमेश कौरव व श्रीमती शिवानी चौरसिया एवं आभार प्रदर्शन श्री

# ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई का आवासीय प्रशिक्षण 4 अप्रैल से होगा प्रारंभ

नरसिंहपुर,

निदेशक सेंट-आरसेटी नरसिंहपुर ने बताया कि सेंट-आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में निःशुल्क महिला सिलाई का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रहेगा। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना चाहिए। इच्छुक आवेदनकर्ता 3 अप्रैल 2026 तक अपना आवेदन दे सकते हैं। साक्षात्कार लिए जाने के उपरांत चयनित प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण 4 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। एक बैच के प्रशिक्षण 35 अभ्यर्थियों की सीट रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री, स्टेशनरी, 3 टाइम चाय-नाश्ता, दो टाईम भोजन एवं आवासीय सुविधा, सर्टीफाई ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवेदकों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मार्कशीट, बीपीएल राशन कार्ड/ मनरेगा जॉब कार्ड/ ग्रामीण समूह का सदस्य-एसईसीसी, 4 फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और अनिवार्य रूप से बैंक पासबुक की फोटोकॉपी लाना आवश्यक है। प्रशिक्षणार्थियों को महिला सिलाई के साथ-साथ विभिन्न खेल के माध्यम से व्यापार में जोखिम लेना, गुणवत्ता, आत्मविश्वास, बीमा की जानकारी तथा वित्तीय जागरूकता संबंधी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत मुद्रा योजना एवं शासकीय योजनाओं के तहत हितग्राही के बैंक सेवा क्षेत्र के अनुसार स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण आवेदन बैंकों में प्रेषित किए जाएंगे। शासन द्वारा ऋण योजनाओं में जो लाभ दिया जा रहा है, वह भी हितग्राहियों को ऋण लेने के उपरांत प्राप्त होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सुभाष वार्ड स्थित जिला पंचायत कार्यालय के बाजू में सेंट आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था नरसिंहपुर, दूरभाष नंबर 07792-234355 और मोबाइल नंबर 9424034982 व 9131905187 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## रोगी कल्याण समिति के कार्यकारिणी सभा की बैठक 8 अप्रैल को होगी

नरसिंहपुर

कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति के कार्यकारिणी सभा की बैठक जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के आईपीपी 6 में बुधवार 8 अप्रैल को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। सचिव/जिला सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजकुमार चौधरी ने समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### नगर पालिका ने खरीदी रोड स्वीपिंग मशीन

**दमोह।** नगर पालिका परिषद दमोह ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में एक आधुनिक रोड स्वीपिंग मशीन खरीदी गई है। नई मशीन का मुख्य उद्देश्य शहर की प्रमुख सड़कों पर जमी धूल को हटाना और समग्र स्वच्छता स्तर को बेहतर बनाना है। इससे न केवल सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। इस मशीन की खरीद के लिए जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा खनिज मद से राशि उपलब्ध कराई गई है जिससे नगर पालिका को यह सुविधा जुटाने में सहायता मिली। नगरपालिका द्वारा यह मशीन विशेष रूप से शहर की मुख्य सड़कों की सफाई के लिए उपयोग में लाई जाएगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् करेली जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

**Municipal Council Kareli Dist. Narsinghpur (m.p)**
**(Main Road, Kareli Phone: 07793-270046**
**Email: cmokareli@mpurban.gov.in)**

क्र./690/ न.पा./2025-26 करेली, दिनांक 31/03/2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद करेली द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 अनुरूप अधिसूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद करेली क्षेत्रांतर्गत ऐसे थोक कचरा उत्पादक (Bulk Waste Generator) जो प्रतिदिन 100 कि.ग्रा. से अधिक कचरा उत्पन्न करते है वे अपने परिसर में उत्पन्न होने वाले गीले सूखे कचरे का पृथक्करण कर उनका ऑनसाइट प्रसंस्करण करे कम्पोस्ट पिट बनवाकर या कम्पोस्टर लगवाकर गीले कचरे से कम्पोस्ट बनवाये तथा सूखे कचरे की रिसाईक्लिंग सुनिश्चित कराये। ऐसे थोक कचरा उत्पादक अगर अपना अपशिष्ट (कचरा) नियमानुसार प्रसंस्करण नही करते है उन पर 2000 रूपये का जुर्माना लगाया जायेगा। दोबारा यही गलती पाये जाने पर निर्धारित जुर्माना का दोगुना वसूल किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद करेली**


# नगर पालिका ने शुरू किए निःशुल्क प्याऊ

करेली



भीषण गर्मी में आमजन और राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद करेली ने शहर में निःशुल्क प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया है। बुधवार को नगर पालिका द्वारा शहर के 14 प्रमुख स्थानों पर प्याऊ शुरू किए गए, जहां पूरे ग्रीष्मकाल के दौरान लोगों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा इस वर्ष स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने, पुलिस थाना के सामने, शासकीय अस्पताल परिसर के अंदर, बरमान चौराहा सहित शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर प्याऊ स्थापित किए गए हैं। इन स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है, जिससे बाजार आने वाले नागरिकों, मरीजों के परिजनों तथा राहगीरों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना समिति का उद्देश्य पालीवाल

**करेली।** विगत दिवस खजांची रामकली बाई आदर्श इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल करेली का लोकल परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष मधुसूदन पालीवाल ने की कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समिति के सचिव राजीव अग्रवाल प्रशासक कमलेश सोनी सहकोषाध्यक्ष रविंद्र पाल जी लांबा तथा किरीट जी सवाला उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चन से हुई। अतिथि स्वागत विद्यालय की छात्राएं अनन्या बजाज एवं सुरभि विश्वकर्मा ने किया, इसके उपरांत विद्यालय के 35 छात्र छात्राएं जिन्होंने शासन द्वारा शालेय खेल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर अपनी सहभागिता दी उन्हें यूनिफॉर्म किट प्रदान की गई, वही मध्यप्रदेश में राज्य स्तरीय फुटबॉल एवं क्रिकेट में चयनिति हो जबलपुर संभाग का नेतृत्व करने वाले 12 छात्र छात्राएं अदिति कौरव, विधि तिवारी,राधिका नेमा नैंसी चौधरी पलक साहू कल्याणी नोरीया मणिका कौरव आलिया तबस्सुम अक्षत उपाध्याय अनुज विश्वकर्मा आयुष पटेल कनिष्क राजपूत इत्यादि का सील्ड एवं ट्रॉफी से सम्मान किया गया तदोपरांत कक्षा प्रथम से ग्यारहवीं तक के क्लास में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक कक्षा के प्रथम 5 छात्र छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद करेली जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

Municipal Council Kareli Dist, Narsinghpur (m.p) (Main Road, Kareli Phone: 07793-270046 Email: cmokareli@mpurban.gov.in)

क्र./689/ न.पा./2025-26 **अधिसूचना** करेली, दिनांक 31/03/2026

एतद् द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत के समस्त नागरिको, दुकानदारों, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयो को सूचित किया जाता है कि शासन के आदेशानुसार नगर में समसत घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS: 2470, 2470 IS : 2470, Part 1, IS : 2470 Part 2 के मानक अनुसार निर्मित किया जाना आवश्यक है एवं निकाय क्षेत्रांतर्गत समस्त सेप्टिक टैंको को प्रति दो से तीन वर्ष में खाली कराया जाना आवश्यक है तथा खुले में शौच व पेशाब करने पर अर्थदण्ड (स्पॉट फाईन) निम्नानुसार है।

| क्र. | कार्यवाही विवरण | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| 1 | IS: 2470, 2470 IS : 2470, Part 1, IS : 2470 Part 2 के मानक अनुसार निर्मित सेप्टिक टैंक निर्माण नहीं करने पर | 2500/- |
| 2 | सेप्टिक टैंको को प्रति दो से तीन वर्ष में खाली नही करवाये जाने पर | 1000/- |
| 3 | हाथ से सेप्टिक टैंक खाली करवाये जाने पर | 1000/- |

| क्र. | कार्यवाही विवरण | प्रथम बार करने पर जुर्माना राशि | पुनः करने पर जुर्माना राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | खुले में शौच व पेशाब करते पाये जाने पर | 50/- | 100/- |
| 2 | शौचालय का गंदा पानी/मलवा खुले में छोडने पर | 500/- | 550/- |

सेप्टिक टैंक खाली करवाने हेतु उपयोग शुल्क

| क्र | वैक्यूम | शहरी क्षेत्र में | शहरी क्षेत्र की बाहर |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रेक्टर चलित | 2000/- प्रति ट्रिप | 2500/- प्रति ट्रिप+50 रूपया प्रति किलोमीटर |

अतः उपरोक्त मानक अनुसार सेप्टिक टैंक निर्माण नहीं करने, दो से तीन वर्ष में खाली नहीं करवाये जाने पर अर्थदण्ड के साथ नियमानुसार कार्यवाही भी जायेगी।

नोट : सेप्टिक टैंक खाली करने हेतु निकाय में अथवा दूरभाष क्रमांक 8085156350 पर सम्पर्क करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद करेली**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद करेली जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

**Municipal Council Kareli Dist. Narsinghpur (m.p)**
**(Main Road, Kareli Phone: 07793-270046 Email: cmokareli@mpurban.gov.in)**

पृ.क्र./688/न.पा/.2025-26 करेली, दिनांक 31/03/2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद करेली से अपील की जाती है कि कचरा प्रबंधन की 3 आर 3 आर अवधारणा (रिड्यूस. रीयूज, रिसाईक्लिंग) अनुसार वे अपने द्वारा उत्पन्न किये जाने वाले गीले व सूखे कचरे की मात्रा निरंतर कम करे कम्पोस्ट पिट बनाकर गीले कचरे से खाद बनाये अथवा मटका पद्धति से होम कम्पोस्टिंग करे उत्पन्न कचरे को पुनः उपयोग में लाये तथा अनुपयोगी कचरे की रिसाइक्लिंग कर उसे कवाड वाले को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे व स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में करेली शहर को नम्बर 01 रेंक दिलवाने में अपनी सहभागिता दे। नगर पालिका परिषद करेली द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग प्रतिबंधित है।

भवन निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सी.एड.डी. वेस्ट) निपटान हेतु हल्पलाईन नंबर 9752986444 है। नगर पालिका परिषद करेली द्वारा फीकल स्लज एण्ड सेप्टेग मेनेजमेंट बड लाग 2019 जारी किया गया है इसके अनुसार स्वच्छता और एफ.एस.एस. एम. सर्विस लेवल वेचमार्क कार्य योजना बनाई गई है। जिसके अनुसर फीकल स्लज प्रबंधन कार्य में लापरवाही बरतने पर जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान दिया गया है। नगर पालिका परिषद करेली क्षेत्र में मेनुअल स्केवेजिंग प्रतिबंधित है सेप्टिक टैंक डिस्लीजिंग एवं फीकल स्लज प्रबंधन सुविधा हेतु नगर पालिका परिषद करेली का हेल्पलाईन नंबर 8085156350 है।

उपरोक्त जुर्माना सेप्टिक टैंक निर्माण करने वाले व फीकल स्लज सेप्टिक टैंको से डिस्लज करने व उसका प्रबंधन करने वाले प्राइवेट व्यक्ति/संस्थाओं पर निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन करने पर अधिरोपित किया जायेगा। जुर्माना व दंडात्मक शुल्क का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | विवरण | क्लाज | जुर्माना राशि (रू.मे.) |
|---|---|---|---|
| 1 | अवैज्ञानिक या दोषपूर्ण के सेप्टिक टैंक बनाने पर | 5 | 2000/- |
| 1.1 | पुनः उल्लघंन पर | 5 | 3000/- |
| 2 | नाली, सड़क, वॉटर वाडी अथवा खुले स्थान पर फीकल स्लज सेवेज डिस्चार्ज करने पर | 11 | 5000/- |
| 2.1 | पुनः उल्लघंन पर | 11 | 10,000/- |
| 3 | अनाधिकृत वैक्यूम टैंकर मडपंप/सेसपूल वाहन का उपयोग करने पर | 11 | 5000/- |
| 3.1 | पुनः उल्लघंन पर | 11 | 10,000/- |
| 4 | दुर्घटनावस फीकल स्लज सेसपूल वाहन से बह जाने पर स्लज का नियमानुसार प्रबंधन ना करने पर | 08 | 2000/- |
| 4.1 | पुनः उल्लघंन पर | 08 | 3000/- |
| 5 | मानव द्वारा हाथ से (मैनुअल स्केवेजिंग) सेप्टिक टैंक से फीफल स्लज साफ करने पर | 06 | 5000/- |
| 5.1 | पुनः उल्लघंन पर | 07 | 10,000/- |
| 6 | प्रायवेट फीकल स्लज वेंडर द्वारा अपने कर्मचारियों से बिना सुरक्षा उपकरणों के सेप्टिक टैंक खाली करवाने पर | 07 | 2000/- |
| 6.1 | पुनः उल्लघंन पर | 07 | 2000/- |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद करेली**

# सर्वाधिक राजस्व वसूली कर नगर निगम ने रचा नया इतिहास, राजस्व में ऐतिहासिक उछाल

## वित्तीय वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड वृद्धि, पिछले वर्षों के आंकड़े पीछे छूटे

कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर निगम कटनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व वसूली के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए नया इतिहास रच दिया है। निगम द्वारा संपत्तिकर, जलकर, किराया एवं अन्य मदों में की गई प्रभावी वसूली के चलते इस वर्ष अब तक की सर्वाधिक राशि 39.24 करोड़ जमा कराई गई है। जो विगत वर्ष की तुलना में 58.16 फीसदी अधिक है। निगमायुक्त तपस्या परिहार की सुदृढ़ रणनीति, सतत मॉनिटरिंग एवं सख्त कार्यवाही एवं वसूली को समय-समय पर दिये गए दिशा- निर्देशों के परिणामस्वरूप ही वसूली में यह उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करने में सफलता हासिल की जा सकी। विशेष बात यह रही कि इस वर्ष वसूली अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया गया, जिससे नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सकी। विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष राजस्व में भारी वृद्धि दर्ज की गई। संपत्तिकर, जलकर, किराया एवं अन्य मदों में अभूतपूर्व वृद्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि सुनियोजित रणनीति और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई लक्ष्य असंभव नहीं है।



नगर निगम की वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की तुलनात्मक वसूली अनुसार संपत्ति कर में वित्तीय 2024-25 में जहां 12.83 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे वहीं वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 16.47 करोड़ रुपये की वसूली की गई है, इसी प्रकार जलकर वसूली में वित्तीय वर्ष 2024-2025 में 4.4 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6.95 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। वहीं बाजार किराया राशि वित्तीय 2024-25 में जो 1.52 करोड़ रुपये प्राप्त हुई वहीं वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 1.71 करोड़ प्राप्त हुई है। जबकि विविध शुल्क के रूप में वित्तीय 2024-25 में जहां 5.1 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे वो इस वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 13.38 करोड़ रुपये जमा कराए गए है। वहीं भवन अनुज्ञा मद में इस वित्तीय वर्ष में 73 लाख रुपये जमा कराए गए है। इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष में राजस्व आय के रूप में 39.24 करोड रूपये जमा किये गए है जो विगत वर्ष की वसूली से 58.16 फीसदी अधिक है।

### अभियान बना गेमचेंजर, दिखा व्यापक असर

निगमायुक्त के निर्देशन में राजस्व वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया गया। वार्डवार टीमों का गठन कर घर-घर संपर्क किया गया। बकायेदारों को नोटिस जारी किए गए तथा आवश्यकतानुसार वारंट, तालाबंदी जैसी सख्त कार्यवाहियां भी अमल में लाई गईं। शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग, एनाउन्समेंट, बैनर एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से नागरिकों को कर अदायगी हेतु प्रेरित किया गया। उक्त समस्त कार्यवाहियों का व्यापक असर राजस्व वसूली अभियान के दौरान देखने को मिला।

### नवाचारों से बढ़ी करदाताओं की सहभागिता

नगर निगम द्वारा प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं एवं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्य डिजिटल भुगतान सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार, वार्डो बल्क मैसेज, ऑन-द-स्पॉट समाधान, अवकाश के दिनों में कैश काउंटर खुला रखकर बकाया कर जमा करने की सुविधा तथा नगर निगम कार्यालय, जोन कार्यालय, सहित बाजार क्षेत्रों एवं वार्डो में विशेष शिविर एवं लोक अदालतों का आयोजन कर करदाताओं को सरल एवं त्वरित सेवाएं प्रदान की गईं। इन नवाचारों के चलते नागरिकों में विश्वास बढ़ा और उन्होंने स्वेच्छा से बकाया कर जमा कर निगम प्रशासन का सहयोग किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय नगर निगम प्रशासन ने नगर के जागरूक करदाताओं एवं राजस्व वसूली टीम के समर्पित प्रयासों को दिया है। निगमायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है। उन्होंने कर्मचारियों अधिकारियों को आगे भी इसी तरह टीम भावना के साथ कार्य करने की नसीहत दी है। वित्तीय वर्ष की रिकॉर्ड वसूली से नगर निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है, जिससे शहर में सड़क, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों को निश्चित ही और अधिक गति मिल सकेगी।

# हर छात्र की शिक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध : विधायक पांडेय



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बहोरीबंद विकासखंड स्तरीय प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम संदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद में क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पांडे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विधायक द्वारा नवप्रवेशी छात्रों से विद्यालय फीता कटाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही नव प्रवेशी छात्रों के साथ सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विधायक द्वारा नव प्रवेश छात्रों को नि:शुल्क पाठ पुस्तको एवं साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय प्रभात पांडे ने कहा कि शासन हर एक छात्र के विद्यालय में प्रवेश के लिए कटिबद्ध है तथा छात्रों को पढ़ाई में कोई रुकावट ना आए। हम हर छात्र को विद्यालय मे प्रवेश कराएगे। ऐसे तो प्रथम देवासी नि:शुल्क पाठ पुस्तक नि:शुल्क साइकिल तथा शासन द्वारा विद्यालय में मध्यान भोजन प्रोत्साहन राशि एवं छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है मेरे क्षेत्र का कोई भी छात्र पढ़ाई से वंचित न रहे हर छात्र के साथ सहायता करने के लिए कटिबंध है जिससे दाखिला विद्यालय में हो सके और वह अपना अपना अध्यापन कार्य करके समाज में एक अच्छा नागरिक बन सके। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राकेश चौरसिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग, विद्यालय प्राचार्य हरि सिंह पटेल, बीआरसी प्रशांत मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुनील रत्नम, श्याम सुंदर सैनी, पूर्व सरपंच वीरेंद्र गुप्ता, वंदना पटेल, प्रीति चतुर्वेदी, अर्जुन पटेल, रामकुमार पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कटनी पुलिस के 2 अधिकारी सेवा-निवृत्त, सम्मानपूर्वक दी गई विदाई



कटनी (स्वतंत्रमत)

31 मार्च को कटनी पुलिस विभाग में दीर्घकालीन सेवाएं प्रदान करने वाले कटनी पुलिस के 02 अधिकारी कार्यवाहक सउनि दिनेश गौतम, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक रमाकांत दुबे के सेवा-निवृत्ति अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग कटनी के दोनों अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक दिनेश गौतम 12 अप्रैल 1986 को आरक्षक के पद पर एवं कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक रमाकांत दुबे द्वारा 08 मार्च 1986 को आरक्षक पद पर भर्ती होकर विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया गया। 31 मार्च को अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर दोनों अधिकारी एवं कर्मचारी सेवा-निवृत्त हुए। सेवा-निवृत्त के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की जाकर उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि दोनों अधिकारियों के पुलिस सेवा में अनुशासन, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता सर्वोपरि है तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों की सेवाएं विभाग के लिए सदैव अनुकरणीय रहेंगी।

# अवैध शराब के विरूद्ध कोतवाली पुलिस की एक साथ दो बड़ी कार्यवाही

## भारी मात्रा में छिपाकर रखी गई 01 लाख 60 हजार रू की 270 ली. देशी शराब व 12 लाख रु मूल्य की कार को किया जप्त

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा 31 मार्च को थाना कोतवाली क्षेत्र के चिन्हित किए गए शैडो एरिया का भ्रमण करते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने व अवैध मादक पदार्थों की धर पैकेज हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन शिकंजा के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के द्वारा अपनी टीम के साथ अलग-अलग स्थानों पर दबिश देते हुए भारी मात्रा में अवैध देशी शराब व अवैध शराब के परिवहन हेतु उपयोग की जा रही लग्जरी कार को रेड कार्यवाही के दौरान पकड़ने में सफलता प्राप्त की। मुखबिर की सूचना पर अल्फर्टगंज में रेड कार्यवाही- 31 मार्च की रात्रि में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अल्फर्टगंज कटनी में संदेही सत्यम जायसवाल अपने घर के बाड़ी में भारी मात्रा में देशी शराब रखकर बेच रहा है। कि सूचना पर तत्काल उनि. कुलदीप सिंह व स्टाफ को मुखबिर सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर देखा तो वहां संदेही खड़ा मिला जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम सत्यम जायसवाल पिता विजय कुमार जायसवाल उम्र 29 वर्ष नि. बी.डी. अग्रवाल वार्ड अल्फर्ट गंज कटनी का होना बताया। जो बोलने लगा कि खर्चा पानी के लिए कुछ देशी शराब बेच लेता हूं। स्टाफ के द्वारा उस स्थान की तलाशी लेने पर वहां कपड़े से ढ़के हुए देशी शराब के कुल 15 कार्टून मिले, जिन्हें खुलवाकर चैक करने पर प्रत्येक कार्टून में 180 एम. एल के 50-50 पाव कुल 750 रखे मिले, जिसकी कुल मात्रा 135 ली. कीमत 80 हजार रू है। आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का घटित करना पाए जाने पर मौके पर अवैध देशी मदिरा को जप्त किया गया एवं आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर थाना लाकर अप.क्र. 327/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया है। अवैध मादक पदार्थ के साथ पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र का आदतन अपराधी है, जिसके विरूद्ध थाना कोतवाली कटनी के अतिरिक्त थाना बड़वारा व विजयराघवगढ़ में कुल 13 अपराध दर्ज होना पाए गए है।





# परिजनों की डांट से व्यथित बालिका को ढीमरखेड़ा पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सभी थाना प्रभारी को गुम बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने के लिए निर्देशित किया गया है इसी के चलते थाना ढीमरखेड़ा पुलिस को एकदम बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी आंकाक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन मे थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व मे ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक बालिका की दस्तयाबी की गई। 31 मार्च को प्रार्थी ग्राम देवरी बिछिया निवासी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी 16 वर्षीय लडकी घर से बिना बताये कही चली गई जो प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 190/26 धारा 137 (2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर नाबालिक बालिका की तलाश पतासाजी की गई और मोबाइल लोकेशन के आधार पर बालिका की पतासाजी के प्रयास करने के लिए एक विशेष दल को रवाना किया गया। तत्पश्चात बालिका को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब किया गया और उसके परिजनों के सुपूर्द किया गया है। बालिका से घर छोड़कर जाने का कारण पूछने पर उसने बताया कि माता-पिता की डांट की वजह से वह नाराज होकर बिना बताए घर से चली गई थी।




# शहर की विभिन्न समस्याओं के संबंध में की चर्चा

कटनी (स्वतंत्रमत)



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के सचिव एवं मानवाधिकार परिषद कटनी के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ समाजसेवी मारूफ अहमद हनफी ने नगर निगम कमिश्नर तपस्या परिहार से भेंट कर शहर की विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा की। वर्तमान नगर निगम कमिश्नर तपस्या परिहार की कार्यशैली से शहर भली भांति परिचित हो चुका है। नागरिकों की प्रत्येक समस्या को सुनना और उस पर त्वरित कार्यवाही करके लोगों को राहत पहुंचाना उनकी विशेष पहचान बन चुकी है। चर्चा के दौरान कमिश्नर को अवगत कराया गया कि कटनी को स्वच्छता मैं नंबर वन लाने के लिए पूर्व में नियुक्त किए गए ब्रांड एंबेसडर एवं जनता के सहयोग से तथा नगर निगम के संयुक्त प्रयासों से शहर को काफी हद तक साफ सुथरा और सुंदर बनाने का अथक प्रयास किया गया था जिसमें काफी सफलता भी प्राप्त हुई थी। वर्तमान में कटनी स्वच्छता के मामले में काफी पीछे रह गया है, अत: पुन: समाजसेवी ब्रांड एंबेसडर्स का सहयोग लेकर शहर को स्वच्छ बनाने की पहल की जाए। आयुक्त महोदया ने शीघ्र ही इस संबंध में एक मीटिंग करने का आश्वासन दिया।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

## भाजपा सरकार की जन विरोधी नितियों को आम जनता तक पहुंचाएं

कटनी (स्वतंत्रमत)



जिला कांग्रेस ग्रामीण ने शहर में एक निजी होटल में जिले के नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उन्हें दायित्वों की बधाई दी। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह के संयोजन में आयोजित हुए कार्यक्रम में पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मार्गदर्शक डॉ. केएल जैन, शैलेन्द्र शुक्ला, गणेश राव, प्रियदर्शन गौर, नरेंद्र पौराणिक, अलोक जैन, वंश स्वरुप चौरसिया, रामनरेश त्रिपाठी, बीएम तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने उपस्थित जिले के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से जिला कांग्रेस ग्रामीण द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देकर सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया है वह बहुत ही सराहनीय है। वर्षों बाद कांग्रेस द्वारा जिला स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लेकर आज जाना है जिससे आने वाले समय में पंचायत स्तर से लेकर लोकसभा, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का परचम लहरा सके। साथ ही केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जन विरोधी नितियों को आम जनता तक पहुंचाएं आज हर आम व्यक्ति परेशान और निराश है और कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अजय गर्ग ने किया। इस दौरान जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, मौसूफ अहमद बिट्टू, अंशु मिश्रा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आंनद मिश्रा, नरेंद्र सैनी, विकास निगम, नदीम खान, संतोष पटेल, रविन्द्र सिंह, अजीत सिंह, गुड्डू बडगैया, मीतू शर्मा, संतोष पटेल, शुभम मिश्रा, सुशील जायसवाल, रवि सिंह, अंशुल सिंह, नीरज पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फिनो पेमेन्ट बैंक डिस्ट्रीब्यूटर आउटलेट की संस्था के बैंक से 13 लाख की नगद धनराशि चोरी करने वाला चंद घंटो में धराया

कटनी (स्वतंत्रमत)

माधव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राइवेट बैंक से लाखों की चोरी करने के मामले मे पुलिस को सफलता मिली है पुलिस कण्ट्रोल रूम पुलिस अधीक्षक ने पत्रकार वार्ता मे जानकरी देते हुए बताया की आवेदक अमित जैसवानी पिता स्व. गोपालदास जैसवानी उम्र 40 वर्ष नि. कैरन लाईन पानी की टंकी के पास थाना माधवनगर के रहने वाले है तथा आवेदक के द्वारा स्वयं के निवास स्थान में ही एजेंसी का काम करते है। आवेदक के प्रतिष्ठान से जिले केमाइक्रो फायनेंन्स एजेन्ट नगद राशि को देकर उनकी कंपनियो के पोर्टल (सी एम एस सर्विस) में नगद राशि को जमा करवाने का काम करते है आवेदक के द्वारा उक्त नगद राशि को विभिन्न बैंकों के माध्यम से नगद राशि को जमा करवा दिया जाता है राष्ट्रीय बैंक के वित्तीय वर्ष समाप्ति के दिन होने के कारण तथा बैंक में अवकाश होने के कारण आवेदक के पास लगभग 13 लाख रूपये के आसपास की नगद राशि रखी हुई थी जो कोई अज्ञात व्यक्ति लेकर चला गया है। आवेदक के द्वारा दी गई सूचना पर तथा प्रकरण की गंभीरता को ष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक कटनी के द्वारा तत्काल संज्ञान में लिया गया एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी डॉ. संतोष डेहरिया के निर्देशन में एवम नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में थाना माधवनगर से एक टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी तथा नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर तत्काल पुलिस कन्ट्रोल रूम कटनी, सीसीटीव्ही कन्ट्रोल कटनी तथा कटनी एवम आसपास के सरहदी जिलों के थाना प्रभारियों से स्वयं संपर्क स्थापित कर घटना के संबंध में सूचना दी गई। आवेदक की सूचना का आधार पर थाना माधवनगर में अपराध क्रमांक 300/2026 धारा 331(4), 305 (ए) बी.एन.एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के स्थल के आसपास उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों का विशलेषण किया गया जिसमें पाया गया कि घटना के सँभावित समय पर घटना स्थल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति जो कि घटना स्थल के आसपास देखा गया है जिसके संबंध में अन् विस्तत साक्ष्य का संकलन किया गया एवम उसकी पहचान स्थापित करने का प्रयास किया गया। विशवेषण के माध्यम से एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान स्थापिता की गई एवम सायबर सेल कटनी को भी अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने के संबंध में निर्देशित किया गया। प्रकरण केत्वरित पर्दाफाश करने हेतु थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के द्वारा टीम का गठन किया गया। जो विशवस्त सूत्रों से यह ज्ञात हुआ कि एक संदेही व्यकित जो कि उक्त घटना में सम्मिलित है तथा उसके जबलपुर दिशा की ओर अपने दो पहिया वाहन से जाने की जानकारी प्राप्त होने पर थाना प्रभारी स्लीमनाबाद एवम थाना प्रभारी सिहोरा को भी घटना की सूचना दी गई जो दोनों थानों के द्वारा अपने हमराह बल के माध्यम से घेराबंदी कर संदेही मगन यादव उर्फ राजवीर पिता छेदी लाल यादव उम्र 46 नि. केशरवानी आटा चक्की के पास, गली नंबर तीन, वार्ड नंबर 01 थाना कुठला जिला कटनी का होना बताया। आरोपी से चोरी गई नगद राशि में से 12,51,995 रूपये की राशि नगद, घटना में पहने हुये कपडे एवम चोरी की वारदात में प्रयुक्त हुई दो पहिया वाहन को जप्त किया गया है।





# प्रज्ञानानंदा ने चौथा राउंड ड्रॉ खेला

## विमेंस कैटगरी में दिव्या हारीं, पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे 8वें नंबर पर पहुंचीं



नई दिल्ली

साइप्रस के पाफोस में चल रहे एफआईडीई कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चौथे राउंड में जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ खेला। चौथे राउंड में दो मुकाबले ड्रॉ रहे और दो के रिजल्ट निकले। विमेंस में वैशाली रमेशबाबू ने रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ ड्रॉ खेला। वहीं, दिव्या देशमुख को चीन की झू जिनेर के खिलाफ हार मिली ।चौथे राउंड के बाद ओपन कैटेगरी में उज्बेक के ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव 3.5 पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना दूसरे, अनीश गिरी तीसरे और आर प्रज्ञानानंदा चौथे नंबर पर हैं। विमेंस कैटेगरी में चौथे राउंड के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली छठे और दिव्या सबसे नीचे 8वें नंबर पर हैं।

### गुकेश ने जीता था पिछला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी। तब गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट हर दो साल में होता है और इसका विजेता वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती देता है। ओपन कैटेगरी के विजेता का मुकाबला भारत के डी गुकेश से, जबकि विमेंस कैटेगरी की विजेता चीन की जू वेनजुन से होगा।

# मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ ने की महिला क्रिकेटरों के लिए वित्तीय मदद की घोषणा

भोपाल




मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) राज्य की उन महिला क्रिकेटरों को हर महीने वित्तीय मदद देने वाला है, जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मदद पाने के लायक नहीं हैं। यह फैसला सोमवार को एमपीसीए की मैनेजिंग कमिटी की बैठक में लिया गया। जहां इंटरनेशनल क्रिकेटरों को हर महीने 12,500 रुपये मिलेंगे, वहीं घरेलू खिलाड़ियों को अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से हर महीने 6,000 रुपये से 10,000 रुपये तक की मदद मिलेगी ।इस स्कीम में वे क्रिकेटर शामिल हैं जिन्होंने विमेंस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के साथ-साथ बीसीसीआई को भी रिप्रेजेंट किया है।75 साल से ज़्यादा उम्र के बेनिफिशियरी के लिए हर महीने एक्स्ट्रा 7,500 रुपये रखे गए हैं। पिछले सालों के कम डॉक्यूमेंटेशन की वजह से, एसोसिएशन के पास अभी तक प्लेयर्स की लिस्ट नहीं है, और पेमेंट एप्लीकेशन के आधार पर किया जाएगा। यह स्कीम 1 अप्रैल से लागू होगी। यह कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के नए फ़ैसले के मुताबिक है, जिसमें सीनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप में कर्नाटक को रिप्रेजेंट करने वाली और 55 साल से ज़्यादा उम्र की महिला क्रिकेटरों को हर महीने 15,000 रुपये की पेंशन दी जाती है ।बंगाल, गुजरात, बड़ौदा और विदर्भ वगैरह के क्रिकेटरों के लिए भी ऐसी ही पेंशन स्कीम हैं। बीसीसीआई अभी पूर्व इंटरनेशनल महिला खिलाड़ियों को हर महीने 52,500 रुपये की पेंशन देता है ।बीसीसीआई की पेंशन पॉलिसी के तहत, 2003 से पहले रिटायर हुई फर्स्ट-क्लास महिला क्रिकेटरों को 45,000 रुपये मिलते हैं, जबकि 31 दिसंबर, 1993 से पहले रिटायर हुए और 25 से ज़्यादा मैच खेलने वाले टेस्ट खिलाड़ियों को 70,000 रुपये दिए जाते हैं।2003-04 सीजन तक 50-74 मैच खेलने वाली महिलाओं को पेंशन के तौर पर 45,000 रुपये दिए जाते हैं, और 75 से ज़्यादा मैच खेलने वालों को हर महीने 52,500 रुपये दिए जाते हैं ।एमपीसीए कमेटी ने पुरुष क्रिकेटरों और अंपायरों की पेंशन बढ़ाने को भी मंजूरी दी ।रिटायर्ड पुरुष क्रिकेटर, जो बीसीसीआई पेंशन स्कीम के तहत नहीं आते हैं, उन्हें अब 7,000 रुपये (4 मैच तक खेलने के लिए), 10,000 रुपये (5-14 मैच) और 12,500 रुपये (15-24 मैच) मिलेंगे।

## श्रीलंका ने रयान वैन नीकर्क को बनाया बॉलिंग कोच

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने रयान वैन नीकर्क को दो साल के लिए श्रीलंका का नेशनल बॉलिंग कोच बनाया है ।बोर्ड ने गुरुवार को इस फ़ैसले की घोषणा की ।वैन नीकर्क, जो पहले 2023 से 2026 तक नीदरलैंड्स की नेशनल टीम के बॉलिंग कोच और अंतरिम हेड कोच के तौर पर काम कर चुके हैं, उन्हें सभी नेशनल टीमों में फ़ास्ट बॉलिंग की देखरेख के लिए बनाया गया है ।नीदरलैंड्स की टीम के साथ अपने समय के दौरान, उन्होंने टीम के डेवलपमेंट और तीन मेन्स वर्ल्ड कप में हिस्सेदारी की देखरेख की थी। इस बीच, जॉर्डन ग्रेगरी को नेशनल फील्डिंग और स्पिन बॉलिंग कोच के तौर पर अपॉइंट किया गया ।वह पहले नीदरलैंड्स क्रिकेट के लिए फील्डिंग कंसल्टेंट के तौर पर काम कर चुके हैं ।वह हाई परफॉर्मेंस सेंटर में सभी नेशनल टीमों में फील्डिंग और स्पिन बॉलिंग की देखरेख के लिए ज़िम्मेदार होंगे।

# वैभव को अभी शामिल करने की जल्दी न करें: अश्विन

**चेन्नई।** उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने जिस प्रकार आईपीएल के अपने पहले ही मैच में आक्रामक पारी खेली है। उसके बाद से ही कई दिग्गजों ने उसे राष्ट्रीय टीम में शामिल करने की मांग की है। वैभव ने पहले ही मैच में 15 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया था। वहीं पिछले सत्र में वैभव ने 35 गेंद में शतक लगाकर अपनी पहचान बनायी थी। उसके बाद से ही वह नये नये रिकार्ड बनाते जा रहे है। इसके बाद भी अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि वैभव अभी बच्चा है और उसे इतनी जल्दी राष्ट्रीय टीम में लाने की कोई जरुरत नहीं है, इससे उसपर बेवजह दबाव ही पड़ेगा। अश्विन ने कहा कि वैभव को शामिल करने में जल्दबाजी की जरुरत नहीं है



हालांकिवैभव को शामिल करने की मांग देश ही नहीं विदेश के दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों की तरफ से भी आई है।

# हार के बाद ऋषभ पर भड़के संजीव गोयनका

## प्रशंसकों को याद आया केएल राहुल वाला मामला

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम को आईपीएल के 19 सत्र में पहले ही मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली कैपिटल्स से मिली 6 विकेट की हार के बाद सुपर जाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका कप्तान ऋषभ पंत पर भड़क गये। जिससे एक बार फिर 2024 आईपीएल की यादें ताजा हो गयीं जब गोयनका उस समय कप्तान रहे के एल राहुल पर भड़क गये थे। इस बार दिल्ली के खिलाफ हुए मुकाबले में लखनऊ की बल्लेबाज बेबस नजर आयी और पूरी टीम 141 रन ही बना पायी। टीम अपने 20 ओवर



भी नहीं खेल पायी। सुपर जाएंट्स की इस हार के बाद का एक वीडियो सोशल मीडिया में आया है। इसमें टीम मालिक संजीव गोयनका ऋषभ और टीम के सहयोगी स्टार के साथ मैदान में बातें करते दिखे। वह क्या बात कर रहे हैं यह तो पता नहीं चहला है पर प्रशंसकों का मानना है कि वह अपनी भड़ास निकला रहे थे। आईपीएल 2024 के दौरान भी गोयनका का इसी प्रकार राहुल के साथ बहस करने का एक वीडियो भी आया था। उस वीडियो में गोयनका सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट से मिली हार के बाद राहुल पर भड़कते हुए दिखे थे। राहुल ने हालांकि कभी इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया पर उस सत्र के बाद उन्होंने टीम छोड़ दी थी।

# आंध्र प्रदेश, मिजोरम, दिल्ली, तेलंगाना कर्नाटक और छत्तीसगढ़ ने जीते अपने-अपने मुकाबले

**राजगीर।** 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 के दूसरे दिन गुरुवार को आंध्र प्रदेश, मिजोरम, दिल्ली , तेलंगाना और छत्तीसगढ़ ने अपने-अपने मैचों में शानदार जीत दर्ज की ।आज यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये दिन के पहले मैच में, हॉकी आंध्र प्रदेश ने डिवीजन सी के पूल ए में ले पुडुचेरी हॉकी के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की ।विजेता टीम की ओर से सूर्य गणेश कटारू प्रदीप ने (13वें), चैतन्य लंका चैतन्य येसु (19वें) और कप्तान मदुरु गंगा ने (27वें) मिनट में गोल किए ।ले पुडुचेरी हॉकी के लिए, दर्शन ने (58वें) मिनट में एकमात्र गोल



किया ।इसी डिवीजन में दिन के दूसरे मैच में, मिजोरम ने असम हॉकी को 6-0 से हराया ।जोसेफ मालसावमतलुआंगा ने (पांचवें', 33वें, 54वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाई, जबकि कप्तान मालसावकिमा ने (12वें), वनलालहमंगाइहा ने (38वें) और लालहमंगाइहुआला (48वें) मिनट में अपनी टीम के लिए गोल किए ।डिवीजन बी के पूल ए में, दिल्ली ने बंगाल के खिलाफ 9-1 से जीत दर्ज की ।आर्यन ने (चौथे', 14वें), कप्तान युवराज सिंह ने (10वें, 22वें), सुशांत सहरावत ने (26वें, 58वें) और सिद्धार्थ ने (29वें, 53वें) मिनट सभी ने दो-दो गोल किए, जबकि लव ने (24वें) मिनट भी उनके स्कोर में योगदान दिया ।वहीं, बंगाल के लिए आयुष प्रधान ने (13वें) मिनट में गोल किया ।इसी पूल में, तेलंगाना ने गुजरात को 20-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

# एयरटेल ने छुआ 65 करोड़ से अधिक ग्राहकों का आंकड़ा




**नयी दिल्ली।** देश की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने 65 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा छू लिया है ।एयरटेल ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में जीएसएमए के आंकड़ों के हवाले से बताया कि मोबाइल सब्सक्राइबरों के मामले में वह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी है जो भारत के अलावा अफ्रीकी देशों में भी सेवा प्रदान करती है ।अफ्रीका के 14 देशों में उसके 17.9 करोड़ ग्राहक हैं ।एयरटेल के कार्यकारी उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर 65 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा छूना कंपनी के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर आया है ताकि वह हर दिन अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा दे सके ।उन्होंने कहा कि कंपनी अत्याधुनिक तकनीकों में निवेश करते हुए केवल कनेक्टिविटी ही नहीं बल्कि एक सुरक्षित नेटवर्क भी प्रदान कर करती है ।उसका उद्देश्य अपनी उपस्थिति का विस्तार और नवाचार, विश्वसनीयता तथा अनुभव के मानकों को ऊंचा उठाना है ।मोबाइल ग्राहक आधार के आधार पर दूसरे सबसे बड़े टेलीकॉम ऑपरेटर के रूप में एयरटेल की रैंकिंग उसके वैश्विक स्तर पर निरंतर सुधार को दर्शाती है ।देश में एयरटेल के 36.8 करोड़ से अधिक सब्सक्राइबर हैं। इसके अलावा अब 1.3 करोड़ से अधिक घरों को हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं और डेढ़ करोड़ से अधिक ग्राहकों को डिजिटल टीवी सेवाएं प्रदान कर रही है।

# इंडिगो का कैडेट एएमई कार्यक्रम के लिए एसएएमई से करार

नयी दिल्ली

देश की प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने स्कूल फॉर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग (एसएएमई) को अपने कैडेट एएमई कार्यक्रम के लिए आधिकारिक प्रशिक्षण भागीदार चुना है ।इंटरग्लोबल समूह की कंपनी इंडिगो ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम उच्च संभावना वाले छात्रों की पहचान, प्रशिक्षण और उन्हें पेशे के लिए उपयुक्त एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर बनाने के लिए तैयार किया गया है, ताकि देश के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र की मांगों को पूरा किया जा सके ।एसएएमई भी इंटरग्लोबल द्वारा समर्थित है ।भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में से एक है ।देश में यात्री विमानों और हवाई यातायात में तेजी से वृद्धि हो रही है ।ऐसे में विमान के रखरखाव और मरम्मत के लिए कुशल कार्यबल की आवश्यकता भी बढ़ रही है ।प्रेस




विज्ञप्ति में कहा गया है कि कैडेट एएमई कार्यक्रम इस कमी का सीधा समाधान पेश करता है ।कैडेट्स को ऐसे वातावरण में प्रशिक्षित किया जायेगा जो वास्तविक परिचालन परिस्थितियों के अनुरूप हो, जिससे वे सक्रिय रखरखाव भूमिकाओं में सहज रूप से प्रवेश कर सकें ।इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज के ग्रुप सीईओ आदित्य पांडे ने कहा कि तेजी से बढ़ रहे भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए सक्षम एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरों की एक मजबूत और कुशल कार्यबल की आवश्यकता है ।इंडिगो के साथ कैडेट एएमई कार्यक्रम के लिए सहयोग इस महत्वपूर्ण प्रतिभा भंडार के निर्माण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है ।इंडिगो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) परिचय दत्ता ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है और वैश्विक विमानन विकास का एक प्रमुख चालक बनकर उभर रहा है। इंडिगो ने अगले दशक में 900 से अधिक विमानों के लिए ऑर्डर दिये हैं। एसएएमई के साथ मिलकर कैडेट एएमई कार्यक्रम शुरू करना समय के अनुकूल और रणनीतिक कदम है।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालों के भाव टूटे

**नयी दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल की औसत कीमत गिर गयी ।चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी नरमी देखी गयी जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा ।औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 47 रुपये घटकर 3,819 रुपये प्रति क्विंटल रह गया ।गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,789 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया ।आटे की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही रही ।दाल-दलहनों में नरमी रही ।उड़द दाल औसतन 67 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी ।चना दाल की कीमत 51 रुपये और मूंग दाल की 40 रुपये गिर गयी ।तुअर दाल 36 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई ।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जून का पाम ऑयल वायदा 25 रिंगिट चढ़कर 4,794 रिंगिट प्रति टन पर रहा ।मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.21 सेंट प्रति पौंड बोला गया ।स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 84 रुपये और सोया तेल की 47 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी ।मूंगफली तेल 125 रुपये और वनस्पति 93 रुपये सस्ता हुआ ।पाम ऑयल की कीमत 59 रुपये और सूरजमुखी तेल की 53 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी ।मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया।

## सोने और चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार का गिरावट आई। ये गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ट्रंप के ताजा बयान से आई है जिससें उन्होंने कहा है कि अमेरिका अब ईरान के खिलाफ अपने लक्ष्य हासिल करने के करीब है और ऐसे में हमले और तेज किये जाएंगा। इससे सुबह एमसीएक्स पर सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट रही। आज सुबह सोना 2228 रुपये प्रति 10 ग्राम फीसलकर 151480 रुपये जबक चांदी 10,225 रुपये नीचे आकर 233276 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। दूसरी और सोने और चांदी की कीमतों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी गिरावट रही है। सोना 1.98 फीसदी नीचे आकर 4,688 डॉलर प्रति औंस जबकि चांदी 5 फीसदी गिरकर 72.205 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गयी। वहीं यूएस फेडरल रिजर्व के रेट कम करने को लेकर अभी उम्मीदें नहीं हैं। इससे महंगाई का खतरा बना हुआ है। ऐसे में फेड सावधानी बरत रहा है और साल 2026 समाप्त होने से पहले ब्याज दरों में कमी की संभावना जतायी जा रही है। ट्रंप के बयान के बाद कमोडिटी और ग्लोबल फाइनेंशियल मार्केट्स में अस्थिरता बढ़ गई है, क्योंकि निवेशक बढ़ते युद्ध के खतरे को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं। डॉलर और बॉन्ड यील्ड में तेजी से सोना-चांदी पर दबाव बढ़ा है।

# रुपया बढ़त के साथ बंद

नई दिल्ली

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 30 पैसे की बढ़त के साथ ही 93.13 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 93.44 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह अपने सबसे निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.19 पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डॉलर के मुकाबले रुपए में तेज गिरावट के बीच बुधवार को अधिकृत डीलरों के लिए कई नए कदमों की घोषणा की जिसके बाद से ही रुपया संभला है ।आरबीआई ने निर्देश दिया है कि अधिकृत डीलर यानी विदेशी मुद्रा लेनदेन की अनुमति वाले बैंक अब रुपये से जुड़े नॉन-डिलीवेरेबल डेरिवेटिव (एनडीडी) अनुबंधों की पेशकश निवासी एवं अनिवासी ग्राहकों के लिए नहीं कर सकेंगे। हालांकि, अधिकृत डीलर बैंकों को डिलीवेरेबल विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव अनुबंध पेश करने की अनुमति जारी रहेगी, जिससे ग्राहकों को जोखिम से बचाव मिल सके। इसके साथ ही शर्त यह है कि ग्राहक इसके समानांतर नॉन-डिलीवेरेबल सौदे नहीं कर सकेंगे। इससे पहले, आरबीआई ने अधिकृत डीलर बैंकों के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में रुपए की नेट



ओपन पोजीशन (विदेशी मुद्रा में कुल खरीद एवं बिक्री के बीच का अंतर) पर 10 करोड़ डॉलर की सीमा भी तय की थी। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, मजबूत होते डॉलर और अस्थिर भू-राजनीतिक हालात के बीच बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव अब भी बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.62 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों में तेजी से बढ़कर 93.19 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 151 पैसे या 1.6 फीसदी की बढ़त दर्शाता है। रुपया सोमवार को कारोबार के दौरान पहली बार 95 के स्तर के पार चला गया था।

# हल्की बढ़त के साथ बंद शेयर बाजार

## सेंसेक्स 185, निफ्टी 33 अंक ऊपर आया

मुंबई।

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान पर अगले कुछ दिनों में हमले तेज करने की घोषणा के कारण आज सुबह बाजार की शुरुआत भारी गिरावट के हुई पर समय के साथ ही बाजार संभल गया और अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 185.23 अंक बढ़कर 73,319.55 पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी निचले स्तर से उबरते हुए 33.70 अंक ऊपर आकर 22,713.10 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान ही बाजार में आईटी शेयरों की तेजी से रिकवरी हुई। निफ्टी आईटी 2.60 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि निफ्टी रियल्टी 1.07 फीसदी, निफ्टी सर्विसेज 0.54 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.39 फीसदी, , निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.39 फीसदी, और निफ्टी एफएमसीजी 0.21 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स




0.93 फीसदी, , निफ्टी फार्मा 0.92फीसदी, , निफ्टी हेल्थकेयर 0.86 फीसदी, , निफ्टी ऑयलएंडगैस 0.79 फीसदी, , निफ्टी ऑटो 0.62 फीसदी, और निफ्टी इन्फ्रा में 0.45 की गिरावट रही। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, टाइटन, एक्सिस बैंक, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इंडिगो, एलएंडटी और एसबीआई के शेयर लाभ में रहे जबकि एशियन पेंट्स, सन फार्मा, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील के शेयर गिरे। लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में कमजोरी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 142.10 अंक की गिरावट के साथ 53,677.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 59.30 अंक नीचे आकर 15,650.50 पर था ।आज शुरुआती कारोबार में भारी गिरावट देखी पर सत्र के मध्य में मूल्य आधारित खरीदारी और रुपए में आई मजबूती के कारण बाजारों को बल मिला। रुपए ने पिछले 12 वर्षों में अपनी सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की। इसके चलते दोनों सूचकांक सकारात्मक स्तर पर बंद हुए। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स तकरीबन 900 अंक टूटकर 72,262 पर खुला। खुलते ही इसमें गिरावट लगातार बढ़ती गई। इसी तरह निफ्टी-50 भी फिसलकर 22,382 पर खुला और खुलते ही 22300 के नीचे आ गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में करेंगे 'महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

## उज्जैन साइंस सेंटर का होगा लोकार्पण, भारतीय ज्ञान परंपरा और माडर्न स्पेस टेक्नोलॉजी के समन्वय पर होगा वैश्विक मंथन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 3 अप्रैल को उज्जैन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल- द मास्टर ऑफ टाइम' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का तारामंडल परिसर में शुभारंभ करेंगे। साथ ही उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण भी करेंगे। सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला डिजिटल प्लेनेटेरियम परिसर में आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन और विचारक लेखक सुरेश सोनी भी शामिल होंगे। बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की पावन नगरी उज्जैन प्राचीन काल से ही काल गणना और खगोल विज्ञान के अनुसंधान की वैश्विक धुरी रही है। एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक और शोधकर्ता यहां बौद्धिक समागम के लिये एकत्रित हो रहे हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों, नीति-निर्माताओं तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को शोध और विचार प्रस्तुत करने का साझा मंच उपलब्ध कराएगा।



### वैज्ञानिक सोच को मिलेगा प्रोत्साहन

उज्जैन में 15 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित नव-निर्मित साइंस सेंटर में गैलरी ऑन साइंस, आउटडोर साइंस पार्क, इनोवेशन एवं स्टूडेंट एक्टिविटी हॉल, हेरिटेज थीम आधारित गैलरी और एग्जिबिट डेवलपमेंट लैब जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आमजन में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहन मिलेगा।

सम्मेलन में यूएवी (मानवरहित विमान), आरसी (रिमोट कंट्रोल) तकनीक और सैटेलाइट निर्माण जैसे विषयों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही सूर्य के सन स्पॉट का सुरक्षित अवलोकन, टेलीस्कोप से रात्रि आकाश का अध्ययन, विद्यार्थी-शिक्षक संवाद तथा अंतरिक्ष तकनीक आधारित प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित होंगे, जिनका उद्देश्य युवाओं में तकनीकी कौशल, नवाचार क्षमता तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। सम्मेलन म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

### उज्जैन-डोंगला को ग्लोबल मेरिडियन बनाने पर होगी चर्चा

उज्जैन से लगभग 35 किलोमीटर दूर डोंगला प्राचीन काल से खगोल एवं ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यहां से कर्क रेखा गुजरने के कारण इसे काल गणना का प्रमुख केंद्र माना जाता है। सम्मेलन में उज्जैन-डोंगला को वैश्विक मेरिडियन (मध्यान्ह रेखा) के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। राज्य सरकार उज्जैन को पुनः वैश्विक 'टाइम स्केल सेंटर' के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

### आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा का संगम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश स्पेस टेक्नोलॉजी और नवाचार के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। सम्मेलन में आधुनिक विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इनमें विकसित भारत में स्पेस इकोनॉमी की भूमिका, खगोल विज्ञान, एस्ट्रोफिजिक्स और कॉस्मोलॉजी की नवीनतम तकनीक, भारतीय काल गणना पद्धति का वैज्ञानिक आधार, कालचक्र की अवधारणा और स्पेस सेक्टर से जुड़ी रणनीतियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। तकनीकी सत्रों में देश-विदेश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इनमें नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत, इसरो के अंतरिक्ष उपयोग केंद्र के निदेशक डॉ. निलेश देसाई, राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान, भारतीय खगोल विज्ञान संस्थान बेंगलुरु की निदेशक डॉ. अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम और अन्य प्रतिष्ठित वैज्ञानिक शामिल होंगे।

# इंदौर में आधुनिक ग्रेडिंग एवं कलर सॉर्टिंग प्लांट का शुभारंभ कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम : कृषि मंत्री

### आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को मिलेगा उचित मूल्य

भोपाल।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि इंदौर जिले के ग्राम अरण्या में अत्याधुनिक ग्रेडिंग एवं कलर सॉर्टिंग प्लांट का शुभारंभ से क्षेत्र के किसानों एवं व्यापारियों के लिए आधुनिक तकनीक के माध्यम से बेहतर गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा तेज़ प्रोसेसिंग सुनिश्चित हो सकेगी। यह पहल कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में अहम कदम है। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कहा आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा तथा कृषि व्यापार अधिक संगठित और प्रतिस्पर्धी बनेगा। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे आधुनिक प्लांट किसानों को बेहतर ग्रेडिंग सुविधा प्रदान करेंगे, जिससे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच आसान होगी।मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि इस नई सुविधा से कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के साथ स्थानीय कृषि व्यापार को नई गति मिलेगी।



क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे कृषि विकास के लिए सकारात्मक कदम बताया है। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि आधुनिक ग्रेडिंग और कलर सॉर्टिंग प्लांट कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने के लिए उपयोग की जाने वाली एक उन्नत तकनीक है। इसमें कच्चे माल को हॉपर में डाला जाता है, जहाँ सफाई, ग्रेडिंग और रंग के आधार पर छंटाई की जाती है। इसमें फोटोसेंसर और हाई-स्पीड कैमरे लगे होते हैं जो खराब या रंगहीन दानों को पहचान कर उन्हें अलग कर देते हैं।यह गेहूं, चावल, चना, मूंगफली, तुलसी, कलौंजी, चिया सीड और किनवा जैसे विभिन्न अनाज और बीजों के लिए उपयोग किया जाता है। खराब, क्षतिग्रस्त या अलग रंग के दानों को हटाने से उत्पाद की ग्रेडिंग बेहतर होती है। बेहतरीन रंग और सफाई वाले अनाज की बाजार में अधिक कीमत मिलती है। मानव श्रम कम लगता है और शुद्धता अधिक होती है।

# तेज बारिश के बीच बाना छेदकर निकले जवारे

### कलेही माता दरबार में उमड़ी आस्था

हटा।

चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मां कलेही के प्रति गहरी आस्था देखने को मिली। तेज बारिश और पानी की बौछारों के बीच भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और वे भक्ति भाव के साथ जवारे लेकर माता के दरबार पहुंचे। नगर के झिरिया मुहल्ला से निकले जवारे विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। यहां नंदू पंडा के मार्गदर्शन में विधिविधान से पूजन, अर्चन और हवन किया गया। पूर्णिमा के दिन मां कलेही की आराधना कर भक्तों ने उपवास खोले और कई स्थानों पर कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालु भक्ति में सरोवर नजर आए।

जवारों की शोभायात्रा झिरिया मुहल्ला, सोसायटी रोड, मंदिर-मस्जिद चौराहा होते हुए मां कलेही के दरबार तक पहुंची। इस दौरान देवी भक्तों ने अपने गालों में बाना छेदकर अनूठी आस्था का प्रदर्शन किया। भक्तों का मानना है कि यह मां की शक्ति का प्रभाव हैए जिससे उन्हें किसी प्रकार की पीड़ा का अनुभव नहीं होता और वे पूरी तरह भक्ति में लीन रहते हैं। वहीं मगरोन स्थित मां कलेही मंदिर में भी सैकड़ों श्रद्धालु जवारे लेकर पहुंचे। आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के भक्तों ने मां को जवारे अर्पित कर विधिविधान से विसर्जन किया। महिलाएं सिर पर घट रखकर चल रही थीं। पंडा खप्पर लेकर जुलूस की अगुवाई कर रहे थे और नगाड़े-ढोल की धुन पर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।



बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था अडिग रही और जय माता दी के जयकारों के साथ भक्त मां के दरबार पहुंचे। मेले का भी आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उत्सव का आनंद लिया।

# लिपिक संघ की मांग पर अराजक तत्व पर दर्ज हुई एफआईआर

दमोह।

कलेक्टर दमोह के नकल शाखा में कार्यरत लिपिक कर्मचारी अफसर खान द्वारा मप्र लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ को लिखित पत्र देकर अवगत कराया गया कि शासकीय कर्तव्य निर्वाह के दौरान अराजक तत्व अबरार खान पिता बाबू खान द्वारा धमकी देते हुये नियम विरूद्ध तत्काल नकल नहीं लेने के कारण उसके द्वारा पिछले डेढ़ माह से मेरे विरुद्ध लगातार सूचना के अधिकार का दुरु उपयोग कर मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है। यह मुझे शासकीय सेवा से अलग कराने की धमकी देता है एवं नौकरी बचाये रखने के लिये 5 लाख रूपये की माग भी कर रहा है।

सघ ने सूझबूझ से अपने लिपिक साथी को प्रताड़ना से मुक्ति हेतु अफसर खान के उक्त पत्र पर तत्काल कार्यवाही करते हुए कलेक्टर के नाम प्रांतीय संरक्षक राकेश हजारी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों को मामले के तत्काल जाच कर एफआईआर दर्ज करने के लिये आदेशित किया।



एडीसनल एसपी, एसडीएम, सीएसपी, टीआई कोतवाली दमोह के निर्देशन में प्रताड़ित लिपिक के आवेदन एवं कवाहों की उपस्थित में अराजक तत्व पर शासकीय कार्य में बाघा एवं अन्य सबधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। लिपिक संघ के प्रांतीय संरक्षक राकेश सिंह हजारी ने बताया कि इसके पूर्व किसी पत्रकार के सूचना के अधिकार के दुरूपयोग से ब्लेकमेल किये जाने की घटना से प्रताड़ित होकर राजेश त्रिपाठी नामक शासकीय सेवक ने मौत को गले लगा लिया था। आज उनका परिवार दर-दर की ठोकरें खा रहा है। जिला अध्यक्ष राजीव बडकुल ने सभी लिपिक भाई-बहनों एवं समस्त शासकीय कर्मचारियों से ऐसी ब्लेकमेलिंग के षडयंत्र कर्ताओं के विरूद्ध लिपिक अफसर खान की तरह आवाज उठाने की अपील की है।

ज्ञापन के समय लिपिक साथियों सहित शिक्षा विभाग, पीडब्लयूडी, स्वास्थ्य विभाग के लिपिक साथियों के साथ-साथ अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी सचिव राममिलन उपाध्याय भी शामिल हुए। आभार मप्र लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष राजीव बड़कुल ने किया। कलेक्टर एवं प्रशासन का धन्यवाद माना जिनके त्वरित संज्ञान से पीडित लिपिक साथी को राहत प्राप्त हुई एवं सभी कर्मचारियों को अपनी सुरक्षा की अनुभूति प्राप्त हुई।

### पांजी मोड़ पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

**हटा।** पाजी मोड़ पर गुरुवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और राहगीरों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। जानकारी के अनुसार पुरुषोत्तम पिता विष्णु बंसल 25 वर्ष एवं कमलेश पिता रामकुल बंसल 40 वर्ष निवासी कईखेड़ा, हटा से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे चकरदा निवासी वीरेंद्र पिता झुर्री रजक 48 वर्ष की बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**दमोह।** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र में एक युवक पर धारदार हथियार से हमला किया किया गया। इस घटना में दलू पटेल गंभीर रूप से घायल हुआ है। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले का आरोप भाजपा नेता पथरिया नगर पंचायत अध्यक्ष सुंदर विश्वकर्मा के भतीजे सोनू विश्वकर्मा पर लगा है। घटना के संबंध में बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 7 निवासी दयाराम उर्फ दलू पटेल पर उनके घर में घुसकर सिर पर बका से हमला किया गया। इससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।


**श्री राम जानकी मंदिर न्यास बुधुआ तहसील सिहोरा जबलपुर (म.प्र.)**

दिनांक- 02/04/2026

**कृषि भूमि नीलामी सूचना**

एतद द्वारा आम ग्राम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री राम जानकी मंदिर बुधुआ, ग्राम बुधुआ तहसील सिहोरा जिला जबलपुर की कृषि भूमि ग्राम बुधुआ प.ह.नं. 8, रा.नि. मंडल खितौला में स्थित खसरा नम्बर 108, 209, 213,227, 397,525 रकवा क्रमशः 11.78, 3.36, 0.47, 0.74,0.21, 0.60 कुल रकवा 17.16 हैक्टेयर में से भूमि (बगीचा खसरा क्र.209 रकवा 3.36 हैक्टेयर छोड़कर), शेष रकवा 13.80 हैक्टेयर ग्राम डाबू प.ह.नं. 8 रा.नि. मंडल खितौला में स्थित भूमि खसरा नं. 59 रकवा 4.63 हैक्टेयर एवं ग्राम भाटादौन प.ह.नं. 7 रा.नि. मंडल खितौला में स्थित भूमि खसरा नं 427 रकवा 1.04 हैक्टेयर भूमि कुल रकवा 19.47 हैक्टेयर यानि 48.67 एकड़ सिंचित भूमि की नीलामी कृषि हेतु आगामी कृषि वर्ष, 2026-27,2027-28,2028-29 तीन वर्षों के लिए किया जाना है। प्रत्येक कृषि वर्ष 1 जुलाई से प्रारंभ होकर 30 जून को समाप्त होता है। नीलामी बोली में भाग लेने के इच्छुक बोलीदार नियत दिनांक 14/04/2026 दिन मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे से 05:00 बजे तक श्री राम जानकी मंदिर परिसर बुधुआ में नीलामी बोली में भाग ले सकते है। ध्यान रहे समयावधि समाप्त हो जाने के उपरांत एवं उचित नीलामी बोली न आनें के कारण नीलामी बोली की अवधि बढ़ाई जा सकती है। नीलामी बोली में भाग लेने के इच्छुक कृषक बंधु नीलामी की शर्तों और अन्य जानकारी के लिए श्री राम जानकी मंदिर न्यास बुधुआ, सिहोरा के खितौला बाजार तिराहे पर स्थित कार्यालय में सचिव श्री भूप लालजी सोनी मोबाइल न. 9340868713 से सायं 4.00 बजे से 6.30 बजे सायं तक सम्पर्क कर सकते है।

(नित्य निरंजन खम्परिया)
अध्यक्ष
श्री राम जानकी मंदिर न्यास
बुधुआ, सिहोरा, जबलपुर


# जल संरक्षण के लिए दीवार लेखन से जागरूकता अभियान को मिली गति

**दमोह।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था जन सरोकार समाजसेवी समिति बटियागढ़ द्वारा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु दीवार लेखन का कार्य किया गया। इस रचनात्मक पहल के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया




ष्जल है तो कल है जल बचाएं.जीवन बचाएं। संस्था का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक जल के महत्व को समझे एवं जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाए। दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता फैलाकर लोगों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**दमोह।** एडीएम मीना मसराम ने जानकारी देते हुए बताया 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) के सुचारू संचालन हेतु मार्च-अप्रैल 2026 में फील्ड ट्रेनरोंद्धका तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को डेटा संग्रहण, ऐप आधारित गणना प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

### नवोदय वार्ड में अतिक्रमण का आरोप वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन

**हटा।** नगर के नवोदय वार्ड में तार फेंसिंग कर अतिक्रमण किए जाने के मामले को लेकर वार्डवासियों ने प्रशासन से शिकायत की है। गुरुवार को रहवासियों ने एसडीएम, तहसीलदार एवं नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाने और आम रास्ता बहाल कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि रजिस्ट्री के समय मुख्य मार्ग की चौड़ाई 15 फीट दर्शाई गई थी जो मोहल्ले के नक्शे में भी स्पष्ट रूप से अंकित है।

बावजूद इसके मनोज सराफ, संजय सराफ एवं उनके परिजनों द्वारा तार फेंसिंग कर रास्ते पर अतिक्रमण कर लिया गया है। साथ ही वहां दो टीनशेड भी रख दिए गए हैं।


**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित मदर टेरेसा नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक Jr. LIG 201 श्री अखिलेश कुमार चौकसे पिता श्री बलराम चौकसे को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 02.08.2008 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री अखिलेश कुमार चौकसे पिता श्री बलराम चौकसे का निधन दिनांक 26.05.2023 को हो गया है। उनकी पत्नि श्रीमती अंजना चौकसे पति स्व. श्री अखिलेश कुमार चौकसे के द्वारा नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**


# प्रभारी मंत्री ने सरई में मल्टीस्पेशियलिटी मेगा स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन

**भोपाल।** सरई के संदीपनी विद्यालय मैंदान में आयोजित मल्टीस्पेशियलिटी मेगा स्वास्थ्य शिविर का प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों से मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। प्रभारी मंत्री स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बिमारियों जैसे नाक-कान-गला, सामान्य मेडिसन, हृदय रोग, श्वास एवं क्षय रोग (राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम), चर्म रोग, नेत्र रोग, मानसिक स्वास्थ्य, स्त्री रोग, सर्जरी एवं कैंसर, हड्डी रोग तथा दंत चिकित्सा कुष्ठ रोग स्क्रीनिंग, कैसर स्क्रीनिंग, क्षय रोग स्क्रीनिंग, जैसी सेवाएं के लिये लगाये कैम्प का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उपचार की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को आगे के उपचार के लिए चिन्हित किया गया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। मल्टीस्पेशियलिटी मेगा स्वास्थ्य शिविर के दौरान प्रभारी मंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने संतुलित आहार का स्वाद चखा और उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी ली। नवरात्रि के पावन अवसर पर मंत्री श्रीमती उइके ने कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



कार्यक्रम में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इसके साथ ही उन्होंने शिविर में उपस्थित गर्भवती महिलाओं से संवाद किया, उनकी सेहत और देखभाल से जुड़ी जानकारी ली तथा उन्हें और उनके आने वाले बच्चों के स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर, जबलपुर (म.प्र.)**

**// द्वितीय निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO-21 Date 06/04/2026 2026_UAD_496866_1 | पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड अंतर्गत श्री सुरेश ज्वेलर्स के पीछे नाली निर्माण कार्य। (महापौर पद) | 03 माह<br>2.86 लाख | 2,000/-<br>2860/- | 20/04/2026 |
| 2. | PRO-21 Date 06/04/2026 2026_UAD_496866_2 | पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड अंतर्गत गणेश होटल के सामने गर्ग लाईट तक मार्गो के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य (महापौर मद) | 03 माह<br>4.98 लाख | 2,000/-<br>4983/- | 20/04/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोककर्म**
**नगर निगम, जबलपुर**

# निर्णायक मोड़ पर ओबीसी आरक्षण मामला 27 अप्रैल से नियमित होगी सुनवाई

## मप्र हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच जारी किए आदेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राज्य की पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने से उपजे विवाद को लेकर दाखिल हुई याचिकाओं पर मप्र हाईकोर्ट में अब 27 अप्रैल से नियमित सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रांसफर किये गए मामलों पर मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीज़न बेंच ने गुरुवार को ये निर्देश दिए हैं। सुनवाई के लिए दोपहर 12.30 बजे का समय तय किया गया है। इन मामलों के साथ 87-13 प्रतिशत की विवाद की भी सुनवाई होगी। गौरतलब है कि अशिता दुबे व 11 अन्य की ओर से दायर इन मामलों में प्रदेश की पूर्ववर्ती कमलनाथ सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत



किये जाने को चुनौती दी गई है। प्रदेश सरकार ने 8 जुलाई 2019 को ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण 27 प्रतिशत किये जाने के संबंध में विधानसभा से बिल पारित करके उसका गजट नोटिफिकेशन 17 जुलाई 2019 को प्रकाशित किया था। आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाए जाने को इन मामलों में असंवैधानिक और सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के खिलाफ बताया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसफर किए केस

मप्र हाईकोर्ट द्वारा की जा रही सुनवाई के खिलाफ ओबीसी आरक्षण से जुड़े सभी मामलों को सुप्रीम कोर्ट ने अपने पास बुला लिया था। सुप्रीम कोर्ट के 20 अगस्त 2024 के आदेश पर मप्र हाईकोर्ट ने 2 सितम्बर 2024 को ये सभी 10 मामले ट्रांसफर कर दिए थे। इसके बाद 19 फरवरी 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने इन मामलों को वापस मप्र हाईकोर्ट को ट्रांसफर कर दिया था।

गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अशिता दुबे की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी, ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, अधिवक्ता वरुण ठाकुर, मप्र सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, सुको के वरिष्ठ अधिवक्ता केएम नटराज, अतिरिक्त महाधिवक्ता बीडी सिंह हाजिर हुए।



# अत्याचार के मामलों में दोषियों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही: कलेक्टर

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनिटरिंग समिति की गुरूवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के व्यक्तियों पर अत्याचार के मामलों में संवेदनशीलता बरतने तथा दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध त्वरित और सख्त कार्यवाही कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई

### राहत राशि के वितरण में गति लाने के निर्देश

इस बैठक में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सीके दुबे, समिति के अशासकीय सदस्य जिला पंचायत सदस्य सुनीता दाहिया एवं एकता ठाकुर आदि उपस्थित रहे। कलेक्टिर श्री सिंह ने बैठक में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के व्यक्तियों पर अत्याचार के दर्ज प्रकरणों में पीड़ित पक्ष को राहत राशि के वितरण में गति लाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने पीड़ितों को राहत राशि के वितरण में आने वाली कठिनाइयों पर भी विस्तार से चर्चा की तथा उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में अत्याचार के प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र न होने की स्थिति में अजाक थाने से सूची प्राप्त कर संबंधित एसडीएम के माध्यम से पीड़ित व्यक्तियों के जाति प्रमाण पत्र शीघ्र बनवाने के निर्देश भी दिये गये।

## पहाड़ काटकर बनाई कॉलोनी, बिल्डरों पर लगा 4 करोड़ रूपए का अर्थदण्ड

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राझुझी तहसील के अंतर्गत ग्राम भड़पुरा में शोभापुर पहाड़ी के स्वरूप में परिवर्तन करने तथा बिना अनुमति के मिट्टी, मुरम और बोल्डर का खनन कर आवासीय कॉलोनी के निर्माण में उपयोग करने के प्रकरण में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कॉलोनाइजर सीओडी कॉलोनी निवासी अभिलाष तिवारी एवं भूमि स्वामी न्यू शोभापुर निवासी शोभना सिंह, मुकेश सिंह, महेश सिंह, नरेंद्र सिंह, रागिनी सिंह एवं रमेश सिंह के विरुद्ध 4 करोड़ 08 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रकरण में पारित आदेश में तय समय के भीतर अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर वसूली के लिये आरआरसी जारी करने तथा इसके बावजूद भी अर्थदंड की राशि जमा नहीं किये जाने की स्थिति में तहसीलदार के माध्यम से कुर्की की कार्यवाही करने के आदेश खनिज अधिकारी को दिये हैं। कलेक्टर कोर्ट में यह प्रकरण ग्राम भड़पुरा में पटवारी हल्का नम्बर 02 की खसरा नम्बर 391/13 क एवं अन्य खसरे की 4.24 हेक्टेयर भूमि में से 2.58 हेक्टेयर निजी भूमि पर अवैध उत्खनन और कॉलोनी निर्माण किये जाने की प्राप्त शिकायत पर तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं खनिज निरीक्षकों द्वारा संयुक्त निरीक्षण के बाद दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर प्रारंभ किया गया था।

### कलेक्टर ने जारी किया आदेश

राजस्व एवं खनिज विभाग को टीम ने जांच कर इस प्रकरण में भूमि स्वामी नरेंद्र सिंह ठाकुर के पुत्र निशांत सिंह एवं कॉलोनाइजर अभिलाष तिवारी द्वारा खनिज का अवैध भंडारण किये जाने पर एक हजार घनमीटर मुरम एवं एक हजार घनमीटर बोल्डर के लिये 50 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित करना प्रस्तावित किया था। जिसके आधार पर भूमि स्वामियों और कॉलोनाइजर को नोटिस जारी तथा सुनवाई के बाद कलेक्टर कोर्ट ने आदेश जारी कर 50 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया था। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी रांझी एवं जिला खनिज अधिकारी ने अपने प्रतिवेदन में उल्लेख किया था कि बिना अनुमति उपयोग किये गये 13 हजार 600 घनमीटर खनिज (मिट्टी, मुरम और बोल्डर) की 6 लाख 80 हजार रुपये की रॉयल्टी की पंद्रह गुना 1 करोड़ 02 लाख रुपये अर्थदण्ड के रूप में तथा पर्यावरण क्षतिपूर्ती के 1 करोड़ 02 लाख रुपये और इस प्रकार कुल 2 करोड़ 04 लाख रुपये की राशि, एक हजार रुपये के प्रशमन शुल्क के साथ कॉलोनाइजर तथा भूमि स्वामियों से जमा कराकर प्रकरण का निराकरण किया जा सकता है।

# जलकर खाक हुई कई एकड़ में फैली फसल

### पड़रिया क्षेत्र में लगी भीषण आग



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गर्मी बढ़ने के साथ ही खेतों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। ताजा मामला गौर क्षेत्र का है, जहां पड़रिया के पास स्मार्ट टाउन से सटे खेतों में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और किसान अर्पित पटेल व दीपक पटेल के करीब 15 से 20 एकड़ में खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। घटना गुरुवार दोपहर की है। बताया जा रहा है कि इस आगजनी से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही ग्रामीणों और किसानों ने हिम्मत दिखाते हुए कल्टीवेटर चलाकर आग को फैलने से रोकने की कोशिश की। फायर फाइटर अजय कुमार शर्मा के अनुसार, टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे आगे बढ़ने से रोका। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन इस घटना ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है।

## बिजली कर्मचारी महासंघ ने किया धरना प्रदर्शन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेशव्यापी आंदोलन के तृतीय चरण एक दिवसीय धरना प्रदर्शन शक्तिभवन मुख्यालय बेरियर के पास हनुमानजी के सुंदरकाण्ड पाठ से आरंभ हुआ। इस दौरान राजकुमार नायक ने अपने वक्तव्य से कर्मचारियों से संबंधित प्रमुख मांगो संविदा कर्मचारियों को नियमित, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए हरियाणा और उत्तरप्रदेश की तर्ज पर कंपनी का गठन किया जाए, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन प्रशासन के कोषालय से की जाए इत्यादि 11 सूत्रीय मांगों को पूर्ण करने के लिए प्रशासन से मांग रखी। मांगों के पूर्ण नहीं होने की दशा पर 16 अप्रैल को प्रदेश की राजधानी भोपाल में विशाल धरना प्रदर्शन किये जाने की चेतावनी दी । इस दौरान उमाकांत मालवीय, सुशील मिश्रा, हरिसिंह मरावी, किशोरी रैकवार, राकेश रमन रैकवार, अजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे ।

## डॉ. अल्पना सिंह बनी कृषि महाविद्यालय की डीन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की प्रोफेसर डॉ.अल्पना सिंह को कृषि महाविद्यालय का डीन बनाया गया । डॉ. सिंह ने भाभा एटोमिक एवं जायका इंटरनेशनल परियोजना में अनुसंधान कार्य किया है। उनके द्वारा 80 रिसर्च पेपर, 3 पुस्तकें,10 तकनीकी बुलेटिन, 40 लेख प्रकाशित हो चुके हैं। उन्हें 10 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड से सम्मानित भी किया जा चुका है। डॉ. अल्पना सिंह को डीन की जिम्मेदारी मिलने से अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे,डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. स्वाती बार्चे, डॉ. जीके कौतु, डॉ. टीआर शर्मा, डॉ. विजय यादव, डॉ. ए.के. जैन, संजू तिवारी, डॉ. अजय खरे, डॉ. अमित शर्मा, एसके जैन,डॉ. वायएम शर्मा सहित विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने स्वागत सम्मान कर बधाई दी।

## मेडिकल छात्र से मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

*जबलपुर ( स्वतंत्र मत )। गढ़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के एक छात्र को निशाना बनाकर तीन अज्ञात बदमाशों ने मोबाइल लूटने की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल नंबर 4 में रहने वाला 18 वर्षीय छात्र मेहुल साकेत 1 अप्रैल की रात करीब अपने दोस्त मयंक वर्मा के साथ पैदल शास्त्रीनगर जा रहा था। जब वह मेडिकल रोड पर सड़क के दूसरी ओर चल रहे था, तभी पीछे से एक सफेद रंग की एक्टिवा पर सवार तीन युवक आए। बाइक की रफ्तार धीमी करते ही बीच में बैठे युवक ने मेहुल के हाथ से उसका सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल झपट लिया और शास्त्रीनगर की ओर रफूचक्कर हो गए।*

# बाइक सवार पर पलटी घास के बंडलों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली

### पाटन क्षेत्र में हुआ हादसा, चालक गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।





शहर से 30 किलोमीटर दूर पाटन चौराहे पर गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर दो बाइक सवारों के ऊपर पलट गई। एक व्यक्ति ने कूदकर जान बचा लगी, पर दूसरा चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर-ट्राली पर लदे घास के बंडलों के नीचे दबे युवक को बाहर निकाला और पाटन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

हालत नाजुक होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल युवक ग्राम कांटी का रहने वाला है। वह दोस्त के साथ जबलपुर जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर ट्राली में घास के बंडल लोड थे, जिन्हें पाटन से मनेरी प्लांट ले जाया जा रहा था। चौराहे पर पहुंचते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और ट्राली पलट गई। बाइक सवार रोहित चौधरी और उसका दोस्त ट्राली पर लदे घास के बंडलों के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों ने फौरन पास ही खड़ी जेसीबी की मदद से ट्राली को हटाया और उसमे दबे रोहित निकाला। लोगों का कहना है कि चौराहे पर ब्रेकर ना होने के कारण अक्सर वाहन तेज रफ्तार में होते हैं, जिसके चलते घटना होती हैं।

### ब्रिज टूटने से बढ़ा दबाव

इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक राकेश को वहां पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि सुबह करीब 9 बजे गांव से निकला था और मनेरी जा रहा था। चौराहे पर मोड था, जिसके चलते यह पलट गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जब से जबलपुर-भोपाल मार्ग में पड़ने वाले शहपुरा का ब्रिज टूटा है, तब से इस रोड पर ट्रैफिक का दवाब बढ़ गया है। अक्सर यहां पर हादसे हो रहे हैं। कई बार स्थानीय प्रशासन और पुलिस को जानकारी देते हुए मांग की गई है कि डिवाइडर या फिर ब्रेकर बनवा दें पर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

## बुजुर्ग महिला को डराकर जेवर ले उड़े ठग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खितौला थाने के अंतर्गत रेलवे फाटक के पास रहने वाली 60 वर्षीय लक्ष्मी पटेल के साथ जालसाजों ने चतुराई से सुरक्षा का झांसा देकर बुजुर्ग महिला के जेवरात उतरवाए और पलक झपकते ही फरार हो गए। 1 अप्रैल की सुबह लक्ष्मी अपने घर के सामने मवेशियों के कोठे की साफ-सफाई कर रही थीं। जब वह गोबर और कचरा फेंकने सड़क किनारे पहुंचीं, तभी काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक वहां आकर रुके। युवकों ने महिला को डराते हुए कहा, आपने गले में सोना पहना है, कोई गला काट देगा या लूट लेगा, इसे निकालकर घर में रख दो। बदमाशों की बातों में आकर डरी हुई महिला ने तुरंत अपने गले से सोने की आठ गुरिया वाला मंगलसूत्र उतार लिया। ठगों ने उन्हें हाथ की अंगूठी भी उतारने को कहा। जब महिला ने गहने उतारकर हाथ में रखे, तो बाइक सवारों ने देखने के बहाने करीब 50 हजार रुपये कीमत का मंगलसूत्र और एक अंगूठी अपने हाथ में ले ली। जेवर हाथ लगते ही दोनों ने अपनी मोटरसाइकिल स्टार्ट की और रेलवे फाटक की ओर तेजी से भाग निकले। दोनों आरोपियों ने अपने चेहरे मास्क और टोपी से ढके हुए थे। खितौला पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# तनाव मुक्त करता है गीत-संगीत

## गुंजन कला सदन के तत्वावधान में संगीतमय शाम का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

गीत-संगीत लोगों को थकान और तनाव से मुक्त करते हैं। भारतीय संगीत और गीत, गजल, भजन, लोकगीत न सिर्फ हमारे देश में वरन विश्व में लोकप्रिय हो रहे हैं। उपरोक्त आशय के विचार गुंजन कला सदन द्वारा गुरूवार को शहीद स्मारक भवन में आयोजित एक ही कलाकार श्रृंखला के अंतर्गत गायक रंजन सूर्यवंशी के गीतों की निशा में अतिथि वक्ताओं ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों सेठ बालकिशन, यमेश चौधरी, आशीष रस्तोगी एवं राजेश दीवान ने व्यक्त किए। राजेश पाठक प्रवीण बबलू मैथ्यूज, मुन्ना गुर्जर एवं धर्मपाल विश्वकर्मा ने मंगल भाव व्यक्त किये। दीप प्रज्ज्वलन से प्रारंभ कार्यक्रम में गायक रज्जन सूर्यवंशी का परिचय दिया गया।

### नए पदाधिकारियों की घोषणा

*प्रारंभ में गुंजन के नए पदाधिकारियों की घोषणा सुरेश सराफ द्वारा की गई। गुंजन मध्य प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु तिवारी, नगर अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, युवा गुंजन के अध्यक्ष विवेक सोनी तथा महिला गुंजन की अध्यक्ष इंदिरा पाठक तिवारी घोषित की गई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में रज्जन सूर्यवंशी ने देर रात्रि तक भजन लोकगीत गजल और फिल्मी गीतों के गायन से दर्शक- श्रोताओं को मंत्र मुग्ध रखा। इस अवसर पर रज्जन सूर्यवंशी को अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत डॉ रजनीश गर्ग, विजय जायसवाल, अभय जैन, आलोक पाठक, विक्रम परवार, प्रदीप जैन, राजीव गुप्ता, सोमश सराफ आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं आभार लायन नरेन्द्र जैन ने व्यक्त किया।*



## यात्री यातायात से पमरे को मिला 2581.29 करोड़ राजस्व

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में यात्री यातायात में निरंतर वृद्धि दर्ज की गई है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष में यात्री यातायात से 2581.29 करोड़ से अधिक का ओरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 2431.15 करोड़ की तुलना में 6.18 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान आरक्षित एवं अनारक्षित श्रेणी मिलाकर कुल 1159.50 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जो गत वर्ष की समान अवधि के 1087.43 लाख यात्रियों की तुलना में लगभग 7 प्रतिशत अधिक है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**